CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33⁰C
न्यूनतम: 24⁰C

मुरादाबाद, गुरुवार 25 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 41 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रियंका गांधी की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया पेज 2



आईसीसी टी-20 रैंकिंग: भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार खेल टाइम्स




कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग सम्पादकीय



फिनलैंड के राष्ट्रपति बोले- भारत उभरती हुई ताकत पेज 12

## जम्मू-कश्मीर की 4, पंजाब की एक रास सीट के लिए 24 अक्टूबर को चुनाव

**नई दिल्ली।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से चार तथा पंजाब से एक राज्यसभा सीट के लिए 24 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बारे में छह अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 13 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 अक्टूबर तक की जाएगी और उम्मीदवार द्वारा 16 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने बताया कि राज्य सभा की द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया के तहत 24 अक्टूबर को इन सभी पांच सीटों को भरने के लिए सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से वोटों की गिनती का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## महाराष्ट्र के पांच जिलों में बाढ़, आठ लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं।

## आतंकी पन्नू के विरुद्ध NIA ने किया नया मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** एनआईए ने अमेरिका स्थित आतंकी और अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के महासचिव गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की है। पन्नू पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरे बयान देने और हिंसा भड़काने का आरोप है। नए एफआईआर के अनुसार, पन्नू ने कथित रूप से सिख सैनिकों को स्वतंत्रता दिवस पर श्री मोदी को लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोकने के लिए उकसाया था।

## सोनू सूद ईडी के सामने हुए पेश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद प्रतिबंधित एप 1एक्सबेट से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी का विशेष दल अभिनेता से पूछताछ कर रहा है और यह पूछताछ सात-आठ घंटों तक चल सकती है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और 'गंदी बात' वेब सीरीज की अभिनेत्री आवेशी जैन से भी पूछताछ की गई थी।




चंडीगढ़: एयरफोर्स स्टेशन में 'मिग-21 ऑपरेशनल फ्लाइंग समापन समारोह' से पहले रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान। मिग-21 को 26 सितम्बर, 2025 को होने वाले समारोह में छह दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा।

# दिल्ली में कांड करके भागा चैतन्यानंद

## पूर्व कॉलेज प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप, 17 छात्राएं बोलीं- अश्लील मैसेज भेजे, जबरन छूता था

शाह टाइम्स ब्यूरो

- फैकल्टी कहती थी, उसकी बात मानो-एफआईआर दर्ज,
- शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से एक वॉल्वो कार जब्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ।

छात्राएं इंस्टीट्यूट में ईडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप के तहत पीजीडीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कर रही हैं। चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है। पुलिस को यूपी के आगरा में उसकी लोकेशन मिली है। दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपियों से मिलाया था। कार पर यूनाइटेड नेशन (यूएन) की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर यूएन से जारी नहीं हुआ था। उसने खुद ही -शेष पृष्ठ दो पर

# लद्दाख में भड़की हिंसा, 4 की मौत

## 72 घायल, राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने भाजपा ऑफिस जलाया

लेह, वार्ता

**केंद्र शासित** प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने बताया कि लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह जिले में जानमाल की हानि रोकने के लिए कर्फ्यू लगाया गया।

भाजपा ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। उधर, प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है। ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई। हिंसा के बाद वांगचुक ने अनशन तोड़ते हुए कहा कि यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन -शेष पृष्ठ दो पर








### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बोले-जनता के साथ नाइंसाफी

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और एनसी के विधायक तनवीर सादिक ने लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सरकार की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्ण राज्य की मांग (स्टेटहुड) बहाल नहीं किया गया, सिर्फ इसलिए कि बीजेपी चुनाव नहीं जीत पाई। यह जनता के साथ नाइंसाफी है।

### लद्दाख महोत्सव भी रद्द

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने चार दिवसीय लद्दाख महोत्सव के अंतिम दिन का कार्यक्रम रद्द कर दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि स्थिति के चलते समापन समारोह को रद्द करना पड़ा है। हम स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक समूहों, पर्यटकों और आम जनता से क्षमा चाहते हैं।

### लेह में पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर लगा प्रतिबंध

लेह में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार लेह में पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।

- शहर में मार्च-रैली बैन, सोनम वांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने CRPF की गाड़ी में भी लगाई आग
- सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ जुटाई, 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का किया था आह्वान

# रेलवे कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट

## मंत्रिमंडल ने किया 78 दिन के बोनस का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल कर्मचारियों को दीपावली पर 78 दिन का बोनस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मंत्रिमंडल ने 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता-आधारित बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपये के भुगतान को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता-आधारित बोनस का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा या दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है और इस वर्ष भी, लगभग 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस का भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना था कि बोनस का भुगतान रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के लिए लवे कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए एक -शेष पृष्ठ दो पर

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने व हटाने का प्रोसेस बदला

- ई- वेरिफिकेशन जरूरी, रजिस्टर्ड नंबर पर ओटीपी आएगा

**नई दिल्ली।** वोटर लिस्ट से नाम हटाने-जोड़ने के लिए अब ई-वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए चुनाव आयोग (ईसी) ने अपने पोर्टल और एप पर एक नया 'ई-साइन' फीचर शुरू किया है।

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने या उस पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा। इससे सुनिश्चित होगा कि आवेदन करने वाला वही व्यक्ति है, जिसका नाम या नंबर इस्तेमाल किया गया है।यह मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 सितम्बर से पहले ई-वेरिफिकेशन जरूरी नहीं था।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होंगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए संभावित डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 17 फरवरी से 15 जुलाई, 2026 के बीच आयोजित होने वाली हैं।

इस अवधि के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए मुख्य परीक्षाएं, खेल छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं, 12वीं की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यह पहली बार है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का पहला संस्करण 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का दूसरा संस्करण 15 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों के लिए पहले चरण की परीक्षा देना अनिवार्य होगा, लेकिन अगर छात्र अपने अंक सुधारना चाहते हैं तो दूसरे चरण की परीक्षा में भी शामिल हो सकते हैं।

## मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर की पांच हजार व स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए स्नातकोत्तर की पांच हजार सीटें और स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों/स्टैंडअलोन पीजी संस्थानों/सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है ताकि 5,000 स्नातकोत्तर की सीटें और एमबीबीएस के लिए 5,023 सीटें बढ़ाई जा सकें।


# राहुल गांधी हाइड्रोजन-यूरेनियम बम फोड़ने वाले हैं: जयराम

पटना, वार्ता

- आजादी के बाद पहली बार पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई

**आजादी के बाद** पहली बार 24 सितम्बर को पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी समेत कांग्रेस के सीनियर लीडर मौजूद रहे। बैठक करीब साढ़े 4 घंटे तक चली। 51 लोगों ने बैठक को संबोधित किया। मीटिंग में 2 प्रस्ताव पारित किए गए।

एक राजनीतिक प्रस्ताव था। दूसरा बिहार की जनता से अपील। मीटिंग के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि, तेलंगाना में सितम्बर 2023 में ऐसी ही सीडब्ल्यूसी की मीटिंग हुई थी और 2 महीने के अंदर कांग्रेस की सरकार बनी थी। अब पटना में काउंटडाउन शुरू हो चुका है। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने वाली है। राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला, वो अभियान जारी रहेगा। आगे एक महीने में राहुल गांधी मिनी हाइड्रोजन बम, हाइड्रोजन बम, यूरेनियम बम सहित अलग-अलग बम फोड़ने वाले हैं। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीजेपी नीतीश कुमार को मेंटली रिटायर्ड मान चुकी है। वो उन्हें बोझ मानती है। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी, किसान, बाढ़ को लेकर एनडीए पर निशाना साधा। वोटर वेरिफिकेशन को लेकर चुनाव आयोग को घेरा। तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रधानमंत्री को फेल बताते हुए कहा कि पीएम के दोस्तों की वजह से आज देश संकट में है।



## राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वोट चोरी' के मुद्दे पर घेरते हुए बुधवार को उन पर फिर निशाना साधा और कहा कि यह अच्छी बात है कि उनकी सलाह पर वह मतदाता सूची को ज्यादा पारदर्शी बना रहे हैं, लेकिन यह भी बताएं कि वोट चोरी करने वालों को कब पकड़ेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ज्ञानेश जी, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया - अब चोरों को भी पकड़ेंगे, तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तराखंड में पेपर लीक की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हैरानी जताई कि बच्चे 15-15 घंटे तैयारी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार में बैठे लोग 15 लाख रुपए लेकर पर्चे लीक करवा रहे है। श्रीमती वाड्रा ने एक अभ्यर्थी की पीड़ा को उधदृत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा-हम लाइब्रेरी में 15-15 घंटे पढ़ रहे हैं, ये 15-15 लाख में पेपर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां सवाल सिर्फ एक उम्मीदवार की पीड़ा का नहीं, उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर युवाओं का यही दर्द है। आज बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत जहां भी भाजपा सरकार में है, वहां बड़े पैमाने पर पेपर लीक करवाए जा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है और प्रधानमंत्री मूकदर्शक बने हुए हैं।

### रूस के उप प्रधान मंत्री ने किया ताजमहल का दीदार

**आगरा।** रूस के उप प्रधान मंत्री दिमित्री पत्रुशेव ने बुधवार को प्रेम की अद्वितीय धरोहर ताजमहल की बेमिसाल खूबसूरती का दीदार किया। पत्रोशेव ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर करीब दो बजे ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। वह ताज की खूबसूरती को करीब एक घंटे तक निहारते रहे। इस मौके पर जमकर फोटो सेशन कराया और ताजमहल के इतिहास के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल की।

## योगी ने जीएसटी रिफॉर्म को लेकर व्यापारियों और ग्राहकों से किया संवाद

# 33 जीवन रक्षक दवाएं जीएसटी से मुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इसी तरह



■ बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया

ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है, जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। उन्होंने दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया।

### योगी ने अस्पताल जाकर ओम प्रकाश राजभर से की वार्ता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में जाकर वहां भर्ती कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुलाकात के दौरान योगी के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। राजभर के दोनों बेटों अरविंद राजभर और अरुण राजभर से पूरी जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेदांता अस्पताल में भर्ती प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर सरकार के कई मंत्री उनसे मिलने अस्पताल पहुंच चुके हैं।

### जीएसटी रिफार्म मोदी का युगांतकारी फैसला: सुधांशु

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि जीएसटी का रिफार्म देश के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक युगांतकारी फैसला है जिसका असर भविष्य में देश की अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव के तौर पर देखने को मिलेगा। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में श्री त्रिवेदी ने जीएसटी रिफार्म के फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि जीएसटी 2-0 से देश के हर वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग जीएसटी को राजनीतिक फैसला बता रहे हैं वो ग़लत है। उनको राजनीतिक चश्मे से बाहर आकर इसकी सरहाना करनी चाहिए।

## एकजुटता से ही हो सकती है पीडीए की हिफाजत: अखिलेश



■ पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी

**लखनऊ।** पंजाब में रहने वाले यादव जाति के लोगों द्वारा पिछड़ा वर्ग से निकाल कर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में जन्मी पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी है।

एकजुटता की शक्ति ही उनकी क्षतिपूर्ति और हिफाजत कर सकती है। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिखा कि उप्र से जन्मी पीडीए की जनचेतना अब पूरे देश के 'पीड़ित, दुखी, अपमानित' समाज के लिए अपने सम्मान, अधिकार, आरक्षण, पिछड़ेपन के दंश व दमित स्तर से उबरने के लिए संघर्ष की नई आवाज बन गई है। जो लोग जहां भी संख्या में कम हैं वो भी जान गए हैं कि एकजुटता की शक्ति ही उनकी संख्या की कमी की क्षतिपूर्ति करने में सक्षम होगी और उनके हक की हिफाजत करने में भी। जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा और उत्पीड़न ही आया है, और ऐसे लोग हर समाज में हैं। इसीलिए 'जो पीड़ित वो पीडीए' के सैद्धांतिक सूत्र से एक-सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब ये संकल्प उठाया है कि 'पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे, हम अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे। वहीं एक दिन पूर्व गोंडा के स्थानीय विधायक और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के बीच जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जनसम्पर्क के दौरान हुए बवाल को लेकर भी अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

## समुद्री क्षेत्र परिवहन के लिए 69,725 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली, वार्ता

समुद्री क्षेत्र के सामरिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए 69,725 करोड़ रुपए के एक दीर्घावधिक व्यापक पैकेज को मंजूरी दी।

इस पैकेज के पूरी तरह क्रियान्वित होने पर जहाजरानी और समुद्री परिवहन क्षेत्र में 4.5 लाख करोड़ का नया निवेश आकर्षित होने तथा रोजगार के 30 लाख नए अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मांमलों के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पैकेज घरेलू क्षमता को मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करने, नए और पहले से चल रहे शिपयार्डों के विकास को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षमताओं और कौशल को बढ़ाने और एक मज़बूत समुद्री बुनियादी ढांचा बनाने के लिए कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधारों को लागू करने हेतु तय किए गए महत्वपूर्ण दृष्टिकोणों को परिलक्षित करता है।

इस निर्णय के बारे में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पैकेज के तहत, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा, जिसकी कुल राशि 24,736 करोड़ रुपए होगी। इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ शिपब्रेकिंग (पुराने पोतों को तोड़ने वाले उद्योग) के लिए ऋण सुविधा भी शामिल है।

## क्षमता निर्माण, मानव संसाधन विकास पर 2277.397 करोड़ खर्च करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के व्यय को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने पंद्रहवें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग/वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद योजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सीएसआईआर द्वारा कार्यान्वित की जा रही है और देश भर के सभी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों को कवर करेगी। यह पहल विश्वविद्यालयों, उद्योग, राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में करियर बनाने के इच्छुक युवा, शोधकर्ताओं के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करेगी।

## मैं तो अपनी बीवी का नंबर भी भूल गया

### अखिलेश से फोन की बात के सवाल पर बोले आजम खान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान कल मंगलवार को सीतपुर जेल से 23 महीने बाद जमानत पर रिहा होकर अपने घर रामपुर पहुंचे। आज बुधवार को मीडिया से बात करते हुए आजम खान ने कई सवालों के जवाब दिए। जब उनसे पूछा गया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखलेश यादव ने कभी फोन नहीं किया, तो इस सवाल पर आजम खान ने कहा कि आप यकीन करिए मुझे दुनिया में सिर्फ मेरी बीबी का नंबर याद था, मैं वो भी भूल गया। मेरे पास फोन ही नहीं था।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान ने कहा कि हमारे पास एक चरित्र नाम की चीज है। लोग प्यार करें और इज्जत करें, मैं कोई बिकाऊ नहीं हूं। सपा नेता आजम खान ने अखिलेश यादव के सपा सरकार में मुकदमे वापस लेने वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। सपा नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। आजम खान ने कहा जहां तक मुकदमों का सवाल है उन मुक. दमों में अगर कोई दम होता, तो मैं आज बाहर नहीं दिखता। छोटी अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मुझे इंसाफ मिलने की उम्मीद है, एक दिन मैं बेदाग हो जाऊंगा। इसके साथ ही जब उनसे पूछा गया कि अखिलेश यादव ने आपकी रिहाई का स्वागत किया है, तो आजम खान ने कहा कि वह मेरी पार्टी के बड़े नेता हैं, मेरे जैसे छोटे आदमी के लिए अगर कुछ बात कहेंगे, तो उनका बड़प्पन है। जब उनसे पूछा कि पार्टी के शीर्ष नेता आपसे मुलाकात करने नहीं आए हैं और स्थानीय सांसद भी मिलने नहीं आए हैं, तो इस पर क्या कहेंगे। इस सवाल पर सपा नेता ने आजम खान ने कहा कि यही कहेंगे कि सब खैरियत से रहें।



सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90



सोना रु. 113428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 134712
प्रति किलो



# लगातार चौथे दिन भी टूटे शेयर बाजार

### सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई

मुंबई, वार्ता

ऑटो, आईटी और रियलिटी शेयरों में तेज बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 386.47 अंक लुढ़ककर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह 81,607.84 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 112.60 अंक टूटकर 25,056.90 अंक पर रहा। यह दोनों का 11 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। रियलिटी, ऑटो और आईटी के साथ निजी बैंकों, धातु, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों पर भी दबाव रहा। सिर्फ एफएमसीजी सेक्टर में तेजी रही, जिसमें पिछले कुछ समय से



बिकवाली हावी थी। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.67 प्रतशित गिरकर बंद हुआ। बीईएल में 2.24 फीसदा, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.52, टेक महिंद्रा में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.13 और एक्सिस बैंक में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी में भी गिरावट रही। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 1.63 प्रतिशत की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और एनटीपीसी दोनों के शेयर 1.31 फीसदी चढ़े। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में जिन 3,134 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 2,056 में गिरावट और 993 में तेजी रही, जबकि 85 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर बिकवाली की ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.07 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी टूट गया। एशिया में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.83 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही और जर्मनी का डैक्स 0.20 प्रतिशत तथा ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत नीचे था।

## सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** बुधवार को नवरात्र के तीसरे दिन देशभर में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सोने की कीमतों में लगातार तेजी आज थम गई है। रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद 24 सितंबर को सोने की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोना 0.36 फीसदी टूटकर 1,13,428 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। चांदी में भी 0.26 फीसदी की गिरावट देखी गई। ये 1,34,712 रुपए प्रति किग्रा पर है। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,700 रुपए बढ़कर 1,18,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपए बढ़कर 1,18,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## चावल नरम, खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़, गेहूं और चीनी स्थिर

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए। वहीं गेहूं में टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी के दाम भी कमोबेश स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 37 रिंगिट चढ़कर 4,380 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 10 रुपए टूटकर 3,853 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 2,849.71 रुपए प्रति क्विंटल पर स्थिर रहे। आटे की कीमत चार रुपए बढ़कर 3,303.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल 31 रुपए और सूरजमुखी तेल 13 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल के भाव लगभग स्थिर रहे। अन्य खाद्य तेलों में गिरावट रही। वनस्पति 25 रुपए और पाम ऑयल 16 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत भी करीब 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत सात



रुपए बढ़ गई। उड़द दाल में 49 रुपए और मूंग दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। मसूर दाल और चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई जबकि चीनी भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7929.45 रुपए, मसूर काली 8156.29 रुपए, मूंग दाल 10102.50 रुपए, उड़द दाल 10414.39 रुपए, अरहर दाल 10616.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.71 रुपए और चावल 3852.74 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली में...**

लिखवाया था। दिल्ली स्थित शारदा इंस्टीट्यूट कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठ की शाखा है। पीठ ने पूरे मामले पर बयान जारी कर कहा कि स्वामी चैतन्यानंद का आचरण और गतिविधियां अवैध और पीठ के हितों के खिलाफ हैं, इसलिए पीठ का उससे कोई संबंध नहीं है। दिल्ली पुलिस के मुता. बिक, मठ और उसकी संपत्तियों के एडमिनिस्ट्रेटर पीए मुरली ने चैतन्यानंद के खिलाफ 4 अगस्त को शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। इनमें से 17 ने चैतन्यानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपी से मिलवाया था। पुलिस ने चैतन्यानंद के ठिकानों पर छापेमारी की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 75(2)/79/351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के बेसमेंट में एक वॉल्वो कार खड़ी मिली। पता चला कि फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट 39 यूएन 1 वाली कार स्वामी चैतन्यानंद इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने कार जब्त कर ली।

**लद्दाख में...** तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं। इन मांगों को लेकर अगली बैठक दिल्ली में 6 अक्टूबर को होगी। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे। लेह हिल काउंसिल के सामने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा रखे थे। जब आंदोलन कारी आगे बढ़े, तो पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, लेकिन भीड़ ने पुलिस की गाड़ी जलाई और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक ने कहा कि मुझे सही तो नहीं पता कि कौन से हथियार प्रयोग किए गए, रबर गोली का तो सुना था। हालांकि, हमारे कई युवा मारे गए हैं। इससे लगता है कि असली गोली भी चलाई गई है। आगे की रणनीति पर कहा कि गुरुवार को जब गृह मंत्रालय के बड़े अधिकारी आएंगे, तो देखेंगे कि वो हमारी बात सुनते हैं कि पहले की तरह अनसुना करते हैं। हम पिछले 5 सालों से शांति और अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे थे, अगर वो सुनी जाती, तो युवाओं को सड़कों पर नहीं आना पड़ता। जब शांतिपूर्ण रास्ता मजाक बन रहा था, तो ये रास्ता अपनाया। सोशल मीडिया पर आंदोलन को जेन-जी रिवोल्यूशन बताने की वायरल वीडियो पर सोनम ने कहा कि मैंने जेन-जी रिवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया। लेह में हुई हिंसा पर सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा कि आज जो हुआ वो बहुत दुखद है। कहा जा रहा है कि 3-4 युवक मारे गए हैं। लेह एपेक्स बॉडी के अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने कहा कि शहर में भारी गोलीबारी हुई। इसमें कई लोग घायल हुए और अब तक 4 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने बताया, लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) की युवा इकाई लद्दाख बंद का आयोजन किया था। अनशन पर बैठे 2 लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। इसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। कुछ युवाओं ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया कि लेह में पहले से लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।जिले में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**रेलवे कर्मचारियों...**

प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस की अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारियों को दी जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 टन माल लादा और लगभग 7.3 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

## सेबी के फैसले समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों को मान्यता

**नई दिल्ली।** अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने बुधवार को राष्ट्र निर्माण के प्रति समूह की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हिंडनबर्ग आरोपों के मामलों में सेबी के फैसलों ने समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों पर मुहर लगा दी है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पिछले सप्ताह दो अलग-अलग फैसलों में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के जनवरी 2023 में लगाए गए आरा. पों को गलत बताते हुए अडानी समूह की कंपनियों को क्लीनचिट दे दी थी। अडानी ने शेयरधारकों को आज एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सिर्फ अडानी समूह की आलोचना से परे, भारतीय उद्यमों के वैश्विक स्तर पर खुद को स्थापित करने के सपनों को चुनौती दी गई थी। समूह के लिए यह एक परीक्षा की शुरुआत थी, जिसने हमारे संचालन के तौर-तरीकों, हमारे उद्देश्य और इस सोच को चुनौती दी कि भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर सबसे आगे हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सेबी के अंतिम फैसलों से सत्य की जीत हुई है, जिसका उद्देश्य समूह को कमजोर बनाना था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वन गुर्जरों पर जुल्म के विरोध में भाकियू

## शिकार के आरोप में जेल गए वन गुर्जरों को बेगुनाह बताया, थाने पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन





**फिरोज बेग**

**रेहड़।** अमानगढ़ वन रेंज में टाइगर का शिकार के आरोप में वन विभाग द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच वन गुर्जरों को बेगुनाह बताते हुए भाकियू टिकैत मैदान में आ गई है। बाकियों के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वन गुर्जर एवं किसान आज स्थानीय थाने पर पहुंचे। उन्होंने षड्यंत्रकारियों को गिरफ्तार करने एवं बेगुनाहों को रिहा करने की मांग की। लेकिन मामला वन विभाग का होने की वजह से किसान नेता और वन गुर्जर वन विभाग के अधिकारियों से मिलने के लिए चले गए। वह काफी गुस्से में थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार दलालों और शैतानों की साजिश का शिकार वन गुर्जर हो गए हैं। जिससे क्षेत्र में गुस्सा भड़क रहा है। पिछले दो दिनों से वन गुर्जर बेहद परेशान है। वन कर्मियों द्वारा उनके घरों में की गई तोड़फोड़ से वह काफी गुस्से में है। आज सुबह वादीगढ़ चौराहे पर भाकियू टिकैत के किसान नेताओं ने वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ को दिये ज्ञापन में वन गुर्जरों पर दर्ज झूठा मुकदमा खारिज किए जाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि मांग पूरी न होने पर वन विभाग के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। उनका कहना है कि एक गुनाहगार ने अपने साथी के साथ मिलकर उनके खिलाफ साजिश रची है। गुनाहगार व उसके षड्यंत्रकारी साथी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उनसे पूछताछ की जानी चाहिए कि यह हड्डियां कहां से आई है और किसकी हड्डी हैं। न तो वन गुर्जरों ने टाइगर का शिकार किया है और न ही उन्हें यह पता है कि यह हड्डी किसकी है और किसने रखी थी। यह हड्डियां पता नहीं कहां से लाई गई थी। उनके घरों से कोई हड्डियां बरामद नहीं की गई है।

गौरतलब है कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज में कथित रूप से टाइगर का शिकार करने की गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार रात वन विभाग की टीम ने गांव अलीगंज निवासी वन गुर्जर मौहम्मद असलम पुत्र ताज मौहम्मद के घर छापेमारी कर ढाई किलोग्राम जानवर की हड्डियां बरामद करने का दावा करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया था। वन विभाग की टीम ने उनके घर में काफी तोड़फोड़ की थी। जबकि वह बाहर से आए थे। उनके पास रेल का टिकट भी मौजूद था। इसके बाद वन विभाग की टीम ने गांव ठेरी में वन गुर्जर शमशेर अली के डेरे पर छापेमारी की थी। शमशेर अली के डेरे से टीम ने नौ किलोग्राम जानवर की हड्डियां बरामद करने का दावा करते हुए शमशेर अली, उसके बेटे शराफत व रुस्तम तथा भतीजे अशरफ अली को गिरफ्तार किया था। शिकार करने के शक में गिरफ्तार किए गए वन गुर्जरों को रविवार को जेल भेज दिया गया था। तब से वन गुर्जर वन विभाग की इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं, उनका आरोप है कि उनकी ही बिरादरी के एक व्यक्ति ने षड्यंत्र रचकर रंजिशन पांच निर्दोष लोगों को इस मामले में फंसाया है। मंगलवार शाम वन गुर्जरों ने वादीगढ़ चौराहे पर भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए उनसे मदद की गुहार लगाई थी। भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारियों ने वन गुर्जरों को सहयोग का भरोसा दिया था। आज सुबह भाकियू (टिकैत) वन गुर्जरों के समर्थन में खुले तौर पर मैदान में उतर आई।

भाकियू टिकैत के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा एवं ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में वादीगढ़ चौराहे पर वन गुर्जरों के समर्थन में भाकियू (टिकैत) ने वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर को संबोधित एक ज्ञापन वन दरोगा रवि कुमार को सौंपा। जिसमें टाइगर का शिकार करने के आरोप में जेल भेजे गए पांचों वन गुर्जरों को बेगुनाह बताते हुए शीघ्र उनका मुकदमा खारिज किए जाने की मांग की गई। इसके साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी नही हुई तो रेहड़ स्थित वन विभाग के कैंप कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। वन गुर्जर और किसान काफी गुस्से में थे। उनका कहना था कि षडयंत्रकारियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उनसे पूछे जाना चाहिए कि यह हड्डियां कहां से आई थी और किस जानवर की हड्डी है। वन गुर्जर हमेशा से वन संपदा और जानवरों की रक्षा करते हैं। वह वनों को कभी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। उनके खिलाफ घिनौनी साजिश रची गई है। साजिश रचने वालों को बेनकाब किया जाना जरूरी है।

इस दौरान भाकियू टिकैत के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, राणा सैनी, रमेशचंद्र शेखावत, देवेंद्र कौशिक, मुख्तियार सिंह, बिरसा सिंह, संजय शर्मा, शकील कुरैशी, युसूफ कुरैशी, वन गुर्जर ताज मौहम्मद, मुस्तफा, अब्दुल रहीम, गुलाम नबी, मौ. यूसुफ, शेरा, यामीन, सत्तार, नजीर अली, इमाम हुसैन आदि मौजूद रहे।

## युवती की अश्लील वीडियो वायरल करने वाले पिता-पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट

**बिजनौर।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के निवासी वन गुर्जर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम झूलोखत्ता ठेरी निवासी अब्दुल कादिर पुत्र इनाम अली पिछले एक महीने से उसकी पुत्री को ब्लैकमेल कर रहा था। आरोपित उसकी पुत्री के फोटो से वीडियो बनाकर उसे शादी के लिए मजबूर कर रहा था। पुत्री ने उसकी बात मानने से इंकार किया, तो उसने फोटो से बनी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जिससे दूसरी जगह की जा रही उसकी शादी का रिश्ता टूट गया। आरोपित लगातार धमकी दे रहा है कि उसकी शादी कहीं और भी नहीं होने देगा। उसने आरोपित युवक के पिता से शिकायत की, तो उसने भी अपने पुत्र का पक्ष लिया। आरोपित पिता-पुत्र आये दिन लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। उन्होंने वन गुर्जरों का जीना हराम कर दिया है। आरोपी युवक के पिता पर टाइगर का शिकार करने के आरोप में जेल भेजे गए पांच वन गुर्जरों को षडयंत्र के तहत फंसाने का भी आरोप है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पीड़ित वन गुर्जर की तहरीर पर आरोपित युवक अब्दुल कादिर और उसके पिता इनाम अली निवासी गांव झूलोखत्ता ठेरी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बेहद गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। बताया जाता है कि आरोपी युवक एक स्थानीय दलाल के संपर्क में था। वह इस दलाल के साथ मिलकर बेगुनाहों का उत्पीड़न कराता है। वन गुर्जर उससे काफी खौफजदा है। वन गुर्जरों के परिवार की महिलाएं व बेटियां भी परेशान हैं। वन गुर्जरों का कहना है कि योगी सरकार को इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। इनके मोबाइल की कॉल डिटेल की जांच होनी चाहिए, जिससे पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। वन अधिकारी के मोबाइल की भी कॉल डिटेल की भी जांच होनी चाहिए। किसान नेताओं का कहना है कि गुलदार लगातार किसनों व उनके परिवार को शिकार बना रहे हैं, लेकिन वन विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### एक नजर

## राम बारात धूमधाम से निकली



**अफजलगढ़।** आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा नगर में राम बारात शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल थी। बड़े शिव मंदिर से राम बारात का शुभारंभ किया गया, जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई बड़े शिव मंदिर पर संपन्न हुई। अखाड़ा कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के करतब दिखाए गए। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष सुमित राठी, कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार सहित पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इस मौके पर आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नितिन के अलावा समाजसेवी हरिश्चंद्र कर्णवाल, विकास जैन, भाजपा नेता अतुल अग्रवाल, अतुल कुमार जैन, शरद करनवाल, संजय लोहिया, विनीत महेश्वरी, विश्वास शर्मा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा नेता भीम सिंह रावत, शंकर सिंह सिंघल, संजय जोशी, गोपाल सिंह, रमन सिंह, सतीश लाहोरी, सुशील रस्तोगी, मनोज विश्नोई, सुमित तेंगुरिया, आनंद वीर रस्तोगी, डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, उमेश अग्रवाल, सचिन शिकारी, विनय जैन, लव कौशिक, एडवोकेट प्रमोद बजाज, संदीप माहेश्वरी, संजय लोहिया, डॉ. संजीव गुप्ता, अजय कौशिक, विपुल जैन, विश्वास शर्मा, शौर्य शर्मा, तुलाराम, सुयश तोमर, प्रमोद अग्रवाल, मुकेश शर्मा, आकाश महेश्वरी, उमेश अग्रवाल, सुरेश वर्मा, श्रेय जैन, सम्यक जैन, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## लटके तारों से हादसे की संभावना



**अफजलगढ़।** पुराने हत्थे के समीप मौहल्ला नेजो सराय में पोल से बिजली के तार लटकने से स्थानीय लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। मौहल्ले वासियों ने बताया कि यह तार काफी दिनों से पोल से लटके हुए हैं, लेकिन बिजली विभाग अभी तक इन तारों को हटाने में विफल रहा है। मौहल्ले के लोग कहते हैं कि किसी भी समय यह तार खतरा बन सकते हैं, जिससे बड़ी जनहानि हो सकती है। उन्होंने बिजली विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है और कहा कि इन तारों को तुरंत हटाया जाए, ताकि अप्रिय घटना न हो सके।

## हरे-भरे पेड़ों पर चला डाला आरा



**नजीबाबाद।** एक तरफ तो सरकार पर्यावरण बचाने के लिए करोड़ो खर्च कर रही है, वही नांगल सोती में वन विभाग के खेल भी बड़े निराले है। यहां बड़ा फीलगुल करके हरे भरे पेड़ कटवाने से गुरेज नहीं कर रहे है। जिसके चलते नांगल वन क्षेत्र में माफिया ने हरे भरे कई पेड़ काट डाले और उनकी लकड़ियां आराम से ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले गए। राजगढ़ रेंज में नांगल गंगा खादर में ठेकेदार ने जामुन के पांच विशाल हरे भरे पेड़ बिना किसी परमिशन के खुलेआम काट डाले। खुलेआम हरे पेड़ काटे जाने से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। बिना परमिशन के पेड़ कटने की सूचना पर वन अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पेड़ कटने का कार्य कुछ समय के लिए रुक गया। जिसके बाद वनाधिकारियों ने ठेकेदार से मामूली जुर्माना वसूल लिया और इसके बदले में अपने लिए एक बड़ा फीलगुड कर लिया। वन विभाग द्वारा किए गए फीलगुड की चर्चा आम हो गई। वही इस मामले में वन अधिकारी से कोई जवाब नहीं बन रहा है। इस तरह बिना परमिशन के पेड़ कटने का यह पहला मामला नहीं है। आए दिन पेड़ कटने की सूचना आम बात है। कभी कभी वन अधिकारी इन ठेकेदारों से मामूली जुर्माना वसूल कर लेते है, बाकी सब फीलगुड के सहारे निपट जाता है। इस मामले में वन विभाग के डीएफओ से फोन पर जानकारी लेनी चाही, लेकिन उन्होंने फोन उठाना गवारा नहीं समझा। वन दरोगा सार्थक सिंह का कहना है कि जामुन के पड़े कटने की सूचना मिली थी। जिसके बाद उक्त ठेकेदार से 25 हजार का जुर्माना वसूला गया है।

## शव रखकर जाम लगाने पर मुकदमा

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी में युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों द्वारा जाम लगाने एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले आरोपितों में 12 नामजद एवं 60 से अधिक शामिल लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना मंडावली के ग्राम प्रेमपुरी निवासी बाबू राम के 24 वर्षीय पुत्र अमर सिंह की लगभग चार दिन पूर्व हत्या हो गई थी। परिजनों ने इस मामले में ग्राम नंगला पिथौरा के युवकों पर उसे घर से बुलाकर मारपीट कर हत्या करने के आरोप लगाया था। गुस्साए परिजनों एवं ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया था। एसओ राम प्रताप सिंह ने बताया कि इस दौरान परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को छिन लिया था और पुलिस अधिकारियों से भी धक्का मुक्की हुई थी। इसी क्रम में 12 नामजद एवं 60 से 70 अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने धक्का मुक्की करना, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना, हाइवे पर जाम लगाकर मार्ग बंद करना, आम जनता को हानि पहुंचाने आदि आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने महिला की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। अज्ञात में पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### एक नजर

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर छापा



**नजीबाबाद।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नंगला उब्बन में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर पर बाल विकास अधिकारियों ने छापा मारकर बड़ी संख्या में पुष्टाहार एवं चावल की बोरियां बरामद की। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर पुष्टाहार वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाया था।ग्रामीणों की शिकायत पर सीडीपीओ के निर्देश पर अर्चना त्यागी एवं राहुल कुमार ने ग्राम नंगला उब्बन स्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर पर छापा मारा। जिसमें बड़ी संख्या में पुष्टाहार के पैकेट एवं चावल के कट्टे बरामद किए। बताते चले कि नंगला उब्बन ग्रामीणों ने सीडीपीओ कार्यालय नजीबाबाद पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री समिता के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी कि समिता आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर तैनात हैं और पांच वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाला पुष्टाहार एवं राशन वितरण में गबन करने का आरोप लगाया और बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री दस से पन्द्रह लाभार्थियों को राशन देने के बाद शेष खाद्य पदार्थ अपने घर ले जाती है और अन्य दुकानदारों को बेच देती है। जिससे लाभार्थियों को राशन नहीं मिल पाता और राशन से वंचित रह जाते हैं। ग्रामीणों के टोकने पर उनसे अभद्रता पर उतारू हो जाती है। परेशान ग्रामीणों ने उक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री की शिकायत दर्ज कराई गई। प्रशासन ने संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर से 55 पैकेट आटा बेसन, 58 पैकेट दलिया मूंग दाल, 88 पैकेट बेसन एवं तीन बोरी चावल बरामद किए।

## जिला जेल का निरीक्षण



**बिजनौर।** आज जनपद न्यायाधीश संजय कुमार, जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त रूप से कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत मुआयना किया गया। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिला कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर उनके द्वारा भोजन सहित सभी सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध होना बताया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अदिति श्रीवास्तव, जेलर सहित अन्य न्यायिक, पुलिस एवं जेल अधिकारी मौजूद थे।

## महिला पर जानलेवा हमला

**नूरपुर।** ग्राम धौलागढ़ निवासी पवन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है कि बीती रात सात बजे के आस-पास उसकी मां कैलाशो देवी अपने परिवार में शादी की दावत खाकर घर वापस लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में अमित पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने उन्हें गन्दी गन्दी गालियां दी, जब उसकी मां ने गाली देने से मना किया तो अमित ने उसके साथ मारपीट की। अमित की पत्नी मोनिका धारदार दरांती लेकर आई, जिससे अमित ने कैलाशो देवी पर हमला कर दिया। हमले में कैलाशो गम्भीर रूप घायल हो गई। महिला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पर हमलावर दम्पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने आरोपी दम्पति के खिलाफ तहरीर मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीराम बारात धूमधाम से निकाली

## आकर्षण का केंद्र रही झांकियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** श्रीराम बारात का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। द्रोपदी मंदिर से शुरू हुई श्रीराम बारात का शुभारंभ डॉ. एन.पी. सिंह ने फीता काटकर किया। बारात में शामिल डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों पर युवक नृत्य करते चल रहे थे, जबकि मनमोहक झांकियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार द्रौपदी मंदिर से शुरु हुई श्रीराम बारात में शंकर पार्वती, राम लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न, गणेश भगवान और मां भगवती सहित जंजीरों में जकड़े भगत सिंह आदि की मनमोहक झांकियां शामिल थीं।

नासिक महाराष्ट्र से आए आकर्षक ढोल-नगाड़ों के साथ बारात की शुरुआत हुई। अखाड़े में कलाकार अपनी हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन कर लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर रहे थे। श्रीराम बारात का कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बारात अपने परम्परागत और पूर्व निर्धारित रास्तों से होती हुई देर रात द्रोपदी मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

बारात में शामिल होने के लिए नगर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। डीजे पर बज रहे धार्मिक गानों से वातावरण भक्तिमय हो चला था। लोग भगवान राम की भक्ति में लीन होकर बारात के साथ चल रहे थे। बारात के आयोजन से नगर में खुशी और उत्साह का माहौल था।

श्रीराम बारात का यह आयोजन नगर की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है। इस आयोजन के माध्यम से नगर के लोग अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं। बारात के आयोजन से नगर में एकता और सौहार्द का संदेश भी गया।

## राम बारात का मुस्लिम फंड कमेटी ने किया जोरदार स्वागत



किरतपुर। मुस्लिम फंड कमेटी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि किरतपुर को यूंही गंगा-जमुनी तहजीब का मरकज नहीं कहा जाता। यहां हर वर्ग के लोग एक दूसरे के साथ हर समय खड़े नजर आते हैं। मालूम हो कि श्री झंडा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में जब भगवान राम की बारात नगर में निकली, तो मुस्लिम फंड कमेटी ने भव्य स्वागत कर इस परंपरा को और भी मजबूती दी। यह नजारा देखकर हर किसी की जुबान पर बस एक ही बात थी कि यही है असली हिंदुस्तान, जहां मोहब्बत और भाईचारा सबसे बड़ा धर्म है। स्वागत में मुस्लिम फंड कमेटी के सेक्रेट्री मुन्शी हसीनुद्दीन, यामीन अंसारी, मरगूब अहमद, राशिद अहमद एडवोकेट, वजाहतुल्ला खान, डॉ. फैजान खान, जनरल मैनेजर शेख अकीलुद्दीन, मैनेजर हुमायूं खान, मेंहदी हसन, कल्लू खान, मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ. मोहित बंस, निखिल, अरुण शर्मा, डॉ. बेगराज यादव, नईम अहमद, शाहनवाज, उस्मान, शरीफ जमाल, आमिर खान, मौहम्मद सुहैल, शाकिर सिद्दीकी, नदीम आदि मौजूद रहे।

# ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## सभी व्यवस्थाएं मिली दुरुस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम तथा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रथम तल स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों को खुलवाकर विधानसभा वार संरक्षित ईवीएम का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

इसके बाद जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने भूतल स्थित स्ट्रांग रूम, सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो मानक के अनुरूप संचालित पाई गईं। उन्होंने नजीबाबाद, धामपुर, नहटौर, नूरपुर, नगीना विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम चेक किया, जहां सुरक्षा के सभी मानक पूर्ण पाए गए। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंशिका दीक्षित, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस से अनिल कुमार, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### एमएलसी से मिला प्रतिनिधिमंडल



**धामपुर।** योगीनाथ उपाध्याय समाज का एक प्रतिनिधिमंडल अपने समाज की समस्याओं को लेकर एमएलसी अशोक कटारिया से मिला। प्रति. निधिमंडल ने उनसे जिले में गुरु गोरखनाथ का भव्य मंदिर बनवाने तथा शासन-प्रशासन में योगीनाथ उपाध्याय समाज को उचित भागीदारी देने की मांग की। एमएलसी अशोक कटारिया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों और समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। इस पर योगीनाथ उपाध्याय समाज, बिजनौर ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया। ज्ञापन देने वालों में नमन उपाध्याय, अक्षत उपाध्याय, दुष्यंत उपाध्याय, दीपक उपाध्याय तथा जिला अध्यक्ष राम रक्ष पाल उपाध्याय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### सरकार द्वारा प्रचलित अभियान के सम्बंध में गोष्ठी



**चांदपुर।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर थाना चांदपुर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने समस्त थाना प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था और आगामी त्यौहारों, जुलूस, जनसुनवाई, मिशन शक्ति 0.5 अपराध नियंत्रण एवं लम्बित विवेचनाओं को शीघ्र ही पूरी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, शासन द्वारा प्रचलित अभियान के सम्बंध में गोष्ठी की। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते कहा कि नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण इलाकों में शांति बनी रहे और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाये। इस मौके पर पुलिस क्षेत्रधिकारी देश दीपक भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आगामी पर्वो पर किसी प्रकार की कोई नई परम्परा कायम नहीं होने दी जाये।

### शिक्षक संघ ने किया बीएसए का स्वागत



**धामपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) जनपद बिजनौर के जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी ने नए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। संघ पदाधिकारियों ने बीएसए से शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की। इस मौके पर जिला महामंत्री ज्योति प्रकाश, प्रदेशीय मीडिया प्रभारी मोबिन, अजयपाल, राजपाल, मोहम्मद सफी, अंकित चिकार, राजीव सिंह, नवीन, पंकज, आदेशपाल, राजीव चौधरी, अरशद, मौहम्मद शाहिद, दीपक राज, यशवीर राणा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मीना जन्मदिवस उत्सव का आयोजन



**धामपुर।** कोतवाली ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल सैदपुरी महीचंद में मीना जन्मदिवस उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आकर्षक पेंटिंग, अभिनय और केक काटकर हर्षोल्लास से उत्सव मनाया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य बालिका सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। मीना मंच बालिका सशक्तिकरण में एक अग्रणी भूमिका रखता है, जो बाल केंद्रित किरदार गतविधियों पर आधारित रोचक तरीके से मुद्दों पर सकारात्मक रूप से स्कूली शिक्षा में सहयोगी है। विद्यालय हेड मुकेश कुमार ने बच्चों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में अपनी समस्याओं का समाधान मीना बनकर करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मीना मंच बालिकाओं को आत्मविश्वास और प्रेरणा प्रदान करता है, जो उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनिका राजपूत, गिन्नी सिंह, अमित कुमार, मनोज कुमार, रंजना रानी, और मोहन सिंह ने असीम भूमिका अदा की।

### आरजेपी में कविता प्रतियोगिता



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में एनसीसी बटालियन द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह एवं सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता में अनेक कैडेट्स ने स्वच्छ भारत मिशन पर संदेशात्मक भाषण एवं कविता प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि स्वच्छता पर हमें अपना दृष्टिकोण, मानसिकता और व्यवहार में बदलाव लाने की आवश्यकता है, जिससे हम स्वच्छता और साफ-सफाई को अपनी आदत बना बना कर स्वच्छ भारत मिशन पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना पूरा कर सके। हवलदार रूपमान ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन का सफलता के आयाम पर ले जाते हुए संपूर्ण भारत की धरा को स्वच्छ करने का सपना पूरा करना है। इस अवसर जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, बालेश कुमार, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह आदि ने अपने विचार रखें ।

### माता रानी का जागरण 27 को

**चांदपुर।** समीपवर्ती ग्राम तालिबपुर मे 27 सितम्बर को माता रानी का जागरण होगा, जिसमें मनमोहक झांकियां और योग्य कलाकारों द्वारा भव्य दरबार में प्रोग्राम कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुए विकास त्यागी ने कहा कि यह कार्यक्रम गांव स्थित चामुण्डा देवी मन्दिर में सम्पन्न होंगे।

# कार्यक्रमों का तिथिवार रोस्टर बनाएं: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में महिलाओं एवं बालिक. ाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए शारदीय नवरात्र के पर्व पर 22 सितंबर से शुरू हुए 'मिशन शक्ति' विशेष अभियान के पांचवे चरण के अंतर्गत जनपद स्तर पर 15 विभागों द्वारा गतिविधियां / कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा।



मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यक्रमों की बैठक

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित जिला कार्यक्रम मिशन शक्ति पांचवें चरण के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूर्ण मानक एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं।

उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति फेस पांच के अंतर्गत महिला-पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा ग्राम न्याय पंचायत के लिए नियुक्त ई सखी, राजस्व लेखपाल, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम, आशा वर्करों तथा अन्य सरकारी विभागों के कर्मियों से समन्वय कर ग्राम न्याय पंचायत की महिलाओं के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर बहादुरी का कार्य करने वाली महिलाओं, लड़कियों तथा पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सहयोग देने वाली हितधारकों/महिलाओं को महिलाओं कर्मियों द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति फेस 5 के तहत 15 विभाग जिसमें गृह, महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगर विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संस्कृति विभाग, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, राजस्व, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, न्याय तथा परिवहन विभाग शामिल हैं। उन्होंने उपरोक्त सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति कार्यक्रमों को पूर्ण गंभीरता और सुव्यवस्थित रूप से सफलतापूर्वक संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी विभागीय अधिकारी विभागीय कार्यक्रमों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभाग मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का तिथिवार रोस्टर बनाएं और अंतर्विभागीय समन्वय के साथ उनका क्रियान्वयन करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. प्रभा रानी, जिला प्रोबेशन अधिकारी योगेंद्र कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### स्वयं सहायता समूह के ग्राम संगठन का गठन



**मंडावर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर व आर्थिक सशक्तिकरण बनाने हेतु चलाई गई सरकार की योजना के अंतर्गत आज ग्राम बादशाहपुर में महिला स्वयं सहायता समूह के ग्राम संगठन का गठन किया गया। संगठन का चुनाव विधिवत से सम्पन्न हुआ। नजीबाबाद ब्लाक की संतोष देवी, गीता देवी, तिलका देवी, माया देवी, उदेश देवी ने पिछले कई दिनों से गांव में रहकर महिलाओं को इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपनी छोटी-छोटी बचत इकठ्ठा करके एक बड़ी धन राशि जुटा सकती हैं। मुख्य अतिथि जितेंद्र राजपूत ने बताया कि सरकार की यह योजना महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाती है। पिछले समय में जहां महिलाओं को केवल घर तक ही सीमित रहना पड़ता था। वहीं हमारी भाजपा सरकार ने महिलाओं को रोजगार के प्रति जागरूक कर स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाया है। इस मौके पर समूह सखी प्रज्ञा शर्मा पत्नी जगमोहन शर्मा सहित पूनम देवी, नूतन देवी, नितिन कुमारी, गुड़िया देवी, शोमा शर्मा, रुबी देवी, ज्योति देवी आदि उपस्थित रही। इस अवसर पर भाजपा से राजनारायण शर्मा, वरुण राजपूत, श्रवण चौहान, प्रधान पति मूला सिंह एवं ग्रामीण रोशन सिंह, मनोज कुमार राणा, मनोज कुमार, चरण सिंह, राजकुमार, राहुल सिंह, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**हल्दौर।** आरएचएस इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जौनपुर में हुई 69वीं प्रदेश स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किए और जिले का नाम रोशन किया। सिंगरामऊ स्थित राजा हरपाल सिंह इंटर कॉलेज में 16 सितंबर से शुरू हुई तीन दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्ग की डोली पाल (51 किलो वर्ग) ने 111 किलो, मोनिका पाल (53 किलो वर्ग) ने 127 किलो तथा कोमल (58 किलो वर्ग) ने 125 किलो भार उठाकर रजत पदक अपने नाम किए। विजेताओं ने अपनी सफलता का श्रेय कोच पीटीआई नीरज कुमार व उपेंद्र कुमार को दिया। कॉलेज पहुंचने पर प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा ने पदक विजेताओं को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## शरदकालीन गन्ना बुवाई के लिए किसानों को किया जागरूक

### वैज्ञानिक ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शरदकालीन ऋतु में बुवाई के समय गन्ने की उच्च एवं सुरक्षित उत्पादकता के लिए ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बातों को कृषि वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह द्वारा किसानों को बताया गया। उन्होंने गन्ने की बीमारियों और सुरक्षित व बेहतर नस्लों की पैदावार से संबंधित टिप्स देकर किसानों को जागरूक किया।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में वर्तमान समय में कृषक अपने खेतों पर गन्ने की बुवाई का कार्य करने जा रहे हैं। गन्ने से उत्पादकता प्राप्त करने के लिए एवं गन्ने से अधिक आमदनी के लिए किसानों को आधुनिक गन्ना उत्पादन तकनीकी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए किसानों को कई बिंदुओं पर ध्यान देना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि गन्ना प्रजातियों के बदलाव पर ध्यान दें, क्योंकि गन्ना की प्रजाति को 0238 बीमारी के प्रकोप में आ गई है, जिसके कारण किसानों की उत्पादन लागत बढ़ती जा रही है। अब किसान को 0238 के स्थान पर दूसरी नवीनतम प्रजातियां जैसे को 15023 , कोशा 13235, कोलख 14201, कोलख 16202, कोशा 17231, कोशा 18231, कोशा 19231 जैसी प्रजातियों को अपनी खेती में स्थान दें।



बुवाई से पूर्व गन्ने के बीज का चयन सावधानी पूर्वक करें, बीज ऐसे खेत से चयनित करें, जिस खेत में बीमारी का प्रकोप न हो या नवीनतम प्रजाति का ही चयन करें। जिस खेत में बुवाई करनी है, 10-15 दिन पूर्व खेत की जुताई करने के बाद पलेवा करें। साथ ही गोबर की सड़ी खाद में तैयार ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करें। बीज की कटाई बुवाई के 1 दिन पूर्व ही करें, बीज के दो आंख के टुकड़े को काट लेना चाहिए। यदि सम्भव हो सके तो एक आंख की बुवाई करें। बुआई पूर्व बीज शोधन करने के लिए किसान 100 लीटर पानी में 200 ग्राम कार्बेंडाजिम एवं 150-200 मिली. क्लोरपायरीफास मिला ले। इस घोल में गन्ने के टुकड़े को 10 से 15 मिनट तक अवश्य भिगोए। बुवाई की उन्नत तकनीकी ट्रेंच या रिंग पिट का प्रयोग करें। बुवाई पूर्व खेत की तैयारी करते समय जीवांश खाद का प्रयोग ट्राईकोडरमा के साथ अवश्य करें। पोषक तत्व के रुप में 180 किलोग्राम नत्रजन, 80 किलोग्राम फास्फोरस एवं 60 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें।

# श्रीराम बारात की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में नगर में भव्य श्री राम बारात की शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। राम बारात में कई झांकियां व अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे।

राम लीला मैदान से राम बारात प्रारंभ हुई। राम बारात में राधा कृष्ण, महाकाली अखाड़ा, गणेश, शंकर भगवान,राम लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न,मां दुर्गा, शिव,श्री कृष्ण और राधा की झांकी आकर्षण का केंद्र रहे। एजेंसी चौराहा, ईदगाह मोड़, जोशीयान, मौलवीयान, जामा मस्जिद, सुनारो वाली गली, पंचायती मंदिर, होली



नगर में कई स्थानों पर हुआ स्वागत

चौक, सराय जोखा सिंह, धर्मशाला होलियान, चौधरीयान, सब्जी मंडी, हलवाईयान, कालू की आढत, थाना कोतवाली से होते हुई कासमपुर लेखराज में जाकर संपन्न हुई। श्री राम बारात में सबसे आगे भगवा झंडा लिए घुड़सवार चल रहे थे। बैंड बाजो की धार्मिक धुनों पर लोग चल रहे थे। कई स्थानों पर फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर भी नागरिकों ने राम बारात का फूलों की वर्षा करके स्वागत किया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रंजीत जोशी, अरविंद जोशी, ऋषभ जैन, अंकुश अग्रवाल, संजू सैनी, मनोज सैनी, तेजपाल सैनी, महावीर सैनी, अंशित जैन, कृष्णा वर्मा, आदेश चंद्रा, बबलू चंद्रा, रोहित सैनी, मोनू जोशी, मा.सुमित शर्मा, मोहित शर्मा आदि रामलीला कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पोखर बाजार में प्रोजेक्टर पर हुआ रामलीला मंचन

### श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के पोखर बाजार में श्रीरामलीला कमेटी द्वारा देर शाम भव्य रामलीला मंचन का आयोजन किया गया। इस बार रामलीला का विशेष आकर्षण रहा प्रोजेक्टर के माध्यम से भगवान श्रीराम की लीलाओं का सजीव चित्रण। शाम लगभग सात बजे संजय मारवाड़ी व उनकी धर्मपत्नी बबीता ने पूजा-अर्चना कर मंचन का शुभारंभ किया।

प्रोजेक्टर पर दिखाए गए रामायण प्रसंगों में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म, विश्वामित्र मुनि के साथ राम-लक्ष्मण का वन गमन, ताड़का का वध, मिथिला में आयोजित सीता स्वयंवर आदि प्रसंग शामिल रहे। इन प्रसंगों को देखकर श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो गए और 'जय श्रीराम' के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। समिति की ओर से इस आयोजन को सफल बनाने में कमेटी अध्यक्ष विशाल महंत, विजयपाल सिंह चौहान, संजीव चौहान, रमेश मुंशी, महिपाल सिंह, दीपक कुमार चानू, जितेंद्र शर्मा, जगदीश चंद्र, अशोक चौहान, राजेश चौहान सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में भी रामायण के विभिन्न प्रसंग इसी प्रकार प्रस्तुत किए गए।

### मंडावर में भव्य उद्घाटन



**मंडावर।** कस्बे में मेन मार्केट स्थित शिपा राजपूत के नए व्यवसायिक शिपा ब्यूटी पार्लर का भव्य उद्घाटन आज सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू जागरण मंच के मेरठ प्रांत सहसंयोजक युवा अंशुल राजपूत के पुत्र अभिमन्यु राजपूत ने रिबन काटकर पार्लर का उद्घाटन। इस अवसर पर युवा नेता सानू राजपूत, मोंटी राजपूत सहित अन्य गणमान्य नागरिक, स्थानीय व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंशुल राजपूत ने उद्घाटन के बाद शिपा राजपूत को बधाई देते हुए कहा कि यह नया व्यवसाय न केवल महिलाओं को सौंदर्य प्रसाधन की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। शिपा राजपूत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पार्लर में लेटेस्ट ब्यूटी ट्रीटमेंट, मेकअप, हेयर स्टाइलिंग एवं स्किन केयर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार बिजनौर में जनपद की आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों से संबंधित विधिक प्रावधानों, बीएलओ ऐप ईआरओ नेट/आईटी की विविध गतिविधियों, उनके दायित्व एवं कर्तव्य के बारे में प्रशिक्षण प्रदान कराया गया। अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह ने अवगत कराया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा-13ग के अन्तर्गत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ के नियंत्रण के अध्ययधीन रहते हुए ईआरओ के सब या किन्ही कृत्यों का पालन करने के लिए सक्षम होगा। इसके साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की अन्य धाराओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया एवं प्रशिक्षण के उपरान्त समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की मूल्यांकन परीक्षा करायी गयी।

## एक नजर

### विद्या मंदिर में स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन



**धामपुर।** विद्या मन्दिर नगीना मार्ग स्थित में छात्रों की पढाई को आधुनिक विधियों से सुचारू रूप से चलाने हेतु डीजिटल बोर्ड का उदघाटन विद्यालय के व्यवस्थापक ब्रजमोहन गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया। यह स्मार्ट बोर्ड विद्यालय को डिजाइन को एक्सपोर्ट मुरादाबाद द्वारा दान में दिया गया है। छात्रों को अपने अध्ययन में सुविधा हेतु प्रधानाचार्य हेमेन्द्र सिंह द्वारा किये गए, इस प्रयास की सभी आचार्य बंधुओं ने सराहना की। इस बोर्ड के प्रयोग से छात्र विषय को स्पष्ट रूप से समझने में सफल होगें। भविष्य में शीघ्र ही कुछ और स्मार्ट बोर्ड भी लगवाने की योजना है। उद्घाटन के समय विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेन्द्र सिंह, आचार्य सूरज, नारायण, विवेक गुप्ता, रामजी पाण्डेय के अतिरिक्त अन्य सभी आचार्य भी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में छात्रा घायल



**नहटौर।** ग्राम मंडोरा विप निवासी चाहिना (18 वर्ष) पुत्री बंटी सिंह नहटौर स्थित एक कोचिंग सेंटर पर कोचिंग करती है। बुधवार को वह कोचिंग करने आई थी। बताया जाता है कि वह कोचिंग का टाइम पूरा होने पर साइकिल द्वारा घर लौट रही थी। जब वह नहटौर नूरपुर मार्ग स्थित भारत पेट्रोप पंप के सामने पहुंची तो उसे छोटा हाथी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। घायल छात्रा को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे हैं।

### मैढ़ क्षत्रिय सोनार सभा की बैठक



**नहटौर।** मौहल्ला कायस्थान स्थित अतुल वर्मा के आवास पर सभा के संरक्षक मा.रोहताश वर्मा की अध्यक्षता तथा अध्यक्ष विपिन वर्मा के संचालन में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने समाज के लोगों से आपस में मिलजुलकर रहने तथा एक दूसरे के दु:ख सुख में हमेशा साथ खड़े रहने पर जोर दिया। बैठक में गतवर्षो की भांति इस वर्ष भी आदिकुल के महापुरुष भगवान श्री महाराजा अजमीढ़ महाराज की जयंती पर 14 अक्टूबर को विशाल शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक मा.रोहताश वर्मा, अध्यक्ष विपिन वर्मा, कोषाध्यक्ष विनिल वर्मा, अतुल वर्मा, कमलकांत वर्मा, हरिओम वर्मा, इन्द्रदेव वर्मा, बॉबी वर्मा, मुकेश वर्मा, अंकित वर्मा, दीपक वर्मा, सिंटू वर्मा, हर्ष वर्मा, मनोज वर्मा, कमल वर्मा, गोविन्द वर्मा, अमन वर्मा, राजेश वर्मा, कमल वर्मा, यश वर्मा, विशाल वर्मा, आशु वर्मा, प्रमोद वर्मा, पंकज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### कार व डंपर की आमने-सामने भिड़ंत



**स्योहारा।** नगर के फव्वारा चौक पर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक कार और डंपर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि कार चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था और तेजी में सामने से आ रहे डंपर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि किसी की जान को बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि कार संभवत किसी शादी समारोह से लौट रही थी और चालक को गाड़ी चलाने का ज्यादा अनुभव नहीं था। जल्दबाजी और लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। चालक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है।

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरी पुत्री का नाम अमानी (AMAANI) था जिसे बदलकर अमानी (AMANI) कर लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाये। मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों में अंकित नाम अमानी (AMANI) सही है। **किश्वर जहां पत्नी मौहम्मद राशिद मौहल्ला मनिहारान शेरकोट, जनपद-बिजनौर।**

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मौ. सादिक व उसकी पत्नी रूकैय्या से सभी पारिवारिक सम्बंध समाप्त कर लिये हैं।

**नईमुद्दीन पुत्र हसीनुद्दीन निवासी मौ. काजियान, कस्बा व थाना मंडावर, जिला बिजनौर**

**Mariam Girls College of Higher Education, Kiratpur (Bijnor)**

**Required for Principal & Art faculty**

1. Principal - 01
2. English (Lecturer) - 01
3. Drawing & Painting (Lecturer) - 01
4. Education (Lecturer) - 01
5. Sociology (Lecturer) - 01
6. Economics (Lecturer) - 01

Qualification & Salary as per U.G.C. Regulation Norms. Apply with the documents and recent photograph within 7 days from the date of Publication of advertisement.
Email - roopesh1978t@gmail.com

**Manager**

# गुनियापुर में किसान गोष्ठी

## अधिक से अधिक किसानों को एम पैक्स का सदस्य बनाने पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** नवगठित एम पैक्स समिति गुनियापुर में आयोजित किसान गोष्ठी में समिति के अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान समिति की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के सभापति चौधरी दिनेश कुमार ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एम पैक्स समितियों से किसानों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सन् 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। एम पैक्स समितियों का कार्य क्षेत्र बड़ा हुआ है, जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा रहा है। एम पैक्स समितियों द्वारा किसानों को खाद और बीज के वितरण के अतिरिक्त बेहद कम दर पर ऋण का लाभ दिया जा रहा है। किसान समिति से जुड़कर समिति की योजनाओं का लाभ उठाएं। अब एम पैक्स समितियों में जन सेवा केन्द्रों की भी स्थापना की गई है। कई एम पैक्स समितियों में मेडिकल स्टोर भी खोले जा रहे हैं। अधिक से अधिक किसान सदस्य बने, जिससे समितियां आत्मनिर्भर हो तथा उनका ढांचा सुदृढ़ बने। एम पैक्स समितियां सीधे सरकार की देखरेख में कार्य करती हैं, इससे किसानों के लाभ बढ़ाने तथा किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता चौधरी अमन सिंह ने तथा संचालन यशपाल सिंह ने किया।

बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक राजवीर सिंह, जिला सहकारी बैंक के उपसभापति हेमराज सिंह, संचालक प्रेमपाल सिंह, विनीत कुमार, सिद्धार्थ कुमार, बी पैक्स अकबराबाद सभापति सुहास राजवंशी, अजय शर्मा, संदीप सिंह, लोकेंद्र सिंह, एमडी चौधरी नितिन कुमार, हेमंत मलिक आदि उपस्थित रहे।

## अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में आज अग्रसेन जयंती का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष मनुश्री अग्रवाल के निवास स्थान पर किया गया। संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने बताया कि उनको डायरिया होने के कारण वह वहां नहीं पहुंच पाईं। उन्होंने ऑनलाइन ही सभी प्रबंध देखा और कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। श्रीमती मनुश्री अग्रवाल, श्रीमती आशा अग्रवाल ने पूर्ण सहयोग किया। इस अग्रसेन जयंती में देवी की भेंटे डांडिया, अग्रसेन जी के गीत प्रतियोगिता और प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता हुई। देवी गीत प्रतियोगिता में छवि कौशल, वैशाली, नीति, शेफाली, प्रीति, आशा अग्रवाल, गौरी अग्रवाल, इन बहनों में चयन करना बहुत भारी पड़ा यद्यपि सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता में कुसुमलता अग्रवाल, शशि शर्मा, सीमा अग्रवाल, बरखा गुप्ता, मनुश्री अग्रवाल, पूनम कर्णवाल, आशा अग्रवाल इन सभी महिलाओं ने प्रश्नों के सही उत्तर देने पर सभी को सम्मानित किया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में बस्ता प्रतियोगिता

## प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध सरस्वती विद्या मंदिर नगीना में बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

शिशु वर्ग में कक्षा अरूण के भैया आरब कुमार, युवराज राजपूत एवं पुनीत सूर्या ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, उदय कक्षा में भैय्या अक्षु, कुणाल एवं काव्यांश, युग ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रभात कक्षा में बहिन प्रीतिका, भैय्या अंश एवं बहिन तान्या ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा प्रथम में भैय्या दिव्य राजपूत, बहिन आरोही एवं भैय्या अभ्यम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा द्वितीय में भैय्या हृदयांश कुमार, हार्दिक एवं बहिन पीहू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा त्रतिय की बहिन आरो. ही, ईशानी एवं भैय्या नैतिक जोशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा चतुर्थ में बहिन दिशा, कुंजिका एवं भैया लक्ष्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा पंचम में भैय्या मृदुल भारद्वाज, बहिन विधि चौहान एवं भैय्या विराट सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, बाल वर्ग में कक्षा शष्ठ की बहिन वंशिका, वेदिका एवं भैय्या प्रशांत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा सप्तम में भैय्या आयुष, बहिन पलक चौधरी एवं आयुषी गौतम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा अष्टम में भैय्या विनायक प्रजापति, मोहित एवं विराज मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, किशोर वर्ग कक्षा नवम में बहिन आँचल चौधरी, भैय्या पराग चौहान एवं जुगनेश्वर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा दशम में बहिन भूमिका, आक्रति विश्नोई एवं संस्कृति सैनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, तरुण वर्ग में कक्षा एकादश में बहिन प्रिया सैनी, दृप्ति चाहर एवं छवि चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा द्वादश में बहिन नैना चौहान, कल्पना एवं आयुषी राजपूत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने सभी भैया-बहिनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विभाग की प्रमुख आचार्य बहिन अदिति एवं प्रतिभा सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## हिंदू राष्ट्र सेना ने एसडीएम को सौंपा तीन सूत्रीय मांग पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हिंदू राष्ट्र सेना के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। यह प्रतिनिधिमंडल संगठन के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार प्रजापति के नेतृत्व में उपस्थित हुआ।

संगठन ने सबसे पहले नगीना चौक पर खड़े डग्गामार वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके। दूसरी मांग में मुख्य बाजार, खारीपुरा से बड़ी मंडी तक सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक ई-रिक्शा पर पाबंदी लगाने की बात रखी गई। तीसरी मांग बड़ी सब्जी मंडी के बाहर

### डग्गामार वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

सड़क किनारे सड़ी-गली सब्जियों और आवारा जानवरों से निजात दिलाने की थी।

उपजिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। इस मौके पर संयम जैन, धर्मेंद्र कुमार, कुशल कुमार, सचिन कुमार, टीकम सिंह, देशराज, हर्ष, अनिकेत, निपेंद्र, तुषार, दिनेश, मोहन, शिवकुमार, जागेश, कोमल, बृजेश सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## घर में घुसकर जानलेवा हमला

**चांदपुर।** ग्राम हीमपुर बुजुर्ग निवासी नईमा पत्नी मौहम्मद सनव्वर ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसके ही गांव के नदीम उर्फ भोला, फईम पुत्रगण साबिर, राशिद अहमद, अहसान पुत्रगण उमर शेर व जीशान पुत्र अहसान, शुऐब पुत्र आबिद ने एक राय हांकर गत 23 सितम्बर की रात्रि करीब 10 बजे अपने हाथों में लाठी-डंडे व तबल लेकर उसके घर में घुस गये और उसके पति मौहम्मद सनव्वर के साथ गाली गलौच व मारपीट करने लगे। इसी बीच नदीम उर्फ भोला ने तबल से मौ. सनव्वर पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। महिला का आरोप है कि मेरे द्वारा अपने पति को बचाने आने पर फहीम अहमद ने मुझे गलत नियत से पकड़ लिया और मेरे कपड़े भी फाड़ दिए। शोर सुनकर आस-पास के लोग जिनमें इशरत, रेशमा, नईम अहमद व आजम आदि ने मेरे पति व मुझे इन लोगों से किसी तरह बचाया। हमालावर अपनी बाईक संख्या यूपी 20 वाई-8917 भी मौके पर छोड़ भागे। पीड़िता ने हमलावरों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

# फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत मेडिकल कैंप

## दवाओं व चिकित्सा के महत्व की दी जानकारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 23 सितम्बर से चल रहे फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की तरफ से ग्राम मंगोलपुरा में हेल्थ कैम्प लगाया गया। हेल्थ कैम्प का शुभारंभ ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह ने फीता काटकर किया। हेल्थ कैम्प में लगभग 92 ग्रामीणों की निशुल्क जांच की गई। जिसमें फार्मेसी विभाग के प्रवक्ताओं नरदेव सिंह, गौरव कुमार, गाजी अब्बास, तब्बसुम आदि ने मरीजों की शुगर की जांच, रक्तचाप की जांच, रक्त सम्मूहन, हीमोग्लोबिन चैक करने के बाद दवाईयां भी वितरित की।

फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में पावर पाईट, पोस्टर, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथ डॉ. जूही अग्रवाल प्रवक्ता वर्धमान कॉलेज, बिजनौर रही। कार्यक्रम का संचालन कर रही छात्र अल्फिया एवं नूजहत जहा ने मुख्य अतिथि डॉ. जूही अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन राजीव कुमार एवं रजिस्ट्रार अमित कुमार को माँ शारदे के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित करने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथ डॉ. जूही अग्रवाल ने फार्माकोविजिलेंस के बारे में प्रांगण में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को बताया कि दवाओं के उपयोग से होने वाली किसी भी अप्रत्याशित या हानिकारक प्रतिक्रिया कैसे पता लगाया जाए। यह कैसे सुनिश्चित करें कि जनता द्वारा उपयोग की जाने वाली दवाएं सुरक्षित और प्रभावी हैं या नहीं। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इन दवा-संबंधी जोखिमों और नुकसान को कम करने के लिए रणनीति बनानी होगी, जिसके लिए सभी फार्मासिस्ट को सर्वे करने के उपरांत उसके उपाय खोजने होंगे। बिना फार्मासिस्ट के यह बिल्कुल भी संभव नहीं हो सकता।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्र/छात्राओं ने पावर पाईट एवं पोस्टर के माध्यम से दवा से होने वाले नुकसान के सर्वे एवं इसके उपरांत अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए बताया कि फार्माकोविजिलेंस क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है? यह दवा सुरक्षा सुनिश्चित करने, जन स्वास्थ्य की रक्षा करने और स्वास्थ्य सेवा उद्योग में विश्वास रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। फार्माकोविजिलेंस के विभिन्न प्रकार दवा के जीवन चक्र से विभिन्न चरणों को कवर करते हैं। छात्र/छात्राओं से यह भी अपेक्षा की जाती है कि अगर आप फार्माकोविजिलेंस में रूचि रखते हैं तो आपको इस क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और विशेषता लेना भी बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप सिंह, मौ. जाहिद, नरदेव सिंह, ज्योति, गौरव कुमार, मौ. विशाल, मौ. जुबैर, मौ. बिलाल, मौ. नावेद, तब्बसुम, साहिबा आदि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी पदाधिकारियों का स्वागत

## सभी कार्यकत्रियों के मान-सम्मान की रक्षा की जाएगी: पूनम मिश्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका वेलफेयर संगठन द्वारा मुन्ना देवी मंदिर पर स्थित धर्मशाला में जिला कार्यकारिणी की पदाधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया।

कार्यकारिणी में पूनम विश्नोई जिला अध्यक्ष, निशा चौधरी जिला सचिव, बबीता देवी जिला उपाध्यक्ष, कुब्जा देवी जिला उपाध्यक्ष, अरुण बिश्नोई जिला उपाध्यक्ष, मीरा रानी जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश कुमारी जिला उपाध्यक्ष चुने गए। जिसमें 16 नए सदस्य बनाए गए हैं। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का फूल माला से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की रक्षा की जाएगी और सबके साथ मिलकर संघर्ष में सबसे आगे रहूंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री शामिल हुई। जिसमें निशा चौधरी, विमलेश, दीपिका, गुलरेज, फातिमा, शोभा, मीरा रानी आदि शामिल रहीं।

## वन विभाग ने गुलदार को कैद करने के लिए लगाए पिंजरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बीते कुछ दिनों से गुलदार के हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ी है। इस दौरान गुलदार किसानों के कई पालतू जानवरों को अपना निवाला बना चुका है। आए दिनों किसानों को खेतों पर गुलदार दिखाई देने से दहशत बढ़ रही है, जिसके चलते ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़े जाने की मांग की थी।

सामाजिक वानिकी विभाग ने मायापुरी और सौफतपुर में पिंजरे लगाएं। वानकी विभाग के दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में टीम ने मायापुरी निवासी विपिन कुमार की पशुशाला के निकट और सौफतपुर बिजली घर के समीप गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरे लगाएं। सौफतपुर हरचंदपुर और मायापुरी क्षेत्र में आए दिन गुलदार देखा जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने वानिकी विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग की थी।

### एक नजर

## विद्युत लाइन चोरी होने से हड़कंप



**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजली घर के महमसापुर कृषि पोषक फीडर की लगभग 800 मीटर विद्युत लाइन चोरी कर ली। सूचना मिलने पर विद्युत कर्मियों ने मौका मुआयना किया। महमसापुर कृषि पोषक फीडर पर मंगलवार की रात्रि हरचंदपुर निवासी कलवा के खेत से विजयपाल सिंह के खेत तक 12 खंबों के लगभग 800 मीटर विद्युत तार चोरों ने चोरी कर लिए। यह लाइन 6 माह पुर्व ही खींची गई थी, जिसमें डॉग तार लगाए गए थे। सूचना मिलने पर बुधवार की सुबह अवर अभियंता नूतन प्रकाश ने विद्युत कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अवर अभियंता ने बताया कि रात्रि में कृषि पोषक फीडर पर बिजली आपूर्ति नहीं होती है, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने लाइन चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि चोरी की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है।

## सीएचसी का निरीक्षण



**स्योहारा।** बिजनौर से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिसमें उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केपी सिंह और यूएनडीपी से वीसीसीएम राजीव केसर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पर कोल्ड चैन रूम और वैक्सीन रखरखाव का निरीक्षण किया गया। टीम ने उनके रखरखाव तथा एक्सपायरी डेट और स्टॉक रजिस्टर आदि की जांच की। साथ ही निर्देश दिए कि वैक्सीन की एक्सपायरी डेट पर विशेष ध्यान दिया जाए और कोई भी एक्सपायरी वैक्सीन बच्चों को न लगाई जाए। निरीक्षण के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी बिजनौर डॉ. केपी सिंह ने बताया कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए उपलब्ध वैक्सीन की गुणवत्ता और कोल्ड चेन प्रबंधन को दुरुस्त करना था, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार किया जा सके। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ छोटी -मोटी कमियां पाई गई, जिनको तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि वैक्सीन सही तापमान पर सुरक्षित रखी जाएं और उनके रिकॉर्ड सही ढंग से अपडेट किए जाएं। सभी रिपोर्ट प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेट की जाए टीकाकरण की रिपोर्ट भी उसी दिन यूं विन पोर्टल पर फीडिंग की जाए। कोल्ड चैन हैंडलर और आईओ वीर सिंह के कार्य की करी तारीफ कोल्ड चैन में सब कुछ दुरस्त मिला। इस दौरान आई ओ वीर सिंह, हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, डीओ राशि अनम डॉ. राकेश कुमार, फार्मासिस्ट योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, एएनएम अनीता, धीरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, सुजौदीन आदि मौजूद रहे।


## कांग्रेसी नेता शेख अंजार को किया नजरबंद

**नगीना।** गुलदार के हमले से पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। पुलिस ने नगीना के कई कांग्रेस नेताओं को उनके घरों में ही रोक दिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे शांतिपूर्वक पीड़ित परिवारों से मिलना चाहते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गुलदारों को पकड़ने में विफल रही है, जिसके लिए सरकार के खिलाफ उनका विरोध जारी रहेगा।

## लापता वृद्ध का शव खो नदी में मिला, परिजनों में कोहराम

**शेरकोट।** खो नदी से एक वृद्ध का शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त गांव रामठेरा थाना धामपुर निवासी महिपाल पुत्र रघुनाथ सिंह (60 वर्ष) के रूप में हुई है। महिपाल सोमवार सुबह खेत पर जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट धामपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार की शाम खेतों से वापस लौट रहे ग्रामीणों ने कहा नदी के शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खो नदी से शव बाहर निकाला। वृद्ध की मौत की खबर सुनकर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रोटरी क्लब और टीएमयू हॉस्पिटल के संयुक्त संयोजन में चिकित्सा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स और टीएमयू हॉस्पिटल मुरादाबाद के संयुक्त सौजन्य से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर हड्डी और जोड़ प्रत्यारोपण विभाग की ओर से लगाया गया।

डॉ. अंकुर वर्मा के हॉस्पिटल पर आयोजित इस शिविर का उद्घाटन समाजसेवी महेंद्र वर्मा, डॉ. अंकुर वर्मा, पराग अग्रवाल, सुनील गुप्ता, मुदित बंसल और मोहित अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शिविर में टीएमयू हॉस्पिटल के ज्वाइंट रिप्लेसमेंट हेड और एम्स के पूर्व विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र सिंह ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें विशेष परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम से घुटनों की बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। शिविर में आए मरीजों का नि:शुल्क चेकअप किया गया, जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

# दक्ष प्रजापति महासभा का स्थापना दिवस मनाया

## राज्यमंत्री ओमप्रकाश गोला का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दक्ष प्रजापति (कुम्हार) महासभा का स्थापना दिवस मोहल्ला बाड़बान में कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रजापति के आवास पर मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओमप्रकाश गोला का शाल ओढ़ाकर, भगवान दक्ष की तस्वीर भेंट कर तथा फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में डॉ. ए.के. दक्ष (जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासभा), हरपाल सिंह (जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ), जिला पंचायत सदस्य आसाराम सिंह, संरक्षक कमलेश प्रजापति, संरक्षक भस्सु प्रजापति, प्रदेश प्रभारी डॉ. लोकेश कुमार प्रजा. पति, विपिन प्रजापति, चेतराम सिंह आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

महासभा के अध्यक्ष क्षेत्रपाल प्रजापति व कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रजापति ने कहा कि मात्र तीन वर्षों में महासभा ने समाजहित में कई अहम कार्य किए। चाहे वह कुम्हारी कला की मिट्टी से जुड़े मुद्दे हों या शोषितों-पीड़ितों को न्याय दिलाने के प्रयास। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में मंत्री ओमप्रकाश गोला का सहयोग हमेशा महत्वपूर्ण रहा है, जिसके लिए महासभा सदैव आभारी रहेगी।

मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गोला ने कहा कि मैं सदैव दक्ष प्रजापति (कुम्हार) महासभा धामपुर का ऋणी रहूंगा। यह संगठन समाजहित में सबसे आगे है। इसके पदाधिकारी मेहनती, कार्यकुशल और सेवा भाव से ओत-प्रोत हैं। प्रजापति समाज की सेवा और अखंडता के लिए महासभा सदैव तत्पर रहती है।

# बदबू और गंदगी के बीच रोगियों का किया जा रहा था उपचार

**०नगर मजिस्ट्रेट ने छापामार कार्रवाई में अस्पताल कराए सील**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आपरेशन अस्पताल और क्लीनिक के तहत चल रहे अभियान में नगर मजिस्ट्रेट ने तीन अस्पतालों और क्लीनिकों में छापमार कार्यवाही की। छापे में गंदगी ओर बदबू के बीच रोगियों का उपचार किया जा रहा था। जबकि जबकि अवैध रूप से मेंडिकल स्टोर का भी संचालन पाया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों क्लीनिकों को सील करा दिया।

जनपद में अवैध क्लीनिकों/अस्पतालों की जांच अभियान में नगर मजिस्ट्रेट ने ग्राम मौहम्मदपुर टांडा में छापा मारा। छापामार कार्रवाई में नगर मजिस्ट्रेट ने एमपीएस पॉली क्लीनिक पर माखन चन्द महापात्र पुत्र स्व. परितोष व विकल सिंह पुत्र ब्रहम्पाल सिंह निवासी नवैनी उदैया बैटला ग्राम के पास रवि पुत्र वीरपाल सिंह नि. ग्राम हाफिजपुर मिले। जबकि मौके पर माखन चन्द रोगियों का इलाज करते पाये।क्लीनिक/अस्पताल में गंदगी व बदबू के बीच रोगियों का उपचार हो रहा था जबकि मेडिकल भी संचालित किया जा रहा था। मेडिकल पंजीकृत था लेकिन संचालक उसकी बाहर रहती है। जबकि उसकी आड़ में अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। नगर मजिस्ट्रेट ने अस्पताल पंजीकरण के अभिलेख मांगे, लेकिन वैद्य अभिलेख नहीं दिखाये गए। मौके पर नोडल अधिकारी कोबुलाकर प्राथमिक दर्ज करने के आदेश देने के साथ वैद्य अभिलेख पेश करने तक अस्पताल को सील कर कर बंद करा दिया। इसयके बाद एएस हॉस्पिटल पर छापा मारा गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल संचालक यूनुस पुत्र अब्दुल सलाम ने रोगियों भर्ती मरीजों को अस्पताल से भगा दिया। मौके पर ताला नहीं लगा पाये। निरीक्षण में संचालक की शैक्षिक योग्ता की जानकारी पर इंटर पास बतायी। पंजीकरण में यूनुस का नाम ही अंकित था। इंचार्ज के पर्सन के तौर पर भी यूनुस का नाम अंकित था लेकिन वह अस्पताल संचालन की योग्यता नहीं रखता था। उसे भी सील कर बंद कर दिया गया।



सम्भल- ग्राम मोहम्मदपुर टांडा स्थित भारत माता मेडिकल पर संचालित अवैध अस्पताल पर कार्रवाई करते।

# रेनहार्वेस्टिंग पर चर्चा कर लोगों को करें जागरूक

**०आकांक्षात्मक विकास खंडों में कार्यों की प्रगति की समीक्षा में दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आकांक्षात्मक विकास खण्डों में कार्यों की प्रगति की समीक्षा में प्रमुख इंडीकेटर्स पर चर्चा की गई।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच, आईसीडीएस के अन्तर्गत बाल मैत्रिक शौचालय, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, कौशल विकास मिशन, लोकल फॉर वोकल डीजिटल साक्षरता, ओडीएफ प्लस, भूजल निष्कर्षण का प्रतिशत पर चर्चा की गयी। ग्राम कुल की बैठकों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग के विषय में चर्चा करने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। गौवंशो के टीकाकरण, कृषि विभाग के अन्तर्गत एफपीओ के गठन एवं इसके कार्यों पर चर्चा की गयी तथा जनपद में एफपीओ बढाने एवं लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। अध्यापक की डायरी, अधिकारियों द्वारा परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण स्वच्छता मापन के अंतर्गत आशाओं की डायरी को लेकर भी चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने की।

# आखिर किसके संरक्षण में चल रहे थे अवैध अस्पताल

**०वर्षों से मलाइदार पद पर कुंडली मारे बैठे नोडल अधिकारियों की भूमिका की भी हो जांच ० प्रशासनिक स्तर पर की जा रही कार्रवाई सराहनीय ० विभाग की जांच से हो सकेगा दूध का दूध और पानी का पानी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** चिकित्सा सेवा को व्यवसाय बनाकर रोगियों से हो रही लूटपाट और जान से खिलवाड़ करने वालों पर प्रशासनिक कार्रवाई सराहनीय है लेकिन इसी के साथ फर्जी और अपंजीकृत अस्पतालों और क्लीनिकों को रोकने व उन पर कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाए गए क्वैक्स विभाग की अब तक चुप्पी व धड़ा-धड़ अपंजीकृत और फर्जी अस्पतालों के मिलने पर अनेको सवालों ने जन्म ले लिया है।

जिले में झोलाछापों के मकड़जालों को तोड़ने और कुकुरमुत्तों की तरह खुले अस्पताल और क्लीनिकों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्वैक्स का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। जिले में पहले तो चंद क्वैक्स के नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता था लेकिन क्वैक्स विभाग के ऊपर लगातार लगते आरोपों पर जिले में तीन तहसीलों में अलग-अलग नोडल अधिकारी बना दिए गए। मलाईदार पद पर आसीन नोडल अधिकारी का काम झोलाछापों और अवैध रूप से अस्पताल व क्लीनिकों का संचालन बंद कराने तथा कानून का शिकंजा कसना रहता है। लेकिन जिले में चल रहे आपरेशन अस्पताल अभियान में प्रशासन स्तर पर की जा रही छापामार कार्रवाई की जा रही है उसमें निरंतर अवैध और अपंजीकृत तथा मानकों के विपरीत अस्पतालों का संचालन का भंडाफोड़ हो रहा है। प्रशासन स्तर की जा रही कार्रवाई जहां सराहनीय है वहीं स्वास्थ्य विभाग, क्वैक्स विभाग और उनके नोडल अधिकारियों के कार्य को लेकर अनेको सवालों ने जन्म ले लिया है। अब तक इस मलाइदार पद पर आसीन नोडल अधिकारी क्या करते रहे? उन्हे अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिकों की जानकारी कैसे और क्यों नहीं हुई? यदि जानकारी थी तो फिर अवैध रूप से अस्पताल और क्लीनिक कैसे संचालित हो रहे थे? उन पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जबकि एक दो नहीं बल्कि कई-कई वर्षों से इस मलाइदार पद पर कुंडल मारे बैठे नोडल अधिकारी अब तक क्या कर रहे थे। बहरहाल इतने बड़े पैमाने पर अवैध अस्पताल क्लीनिकों स्तर से प्रशासनिक अधिकारी की कार्रवाई पर हो रहे भंडाफोड़ ने नोडल अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बना दिया है वहीं अवैध रूप से अपंजीकृत व मानकों के विपरीत संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई के साथ नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने और उनकी अब तक कार्यप्रणाली और भूमिका की भी जांच की जाना ज़रूरी है। इसी से अवैध रूप से किये जा रहे संचालन में किसका संरक्षण रहा और कैसे संचालित किये जाते रहे दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा। साथ ही अन्य ऐंसे मामले भी सामने आ सकते हैं जिससे प्रशासन की वाह-वाही हो सकेगी और मलाइदार पदों पर बैठकर अब तक किए गए गोलमालों का भी भंडाफोड़ होगा।

## 'एक खेल-एक पहल' महत्वाकांक्षी योजना

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** एक खेल पहल के तहत केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत सम्भल में खेलो इंडिया का एथलेटिक कैंप चल रहा है। जिसमें 30 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। जिला सम्भल स्थित डीएम कार्यालय में अभ्यासरत खिलाड़ियों को खेल किट का वितरण किया गया।

# सोता रहा परिवार चोर घर में घुसकर ले गए माल

**०असमोली थाना क्षेत्र में दो घरों में चोरी से दहशत**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** ठंड ओर कोहरे ने अभी दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन चोरियों की वारदातें निरंतर बढ़ती जा रही हैं। चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर लिया। चोरियों की बढ़ती वारदातों से थाना पुलिस की सजगता की पोल खोल रही है जबकि चोरियों से लोगों में दशहत है।

थाना असमोली क्षेत्र के मढ़न चौकी के ग्राम सीढल माफी निवासी जुम्मा पुत्र हमीद मुल्लाजी अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात्रि किसी समय चोर दीवार फांदकर घुस गए। चोर कमरे रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोना चांदी के जेवर और 10000 की नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह 4:00 बजे के करीब गृह स्वामी नमाज के लिए उठे तो कमरे का गेट खुला हैरान हो गए। उन्होने परिवार के अन्य सदस्यों को उठाया। कमरे के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था जबकि अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात और नकदी गायब थी। सूचना पुलिस को दी गई है। वहीं दूसरी ओर शमशुल पुत्र गफूर के घर से सोने-चांदी के जेवरात व 45,000 रुपये नकद की चोरी की गई। शमशुल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब 4:00 जब वह नमाज के लिए उठे तो कमरों के गेट खुला देखकर उनके पैर तले की जमीन खिसक गई उन्होंने जब कमरे में बढ़कर देखा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था और एक संदूक गायब था। जिसमें उनके सोना चांदी के जेवर और 45000 रुपए रखे हुए थे जब उन्होंने आसपास में तलाश किया तो गांव के बाहर एक खंडहर पड़े मकान में संदूक मिला जिसमें उन्होंने देखा उनका जेवर वह 45000 रुपए गायब थे वही घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। वही दोनों पीड़ित ने मढ़न चौकी पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी की वारदात से ग्रामीणों में भय का माहौल है।



सम्भल- ग्राम सीडल माफी में चोरी के बाद बिखरा सामान दिखाता गृहस्वामी।

## बालिका शिक्षा की प्रेरणा देती है मीना

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल** विकास क्षेत्र पवांसा के जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में प्रेरणास्रोत पात्र मीना का जन्मदिन लडडू बांटकर मनाया गया। जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान विष्णु कुमार, तृषा लोधी तथा सेवाराम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया।

सुगमकर्ता एवं कार्यक्रम संयोजिका तृषा लोधी ने कहा कि मीना ने सम्पूर्ण समाज को जागरूक करने का कार्य किया है इसलिए वह काल्पनिक होते हुए भी बहुत महत्वपूर्ण पात्र है। लैंगिक भेदभाव,कन्या भ्रूणहत्या, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर मीना ने करारा प्रहार किया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और संस्कारों के प्रति जागरूक करने वाली मीना, बच्चों में बहुत ही लोकप्रिय रही है। छात्र-छात्राओं के दिलों में मीना ने अपना विशेष स्थान बनाया हुआ है। इस अवसर पर मीना प्रेरक पूजा आर्या ने कहा कि मैं भी मीना की भांति अपनी साथी छात्राओं के प्रति अच्छा व्यवहार रखूंगी। अच्छे कार्यों के प्रति उन्हें प्रेरित करूंगी तथा समाज में बदलाव लाने के लिए हर समय प्रयासरत रहूंगी।

# अन्तिम संस्कार में शामिल होने गए युवक को रोडवेज ने रौंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अन्तिम संस्कार में शामिल होने गए बाइक सवार युवक को तेज गति रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। चपेट में आया युवक दूर तक खिचड़ता गया। हादसे में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। 108 एम्बुलेंस से उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिंता जनक हालत में उसे रैफर कर दिया। उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिम्यावली निवासी ओमवीर सिंह (25) पुत्र राम औतार के रिश्तेदार की मौत हो गयी थी। सूचना मिलने पर युवक बाइक पर सवार होकर अन्तिम संस्कार में शामिल होने सम्भल बिछौली मार्ग स्थित प्रेम नगर जा रहा था। बाइक सवार युवक सम्भल चंदौसी रोड बिछौली अडडे के पास मोड पर रोड क्रास करने की कोशिश की तभी सरकारी रोडवेज बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी और ओमवीर सिंह को रोडवेज बस में काफी दूर तक खींचकर कर ले गई। हादसे में युवक को काफी गंभीर चोटे आई। सूचना पर आयी 108 एंबुलेंस ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक ने चिंता जनक हालत में उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। मुरादाबाद एक निजी अस्पताल में ओमवीर सिंह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों संग पहुंचे।

## रामलीला में ताड़का वध का मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर में रामलीला में विश्वामित्र मुनि आगमन के साथ ताड़का वध का मंचन किया गया। कलाकारों का अभिनय मंचन देख दर्शक भाव-विभोर हो गए। महर्षि विश्वामित्र चक्रवर्ती नरेश राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांगने उनके महल पहुंचे।

## एक नज़र इधर भी





सम्भल-ग्राम बहलोलपुर मीना मेले में प्रतिभाग करती छात्राएं।

## पीएमश्री विद्यालय में लगा मीना मेला

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।**पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बहलोलपुर विकासखंड गुन्नौर में मीना जन्मोत्सव एवं मीना मेला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने पेंटिंग तथा चार्ट बनाए और मीना का जन्मदिन मनाया गया। काल्पनिक मीना के नाम से बच्चों ने केक काटा विद्यालय में बच्चों की माता-पिताओं को भी आमंत्रित किया गया। जन सहभागिता के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु माता-पिता को प्रेरित किया गया। अपनी बेटियों को शिक्षा अवश्य दिलवाएं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान तथा अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यापक जितेंद्र कुमार, विजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम का संचालन सुभाष सिंह ने किया।



असमोली- असमोली थाना क्षेत्र में अवैध खनन कर भरे जा रहे डम्फर

## असमोली क्षेत्र में बैखौफ अवैध खनन

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** असमोली क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा धाड़ल्ले से जारी है। हीरापुर, असमोली, मुबारकपुर बंद और सीढल माफी गांवों में खुलेआम मिट्टी और बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब कुछ प्रशासन और संबंधित विभाग की मिलीभगत से हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफिया बेखौफ होकर रात-दिन ट्रैक्टर और डंपर से मिट्टी व बालू की तस्करी कर रहे हैं। लगातार हो रहे इस अवैधा खनन से न सिर्फ खेती योग्य जमीन बर्बाद हो रही है बल्कि पर्यावरण पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों से की गई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। वहीं माफियाओं को संरक्षण मिलने की वजह से उनका हौसला और बढ़ता जा रहा है। अगर अवैध खनन पर रोक नहीं लगी तो हमारी जमीनें बंजर हो जाएंगी। मगर मिलीभगत के चलते यह धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा। इस पूरे मामले ने खनन विभाग और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों की मांग है कि उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों और खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# 156 घंटे लगातार सार्वजनिक जगहों पर शुरू होगा महाअभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद संभल द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। यह कार्यक्रम दशहरा मेला मैदान (कुरुक्षेत्र), चंदौसी रोड ओर महामृत्युंजय तीर्थ पर आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी करेंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चल रहे इस पखवाड़े का उद्देश्य शहर को स्वच्छ रखने के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है। डा. तिवारी ने कहा कि पूज्य महात्मा गांधी के दिखाए स्वच्छता मार्ग पर चलते हुए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हमें एक साथ श्रमदान करना चाहिए। उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील की कि हर व्यक्ति एक दिन, व्यक्ति एक घंटा एक साथ ओर जिसमें कल से 156 घंटे लगातार सार्वजनिक जगहों पर यह महाअभियान सम्भल नगर पालिका परिषद क्षेत्र में चलेगा। इसलिए आप सभी श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की टीम व 500 स्काई कर्मचारी के साथ, सभासदगण और समाजसेवी सक्रिय रूप से भाग लेंगे और सामूहिक श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देंगे।

## एमजीएम में रासेयो का स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एमजीएम पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया गया। जिसमें कार्यवाहक प्राचार्य डा. आबिद हुसैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताते हुए स्वामी विवेकानंद जी के उत्तम विचारों से अवगत कराया। डा. अनुभा गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को विस्तार से समझाया। डा. अर्चना बंसल ने वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना की उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा युवा मंच है जो राष्ट्र सेवा के विभिन्न अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन डा. फहीम अहमद ने किया। इस अवसर पर स्वयं सेवक/सेविका उपस्थित रहे।

# दशहरा से दिवाली तक स्वदेशी पखवाड़ा मनाएगी समिति



**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति की बैठक में दशहरा से दीपावली पर्व तक 15 दिन का स्वदेशी जागरण पखवाड़ा मनाने की योजना बनाई गई।

दुर्गा कॉलोनी के ज्ञानदीप मंदिर में संपन्न बैठक में अंकुश त्यागी ने स्वदेशी जागरण अभियान को संचालित करने का प्रस्ताव रखा। जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने विदेशी भगाओ स्वदेशी लाओ का नारा देते हुए लंबे समय तक स्वदेशी जागरण अभियान संचालित करने के विचार व्यक्त किये। अतुल कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, सुशील कुमार, मनोज कुमार शर्मा, अशोक कुमार गर्ग, डा. अरविंद कुमार गुप्ता, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, अत्यंत त्यागी, मनीष चौधरी, सतवीर सिंह पाल, पंकज सांख्यधर, निलेश यादव आदि ने प्रधानमंत्री द्वारा अपेक्षित स्वदेशी अभियान चलाने में अपनी सहमति व्यक्त की। जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने सभी सदस्यों की सहमति, उत्सुकता देखते हुए कहा कि दशहरा पर्व से लेकर दीपावली तक अर्थात 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक 15 दिवसीय स्वदेशी जागरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान में घर घर जाकर पत्रक वितरित करने, दुकानों पर पहुंचकर संपूर्ण स्वदेशी का बोर्ड लगाने, विदेशी सामान का बहिष्कार करते हुए विदेशी सामान को कचरे में डाल कर अथवा आग के हवाले किया जाएगा और स्वदेशी सामान हमेशा खरीदने को लेकर संकल्प कराया जाएगा। भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्य गली मोहल्ले दुकान विद्यालय में जाकर विभिन्न तरीकों से स्वदेशी सामान उपयोग में लाने तथा विदेशी सामान का बहिष्कार करने का 15 दिवसीय सघन अभियान संचालित किया जाएगा।

## छात्राओं के साथ पुलिस ने निकाली रैली

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** कैला देवी थाना क्षेत्र के बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज तथा मां कैला देवी स्कूल की छात्राओं के साथ केला देवी थाना पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को साइबर अपराध से सचेत रहने तथा बेटियों की शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने महिलाओं तथा बालिकाओं के खिलाफ हिंसा का सामना करने व सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूकता रैली निकाली।

## बबराला में निकाली जागरूकता रैली

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** एसपी कृष्ण कुमार के निर्देशन में थाना बबराला पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5 के तहत सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में महिलाओं/छात्राओं को उनके प्रति होने वाले अपराधों व उनके अधिकारो, सरकार की कल्याणकारी योजनाओ आदि के संबंधा में जागरूक कर कस्बा बबराला में जागरूकता रैली का आयोजन किया और सभी को पंपलेट वितरित किये गये। इसके साथ ही विद्यालय में भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने नारी शक्ति जुड़े व अन्य पोस्टर बनाये। इस दौरान बबराला थाना पुलिस, प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी,विद्यालय शिक्षिकाएँ, छात्राएँ आदि रहे।

# बेसमैंट में बनी वक्फ की दुकान प्रशासन ने की सील

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बिना अनुमति बेसमेंट बनाकर दुकान को पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने सील कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के बाज़ार चक्की के पाट के निकट वक्फ सम्पत्ति पर दुकानें बनी हुई हैं। बुधवार को एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि वक्फ बोर्ड की बिना अनुमति के दुकान में बेसमेंट बनाकर दुकान चलायी जा रही थी। जबकि इसके लिए कोई नक्शा भी स्वीकृत नहीं कराया गया था। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी 2024 को उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने जिलाधिकारी को आदेश बिना अनुमति बनी दुकान को तुरंत हटाने का आदेश दिया था। जिसके तहत बेसमेंट को सील किया गया। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वक्फ बोर्ड ने पहले से ही 22 दुकानों की स्वीकृति दी थी। लेकिन कौसर और अफसर ने आदेशों की अनदेखी करते हुए बेसमेंट खड़ा कर लिया और उसमें दुकान संचालित करने लगे। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तो संबंधित व्यक्ति नहीं मिला और दुकान का ताला बंद करके चला गया था। ताला लगी दुकान को सील कर दिया गया। उधर बताया जा रहा है कि उक्त दुकान को लेकर मामला ट्रब्यूनल में लम्बित है। जिसकी सुनवायी को आगामी माह तिथि नियत है। इसकी जानकारी शिकायत कर्ता को भी है। मामले में स्थग्नादेश मिलने की पूरी उम्मीद है।

## ट्रिब्यूनल में विचाराधीन है सील दकान का विवाद

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** बिना अनुमति बेसमेंट बनी दुकान सील कारवाई सवालों के घेरे में आ गयी है। दुकान के किराएदार की माने तो दुकान का मामला हाईकोर्ट के आदेश पर ट्रब्यूनल में मामला लम्बित है। किराएदार मौहम्मद कौसर के भाई मौ. रफीक ने बताया कि दुकान में बेसमेंट जब किराए पर ली गई थी तभी से बना हुआ है। इसकी रिपोर्ट भी जे ई विनियमित क्षेत्र दे पुराना बना होने की दे चुके हैं। लेकिन अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से उन्हे नोटिस दिया गया था। जिसके खिलाफ वह हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने ट्रब्यूनल में जाने का आदेश दिया था। जिस मामला ट्रब्यूनल में लम्बित है। इसकी सुनवायी के लिए 3 अक्अूबर नियत है। इससे पहले ही इस कार्यवाही को अंजाम दे दिया गया।

# विद्यालयों में गुरुजन और दीदी कहने की दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** न्याय पंचाय तवार एक दिवसीय प्रशिक्षण में गुरूजनों को गुरूजन और दीदी कहने की शपथ दिलायी गयी।

विकासखंड असमोली के सभागार में हरथला, गुमसानी, मढ़न, याय पंचायत के समस्त गुरुजनों एवं दीदीजनों को एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया के संरक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित प्रशिक्षण के सभी विकासखंडों में गतिमान है, प्रशिक्षण 8 सितंबर से 30 सितंबर तक जनपद सम्भल की आठों विकासखंड की 65 न्यायपंचायत में न्याय पंचायत बार आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अब तक बहजोई, बनियाखेड़ा, जुनावाई, गुन्नौर, पंवासा, रजपुरा, समील विकास खण्ड की 53 न्यायपंचतों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए गुणात्मक शिक्षा युगनिर्माता के रूप में गुरुजी एवं दीदी को आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित करना तथा विकास का आधार ग्राम सचिवालय ग्राम कुल को सक्रिय करना है। प्रशिक्षण का प्रेरणास्रोत पुनरुत्थान विद्यापीठ, अहमदाबाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 तथा गिजूभाई का ग्रंथ दिवास्वप्न है। प्रशिक्षण का उद्देश्य गुणात्मक शिक्षा हेतु जनपद में क ख ग घ मिशन को पूर्ण रूप से लागू करना, शिक्षकों में गुरुत्व की भावना जागृत करना है तथा प्रधान की अध्यक्षता और प्रधानाध्यापक की सह अध्यक्षता में ग्रामकुल की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण चार सत्रों में संपन्न हुआ था। प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मेहरा ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को विद्यार्थियों के जीवन परिवर्तन करने के लिए शिक्षा देनी चाहिए न कि केवल अगली कक्षा में आने के लिए, प्रशिक्षण में डीपीएमयू के जिला समन्वयक डा. एस एन शर्मा ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को अपने अंदर गुरुत्व की भावना जगानी चाहिए। डीपीएमयू जिला समन्वयक विपुल राठौर ने प्रशिक्षण में जिले में एनइपह 2020 (एलकेएस)जिले में एल के को पूर्ण रूप से लागू करने से शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा सकती है और शिक्षक युग में निर्माता है उनको राष्ट्र के बारे में चिंतन करना चाहिए। इससे छात्रों और समाज को बहुत लाभ होगया। अंत में जिला समन्वयक द्वारा सभी गुरुजनों को यह शपथ दिलायी गई कि आज से हम एक दूसरे को गुरुजी और दीदी कहेंगे, बनेंगे।

## आदि शक्ति मां दुर्गा के विस्तृत रूप

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 91 वीं कडी के तीसरे दिन अमरोहा ईकाई से नितिन सैनी संजना देवी व रामपुर ईकाई से सचिन सैनी व उषा देवी द्वारा माँदुर्गा के तृतीय स्वरुप माता चन्द्र घंटा को तीन वर्ष की कन्या का पूजन कर पान सुपारी धवजा नारियल फल मेवा अष्टगंधा शुद्ध घी व शहद से इक्कीस हजार छ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्धि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की प्रत्येक शुक्ल पक्ष तिथि एकम से नवमी तिथि तक व त्रैमासिक वर्ष में चार बार छमाही वर्ष में दो बार और पूरे वर्ष में कुल वारह बार नवरात्रि आती है।

# बाग में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

## गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरू की जांच पड़ताल, शव पोस्टमार्टम को भिजवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी थाना क्षेत्र के नगर स्थित बिछुआ बाग में बुधवार की सुबह सनसनीखेज वारदात सामने आई। यहां आम के बाग में खून से लथपथ हालत में एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान अजीम पुत्र लाल के रूप में हुई है, जो पेशे से हेयर कटिंग का काम करता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अचानक हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया जिसे बड़ी ही बारीकी के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित परिवार की तरफ से पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है, परिजनों द्वारा बताया गया है युवा घर से शाम के वक्त लापता हुए था। घर वालों ने काफी तलाशने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मिला तो सुबह घर वाले थाने पहुंचे और गुमशुदा की दर्ज कराई।

तभी किसी ने बताया कि उसकी लाश आम के बाग में खून से लटपत हालत में पड़ी हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### चर्चा: सोशल मीडिया भी हो सकती है हत्या की वजह

**कुंदरकी।** आज कल कुन्दरकी नगर में सोशल मीडिया पर खूब बहसबाजी और रीलबाजी हो रही है। इन्ही रील बाजी की वजह से खूब झगड़े भी हो रहे हैं। युवक रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर अपना अपना वर्चस्प दिखाते हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले युवको का एक बड़ा समूह नगर में खूब उत्पाद मचा रहा है। मारपीट से लेकर गैंगस्टर सांग के साथ युवक हवा बाजी की खूब रील डालते हुए देखे जाते हैं। हालांकि यह झगड़े होते हैं और आपसी समझौते के बाद खत्म भी हो जाते हैं। कुछ मामले तो पुलिस में भी नही जाते लेकिन यह हवाबाजी की चर्चा युवाओ में खूब है। चर्चा है मृतक युवक भी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव था।

### कुछ लोग मान रहे हैं आत्महत्या

**कुन्दरकी।** लोग युवक की हत्या को आत्महत्या मान रहे है। लोगों में चर्चा है, प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया होगा हालांकि इस बात की अभी कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। लोगो मे इस बात की चर्चा आम है। लेकिन परिजनों ने घटना को स्पष्ट रूप से हत्या बताया है। घटना की स्पष्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद क्लियर हो जाएगी।

### हेयर कटिंग का काम करता था युवक

**कुंदरकी।** युवक ने हाल ही में मोहल्ला कायस्थान की एक मार्किट में हेयर सैलून की शॉप खोली थी। युवक के बारे में कहा जाता है बहुत ही शांत स्वभाव का था सभी लोगों से हंसी खुशी मिलता था हालांकि उसकी किसी से ऐसी बड़ी दुश्मनी भी नहीं थी अक्सर वह घर से दुकान और दुकान से घर पर ही आया जाया करता था।



# आजम खां की रिहाई पर सपाइयों ने बांटी मिठाई और की आतिशबाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर समाजवादी पार्टी महानगर कैम्प कार्यालय में समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री (उत्तर प्रदेश) जनाब मोहम्मद आजम खान को कानून के द्वारा सीतापुर जेल से रिहाई होने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी के मोके पर बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मिठाई बांटी आतिशबाजी की, आजम खान के लिए दुआएं की गई। इस मौके पर निम्न पदाधिकारी महानगर के उपस्थित रहे। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्री इकबाल अंसारी महार्स. चव श्री गजेन्द्र सिंह यादव हाजी कैसर अली कुददूसी डॉ सोमवीर सिंह यादव श्री सलीम वारसी श्री तरुण गुप्ता श्री राजकुमार प्रजापति श्री मो.शाकिर श्री नाजिर खघन जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा श्री मोनिस अली श्री फहीम मंसूरी श्री लूमान पाशा मजदूर सभा महानगर अध्यक्ष जानाब हाजी राशिद अंसारी डॉ असीम खघन श्री विशाल ठाकुर श्री शोभित गुप्ता सुऐव हसन खां पाशा आदि कार्यकर्ता भारी तादात में लोग शामिल रहे।



# टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में चार दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एसडीपी) का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट सदैव अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक गतिविधियों एवं कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इसी कड़ी में बीबीए (आईबीई) पाँचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए चार दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को वैश्विक व्यवसाय के आधुनिक परिप्रेक्ष्य से रूबरू कराया गया।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि वक्ता के रूप में कॉरपोरेट ट्रेनर श्री शितांशु मिश्रा आमंत्रित किए गए। श्री मिश्रा ने इंटरनेशनल शिपिंग मैनेजमेंट तथा थियरीज ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाया कि अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार कैसे संचालित होता है, शिपिंग मैनेजमेंट के क्या व्यावहारिक आयाम हैं, और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए रणनीतियाँ किस प्रकार विकसित की जाती हैं। चार दिनों तक चले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने न केवल सैद्धांतिक ज्ञान अर्जित किया बल्कि केस स्टडी, समूह चर्चा और प्रश्नोत्तर सत्रों के माध्यम से व्यावहा. रिक दृष्टिकोण भी विकसित किया। इंटरएक्टिव सेशन्स के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और वैश्विक व्यापार से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया कि वे बदलते वैश्विक परिदृश्य में प्रतिस्पर्धी बनने के लिए नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और विश्लेषणात्मक सोच जैसी गुणों को विकसित करें। उन्होंने उद्योग जगत की चुनौतियों, अवसरों और करियर संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। इस प्रकार के विकास कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास जगाते हैं और उन्हें वैश्विक करियर पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। हम श्री शितांशु मिश्रा के सारगर्भित मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभारी हैं।




# 300 किसानों को मिलेगा 25 लाख मुआवजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना में आई बाढ़ की वजह से बर्बाद हुई किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन फसलों का सर्वे करा रहा है। सोमवार तक प्रशासन ने जेवर के लगभग दस गांव में 317 किसानों की फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कर पोर्टल पर अपलोड कर दिया है।

पोर्टल पर फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के रूप में दी जाने वाली मुआवजा राशि भी दिख रही है। कुछ गांव में जलभराव की वजह से तहसील और सर्वे लेखपाल सर्वे का काम पूरा नहीं कर पाए है सभी किसानों की फसलों में हुए नुकसान का सर्वे के बाद प्रदेश सरकार मुआवजा देगी।अगस्त माह में हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद जेवर तहसील के कई गांव की खेती बाढ़ के पानी की चपेट में आने से बर्बाद हो गई थी। किसानों के खेतों में परमल, लौकी, काशीफल और धान के अलावा पशुओं के चारे की फसलों में जल जमाव की वजह से फसलें बर्बाद हो गई थी।

किसानों ने बाढ़ के पानी में डूबने से हुई फसलों की बर्बादी की भरपाई के लिए सरकार से मुआवजे की मांग उठाई थी। तहसील प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित 317 किसानों की 145 हेक्टेयर जमीन में फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान मानते हुए सर्वे रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड कर दी है। लगभग 300 किसानों का सर्वे कर लिया गया है गोविंदगढ, सिरसा,फलैदा खादर, अमरपुर पलाका,अनवरगढ खादर सहित सभी गांव में अभी किसानों की फसलों के सर्वे का काम चल रहा है। कुछ जगहों पर अभी भी बाढ़ का पानी जमा होने की वजह से सर्वे कार्य पूरा नहीं हो पाया है। सर्वे कार्य पूरा कराते हुए सभी प्रभावित किसानों को नुकसान की क्षतिपूर्ति धनराशि का आंकलन कराया जा रहा है।

## प्रत्येक व्यक्ति को राम के पद चिन्हों पर चलना चाहिएः मदन चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा बुधवार को रामलीला के तीसरे दिन रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मदन चौहान पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि रामलीला एक ऐसा पर्व आता है कि इससे हमें यह सीख मिलती है कि ,प्रत्येक व्यक्ति को आज के माहौल में रामचंद्र जी के पद चिन्हों पर चलना चाहिए, यह सिखाता है, उन्होंने सृष्टि और नजीर पेश कर सबसे बड़े धर्म का पालन किया और अनुचित व उचित को समझते हुए असत्य पर सत्य कीविजय प्राप्त की, इसलिए किसी भी व्यक्ति को घमंडी व अत्याचारी नहीं होना चाहिए और सभी को धर्म का पालन करते हुए राम के पद चिन्हों पर चलना चाहिए, रामलीला में यही दर्शाया गया है कि जो धर्म के रास्ते से भटकेगी उसका बुरा हाल होता है।

इस अवसर पर अतिथिअम्रत जैन अध्यक्ष नगर निगम जॉन रोहिणी दिल्ली ने कहा कि रामलीला यानी दशहरा का वी हम सभी को यह सिखाता है कि हमेशा सत्य की जीत होती है भगवान रामचंद्र ने सत्य की राह पर चलते हुए विजय प्राप्त की इसलिए दशहरा का पर्व मनाया जाता है।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि प्रभु बंशीधर, कार्यक्रम अध्यक्ष पीयूष द्विवेदी वरिष्ठ समा. जसेवी एवं उद्योगपति ने गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रामलीला देखने आए लोगों और मुख्य अतिथि का रामल. ीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल और उनकी टीम ने आभार प्रकट किया।

# गर्भवती महिला की मौत के दो महीने बाद आकांक्षा हॉस्पिटल सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र में अवैध अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं और महिलाओं बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं,आए दिन मूंढापांडे में अवैध अस्पताल के संचालक कम पैसों का लालच देकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं, और जब मरीज की हालत बिगड़ जाती है तो उन्हें अच्छे इलाज के लिए मुरादाबाद के अस्पतालों में भर्ती करने की सलाह देते हैं, जबकि मुरादाबाद पहुंचने से पहले ही मरीज दम तोड़ देता है, ऐसा ही एक मामला थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव मिलक कामरु का सामने आया है, मिलक कामरु गांव के रहने वाले मृतक शशि के ससुर भानु प्रकाश ने एसएसपी मुरादाबाद को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सतपाल अपनी गर्भवती पत्नी शशि को दलपतपुर आंकाक्षा अस्पताल में दिखाने पहुंचा था, मूंढापांडे के दलपतपुर की रहने वाली डाक्टर शशि पत्नी प्रेम ने नोर्मल डिलीवरी का झांसा देते हुए अपने अस्पताल में भर्ती कर लिया,जब नोर्मल डिलीवरी नहीं हुई तो आप्रेशन कर दिया महिला ने पुत्र को जन्म दिया, जब महिला की हालत बिगड़ी तो परिवार वालों को मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराने को कहा जब परिवार वाले महिला को मुरादाबाद लेकर जा रहे तो उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में डाक्टर को दिखाया भी लेकिन डाक्टरों ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया, उसके बाद मृतक के शव को लेकर परिवार वाले दलपतपुर चौकी पहुंचे और डाक्टर के खिलाफ हंगामा करते हुए कार्यवाही की मांग करने लगे, पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए सतपाल की मृतक पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया, परिवार और रिश्तेदारों ने अंतिम संस्कार कर दिया, महिला की मौत के बाद भी अवैध अस्पताल लगातार खुला रहा, पीड़ित ने सीएमओ मुरादाबाद, एसएसपी मुरादाबाद को डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए शिकायती पत्र दिए, सीएमओ कुलदीप सिंह ने एक टीम गठित की जिसके दो महिने बाद बुधवार को स्वास्थ्य विभाग से एसीएमओ बेलवाल अपनी टीम के साथ आकांक्षा अस्पताल को सील करने पहुंचे, अवैध अस्पताल सील होने के बाद मृतक के परिवार वालों ने कुछ राहत की सांस ली है।

**कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

संस्था फैन्डस वैलफेयर सोसाइटी, चान्दपुर जिला बिजनौर सर्वश्री 01. श्री जलील अहमद पुत्र श्री महफूजर्रहमान, भूतपूर्व अध्यक्ष, निवासी मौ० शाहचन्दन, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 02. श्री फखरूद्दीन पुत्र श्री कमरूद्दीन भूतपूर्व उपाध्यक्ष, निवासी मौ० शाहचन्दन, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 03. फुरकान अहमद पुत्र श्री मजहरउद्दीन भूतपूर्व कोषाध्यक्ष, निवासी 814, मौ० शाहचन्दन, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 04. श्रीमती सलमा नूर हमीदी पुत्र श्री अब्दुल सलाम भूतपूर्व सचिव निवासी मुफ्ती सराय, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 05. श्री बकार आलम पुत्र श्री शाह आलम भूतपूर्व ऑडिटर, निवासी पतियापाड़ा, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 06. श्री मौ० ताहिर पुत्र अब्दुल करीम भूतपूर्व स० ऑडीटर, निवासी मौ० चाहसंग, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 07. श्री मौ० रिजवान पुत्र श्री मौ० फुरकान, भूतपूर्व सदस्य, निवासी जय भारत ट्रांसपोर्ट के पास, सराय रफी, धनौरा रोड, चांदपुर जिला बिजनौर। 08. श्री जावेद अख्तर पुत्र श्री अलाउद्दीन, भूतपूर्व सदस्य, निवासी मुफ्ती सराय, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 09. यासमीन परवीन पुत्री रियाजुद्दीन भूतपूर्व सदस्य, मुफ्ती सराय, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 10. श्री साजिद अख्तर पुत्र मौ० अख्तर भूतपूर्व सदस्य निवासी मुफ्तीसराय, चान्दपुर जनपद बिजनौर। 11. श्री नसीम अहमद पुत्र श्री नूर मौहम्मद भूतपूर्व सदस्य, निवासी पतियापाड़ा चान्दपुर जनपद बिजनौर। 12. श्रीमती हसन जहाँ पत्नी श्री जलील अहमद भूतपूर्व सदस्य, मौ० शाहचन्दन, चान्दपुर जनपद बिजनौर। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि संस्था फैन्डेंस वैलफेयर सोसाइटी, चान्दपुर जिला बिजनौर की प्रबन्धसमिति की सूची वर्ष 2024-2025 पंजीकृत किये जाने श्री अफजाल अहमद स्वंय को उक्त संस्था का अध्यक्ष दर्शाते हुये प्रपत्र दिनांक 17.06.2025 को प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत प्रबन्धसमिति की सूची तथा साधारण सभा की सूची वर्ष 2025-2026 में आपको संस्था में चयनित नहीं दर्शाया गया है। अत: उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में सो०रजि०एक्ट 1860 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। है। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा० पंजी०अधि० 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से-(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्ध

# मां चंद्रघंटा की उपासना में लीन हुआ ठाकुरद्वारा

## नवरात्रि के तीसरे दिन मंदिरों में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शक्ति की साधना, भक्ति की अनुभूति और आस्था की गूंज ख्र कुछ ऐसा ही दिव्य दृश्य बुधवार को ठाकुरद्वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिला, जब नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तृतीय रूप ष्मां चंद्रघंटाष की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की टोलियां चुनरी ओढ़े, कलश लिए माता के दर्शन को उमंग और उल्लास के साथ निकल पड़ीं। कोतवाली रोड स्थित दुर्गा मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, खागेश्वर मंदिर (वडा बाजार), हरिहर मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, कालरात्रि मंदिर, शिव मंदिर (बजारान मोहल्ला), माता मंदिर (नगर रोड), सिंचाई कॉलोनी मंदिर तथा ग्रामीण अंचलों ख्र फैजुल्लागंज, निर्मलपुर, गोपीवाला, सुल्तानपुर दोस्त, लोगी कला, लौगी खुर्द, रामनगर खागूवाला, शरीनगर आदि स्थानों पर माता के भजन-कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्ति में लीन महिलाएं, मंत्रोच्चार से गुंजायमान मंदिर परिसर भोर से ही मंदिरों में घंटा-घड़ियाल और शंखध्वनि की ध्वनि गूंजने लगी। महिलाएं हाथों में थाली सजाए, माता के भजन गाती हुई मंदिर परिसर में एकत्र हुईं। जय मां चंद्रघंटा के उद्घोष के साथ वातावरण दिव्य ऊर्जा से भर उठा। श्रद्धालुओं ने दीप जलाए, मां की आरती की, और उनके ज्योतिर्मय स्वरूप का ध्यान करते हुए अपने परिवार और समाज की मंगलकामना की। रात्रि तक चला भजन-कीर्तन, हुआ प्रसाद वितरण संध्या होते-होते मंदिरों में सामूहिक भजन-कीर्तन प्रारंभ हो गया।

ढोलक, मंजीरा और ताली की ताल पर ष्मईया के दरबार में जो भी गया खाली नहीं आया...ष जैसे भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं के नेत्र नम और हृदय भावविभोर हो उठे। मंदिरों में प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धालुओं ने रात्रि तक मां के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# समिति की बैठक में विधायक रामवीर ने उठाए कई मुद्दे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 2 दिन से लखनऊ विधानसभा में विपिन कुमार डेविड की अध्यक्षता में चल रही प्रतिनिधि विधायक समिति के बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ऊर्जा विभाग एवं नगर विकास विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। कुंदरकी विधानसभा के 42 गांवों से आबादी के मध्य से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को भूमि की उपलब्धता के आधार पर हटाने की मांग की। हाईटेंशन लाइन के कारण बहुत बड़ी आबादी को हमेशा खतरे में रहना पड़ रहा है, कई बार जनहानि भी चुकी है। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने नगर विकास विभाग से संबंधित प्रस्ताव भी बैठक में रखे। जिसमें विधानसभा कुंदरकी की नगर पंचायत कुंदरकी के लिए जल निकासी का प्रस्ताव रखा, जिससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या का समाधान हो सके और स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त मुरादाबाद जनपद की नगर पंचायत कांठ, उमरी, अगवानपुर, नगर पालिका बिलारी आदि के लिए वंदन योजना और पंडित दीनदयाल योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गए, जिससे इन क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिल सके और स्थानीय निवासियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें। बैठक में ऊर्जा विभाग एवं नगर विकास विभाग के अधिकारियों और अन्य समिति सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया गया और विभागीय कार्यों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## एक नजर

### जीवन को सफल बनाने के लिए बालिकाएं बने आत्मनिर्भर: वंदना विश्नोई



कांठ (शाह टाइम्स) पीएम श्री विद्यालय( कंपोजिट)में आज महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति 05 विशेष अभियान के अंतर्गत केक काटकर मीना का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया ष्मीना दिवस ष पर बालिकाओं को निडर फिल्म दिखाई तथा रैली, नुक्कड़ नाटक, लोक गीत के आयोजन के उपरांत मीना का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गयास कार्यक्रम में मीना मंच सुगमकर्ता वंदना बिश्नोई ने बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बालिक. ाओं से आत्मनिर्भर बनने का आहवान किया स कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह, नीरू रस्तोगी , बदर जहां, पारुल जैन सोनी, स्वाति शेखावत, देवेश कुमार एवं सुमन कुमार का विशेष योगदान रहा।

### तीस सितम्बर से पूर्व शिकायतों का निस्तारण करें: खेत सिंह



**कांठ (शाह टाइम्स संवाददाता)** सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव खेत सिंह ने मेले के दौरान आ रही शिकायतों का निस्तारण 30 सितंबर से पहले करने के निर्देश दिए उन्होंने बताया कि आज मेले का सातवां दिन था और और आज 52 किसानों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिनमें 10 शिकायतों का निस्तारण तुरंत कर दिया गया अधिकतर शिकायतें गन्ना किस्म परिवर्तन, पेड़ी गन्ना तथा बैंक खाता के संबंध में प्राप्त हुई है।

उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को मेले के दौरान आई शिकायतों का निस्तारण 30 सितंबर से पहले करने के निर्देश दिए। सट्टा प्रदर्शन मेले में किसानों के साथ-साथ 11 गन्ना पर्यवेक्षक चीनी मिल अगवानपुर स्योहारा और रानी नंगल के फील्ड ऑफिसर आदि मौजूद रहे।

### शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज में संकुल खेलों का हुआ आयोजन

**बिलारी।** शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय संकुल खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें तीसरे दिन दौड़ 100 मीटर , 200 मीटर, 400 मीटर व 800 मीटर में वर्ग सीनियर, जूनियर व सब जूनियर वर्ग का आयोजन हुआ। इसके बाद तीन दिवशीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर व कांस्य मेडिल व प्रमाण पत्र देकर प्रबंधक साहिन वीना सहाय व सह उपाध्यक्ष साहू सुनील सहाय, प्रधानाचार्या कुमारी सुनीता राठौर द्वारा सम्मानित किया गया।तीन दिवशीय खेल प्रतियोगिता में शंकर सहाय हरसहाय कन्या इंटर कॉलेज बिलारी,श्रीमती मीरा अग्रवाल इंटर कॉलेज अमरपुर काशी,कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी, आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा, राम रतन इंटर कॉलेज बिलारी, राजकीय अभिनव विद्यालय नारायनपुर देवा, डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्यालय इंटर कॉलेज बिलारी, किसान इण्टर कॉलेज ग्वारऊ, अनुज कुमार इंटर कॉलेज बिलारी एवं अनवार इंटर कॉलेज आदि की छात्राओं ने स्थान प्राप्त किये।

प्रतियोगिता कराने में डॉक्टर अनुपम गुप्ता, प्रियंका भारद्वाज, आशीष जादौन, पुनीत, आमिर,गौरव,विवेक यादव आदि का सहयोग रहा।संचालन श्रीमती सीमा ,कंचन, प्रिया मिश्रा एवं राकेश कुमार ने किया।

### रानी प्रीतम कुंवर स्कूल में कराई गई टेलेंट सर्च परीक्षा

**बिलारी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** रानी प्रीतम कुंवर स्कूल में जिने. सिस एकेडमी मुरादाबाद द्वारा टेलेंट सर्च परीक्षा कराई गई। जिसमें विद्यालय के कक्षा 9 से लेकर 12वी तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रानी प्रीतम कुंवर स्कूल बिलारी में जिनेसिस एकेडमी के सहयोगी दीप्ति गुप्ता एवं प्रदीप शर्मा तथा विद्यालय के अन्य अध्यापकोंकी देखरेख मैं यह परीक्षा कराई गई । विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत ईश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी प्रतिभा पर निखारने के लिए इस तरीके की परीक्षाएं कराई जाती हैं। उन्होंने आगे बताया कि परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विद्यालय के अमित सक्सेना, हेमंत शर्मा, नादिर रजा, निर्मल सिंह ,मोहम्मद अजमल, मोहम्मद रिजवान, अंजू सिंह आदि का सहयोग रहा।

### मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में महिलाओं के लिए लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

**मुरादाबाद।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मनन सभागार में महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें अनेकों महिला कर्मचारियों ने शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों से जाँच एवं परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मनन सभागार में बुधवार को एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। शिविर के दौरान महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनमें प्रसव पूर्व जांच, पंजीकरण, टीकाकरण, एनीमिया जांच, उच्च रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच और आहार परामर्श शामिल रहे। शिविर में लगभग 150 महिला रेलवे कर्मचारियों ने इस व्यापक कार्यक्रम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक इंद्रजीत कौर के निर्देशन एवं उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सुषमा राठी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. राजवीर सिंह ( नेत्र रोग विशेषज्ञ ), डॉ. विशाल रहेजा (दंत चिकित्सक), डॉ. हिमांशी सिंह (डाइटिशियन), दिनेश ( सीएनएस ) और रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद की मेडिकल टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 65 वर्षीय महिला रास्ते से गायब, पुलिस को दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के गांव माधोबाला निवासी 65 वर्षीय महिलाफूलवती पत्नी राजपाल सिंह चौहान 23 सितंबर को3:30 के आसपास अपने बेटे मनोज चौहान केआवास पर मिलने के लिए घर से निकली थी । लेकिन देर शाम तक वह मैं तो घर पर पहुंची और नहीं दुकान पर पहुंची । बीच में ही लापता हो गई । गायब होने की सूचना पर परिजनों में कोहरा मच गया । बताया जाता है कि कमलापुरी रोड पर उन्हें ठाकुरद्वारा की दिशा में पैदल आते देखा गया था लेकिन उसके बाद उनकाकुछ पता नहीं चला। सारे रिश्तेदारों में मिलने वालों की यहां भी तलाश किया। परिजनों ने पुलिस कोतहरीर दे कर कानूनी कार्रवाई कीमांग की।

**कार्यालय कम्पोजिट वि० मुनीमपुर विकास खण्ड मूढ़ापांडे, मुरादाबाद।**

**नीलामी सूचना**

विद्यालय प्रबन्ध समिति कम्पोजिट विद्यालय मुनीमपुर विकास खण्ड मूढ़ापांडे (मुरादाबाद) के ध्वस्तीकरण के लिए स्वीकृत जर्जर भवन की नीलामी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के आदेश पत्रांक संख्या एस. एस.ए./ज.भ./5467-72/2025-26 दिनांक 17.09.2025 के अनुपालन में दिनांक 29.09.2025 दिन सोमवार को विद्यालय भवन के परिसर में 10.00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता समय से पहुंचकर बोली में भाग ले सकते है। नीलामी की शेष शर्ते विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| (अध्यक्ष) | (सचिव) |
|---|---|
| विद्यालय प्रबंध समिति कंपोजिट विद्यालय मुनीमपुर न्याय पंचायत सरकड़ा खास | विद्यालय प्रबंध समिति कंपोजिट विद्यालय मुनीमपुर ब्लाक मूढ़ापांडे, मुरादाबाद। |

# जो भी गलत पॉलिसी सरकार लेकर आएगी हम उसके खिलाफ आंदोलन करेंगे: राकेश टिकैत

## सिविल लाइन्स क्षेत्र अंबेडकर पार्क में महापंचायत को संबोधित करने पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, ट्रैक्टर से सभा स्थल पर पहुंचे चौधरी राकेश टिकैत, किसानों ने किया भव्य स्वागत







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ओर से महापंचायत का आयोजन शहर के सिविल लाइन्स क्षेत्र अंबेडकर पार्क में किया गया। इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने पहुंचकर महापंचायत को संबोधित कर किसानों में जोश भरा। इस महापंचायत में भारी संख्या में किसान शामिल हुए,किसानों कि महापंचायत को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आए, जिसके चलते शहर के सिविल लाइन क्षेत्र पीली कोठी चौराहा पर और अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट को जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग कर वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया गया था। इसी के तहत पीली कोठी चौराहे से अंबेडकर पार्क आ रहे किसानों की ट्रैक्टर ट्राली अंबेडकर पार्क तक ले जाने को लेकर झड़प भी हुई। अंबेडकर पार्क में किसानों की महापंचायत के चलते पीली कोठी चौराहा से अंबेडकर पार्क की ओर आने वाले मार्ग पर वाहनों के ले जाने पर पूरी तरह से पुलिस शासन के द्वारा रोक लगा दी गई थी, इस दौरान किसान जब ट्रैक्टर ट्राली से पीली कोठी चौराहे पर पहुंचे तो ट्रैक्टर ट्राली ले जाने को लेकर उनकी तीखी नोक झोक पुलिसकर्मियों से हुई। अंबेडकर पार्क क्षेत्र पूरी तरह से छावनी में तब्दील रहा, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शासन के द्वारा कड़े इंतजाम किए गए।बुधवार को सिविल लाइन क्षेत्र अंबेडकर पार्क में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्र तथा प्रदेश सरकारों को किसानों के मुद्दों पर चेतावनी दी और कई मांगें दोहराईं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हमारे और संयुक्त किसान मोर्चा की बैठकें जारी हैं और यदि सरकार ने किसानों के हितों में कदम नहीं उठाए तो आंदोलन तेज होंगे।टिकैत ने अपने संबोधन में कहा कि "मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सहित उन सभी राज्यों में जहां सरकारें गांव विरोधी नीतियाँ अपना रही हैं, उनके खिलाफ हमारा आंदोलन रहेगा।

गन्ने का रेट बढ़ना चाहिए, सरकार उत्तर प्रदेश में गन्ने का रेट बढ़ाये। उन्होंने तंज में कहा अगर आपके पास 15 लाख रुपए आए हों तो किसानों की आय दोगुनी हो गई होगी। भूमि अधिग्रहण हो रहा है तो उसकी कीमतें बढ़ाई जाएँ।" उन्होंने सरकारी नीतियों और कर व्यवस्था पर भी तीखा हमला किया और कहा, "जीएसटी से किसी को फायदा हुआ हो तो बताओ हमने कहा 0% कर दो। किसी व्यापारी ने दाम घटाए हों तो हमें बताइए। सरकार को सुधरना होगा, नहीं तो आंदोलन फिर होंगे।सभा में टिकैत ने भविष्य में होने वाली संघर्ष-कदमों का संकेत देते हुए स्पष्ट किया कि सरकार के जवाब मिलने तक किसान संगठन शान्त नहीं बैठेंगे और अपनी मांगों के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार हैं। दरअसल राकेश टिकैत पिछले वर्षों में किसान आंदोलनों के प्रमुख चेहरों में से एक रहे हैं और अक्सर गन्ना मूल्य, भूमि अधिग्रहण, बिजली/टैरिफ तथा कर नीतियों पर सरकारों को घेरते रहे हैं। आज की मुरादाबाद सभा में भी वही केंद्रीय विषय प्रमुख रहे और टिकैत ने स्थानीय प्रशासन तथा राज्य-केन्द्र सरकारों से तत्काल संवाद और समुचित नीति बदलाव की मांग की।

# श्री रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

■ भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** धर्म, भक्ति और संस्कृति का अनुपम संगम ख ऐसा अद्भुत दृश्य ठाकुरद्वारा की पावन भूमि पर देखने को मिला, जब नगर में श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ भव्यता और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद श्री सर्वेश सिंह जी की धर्मपत्नी एवं सामा. जिक कार्यकर्ता साधना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ से पूर्व पंडित ललता प्रसाद शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंत्र ध्वनि और शंखनाद के बीच, श्रद्धालुओं की आँखों में प्रभु श्रीराम के दर्शन की लालसा और हृदय में उत्सव का उल्लास देखा गया। साधना सिंह ने मंच से अपने भावपूर्ण उद्बोधन में कहा, भगवान श्रीराम केवल एक राजा नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और धर्म के प्रतीक हैं। यदि हम उनके आदर्शों पर चलें, तो हमारा जीवन भी राममय हो सकता है।

राम राज्य का सपना केवल कल्पना नहीं, वह आज भी संभव है यदि हम उनकेआदर्शों को अपनाए,उन्होंने महिलाओं की भागीदारी, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, और युवा पीढ़ी को रामायण जैसे ग्रंथों से जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल

रामलीला समिति के प्रबंधक अवनीश शर्मा, कमलेश कुमार अग्रवाल, रवि जौहरी (एडवोकेट), साक्षी चोरावल, संजीत सिंघल, संजीव चौहान, दिलीप कुमार, कुशल अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों और सहयोगियों ने मंचन की समस्त तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की रामलीला में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आए हुए प्रशिक्षित कलाकार भी श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि की भूमिकाएं निभाएंगे। मंचन में उच्च कोटि की ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था की गई है, जिससे दर्शकों को एक दिव्य अनुभव प्राप्त होगा।

रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत प्रमाण है। यह मंच हमें न केवल श्रीराम के जीवन से सीखने का अवसर देता है, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक अमूल्य कड़ी भी है। रामभक्तों से अनुरोध है कि वे प्रतिदिन रामलीला स्थल पर पधारें, दर्शन करें और अपने बच्चों को भी इस सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ें।

# स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत ठाकुरद्वारा सीएचसी पर मेगा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आयोजित

■ 1110 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 13 लोगों ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं एवं आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ठाकुरद्वारा पर स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक मेगा स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आकाश पाल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने भी शि. विर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी मेगा कैंप में कुल 1110 मरीजों ने पंजीकरण कराकर विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण करवाए। इनमें त्वचा रोग, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप (बीपी), शुगर, कुष्ठ रोग (लेप्रोसी) सहित अन्य सामान्य बीमारियों से ग्रसित मरीज शामिल रहे। मरीजों को आवश्यक दवाएं एवं परामर्श भी नि:शुल्क प्रदान किया गया। 13 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान स्वास्थ्य शिविर के साथ ही आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में कुल 13 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजकों ने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस सफल आयोजन में चिकित्सा विभाग की अहम भूमिका रही। विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. विकास सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पी चौधरी ,डॉ. जुनेद आलम,डॉ. शाहिन परवीन जनरल सर्जन आशु गुप्ता ब्लॉक लेखा प्रबंधक ,चंद्रशेखर जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर ,शोएब खान लैब टेक्नीशियन सहित पैरामेडिकल स्टाफ की पूरी टीम ने समर्पण भाव से सहयोग किया। शिविर में आए लाभार्थियों ने प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गांव-गांव में होने चाहिए, जिससे प्राथमिक स्तर पर ही बीमारियों का पता चल सके और उचित उपचार मिल सके।

## एक नजर

### मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में महिलाओं के साथ की गोष्ठी



**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** बुधवारको मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के अंतर्गत चल रहे मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में ग्राम पडिया थाना कुंदरकी में महिलाओं के साथ गोष्टी कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे-विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- फूल ठोकर पर महिला हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन-1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकालीन सेवा -112 स्वास्थ्य सेवा- 102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए MST20 थाना कुंदरकी जनपद मुरादाबाद।

### श्री पारस नाथ चैरिटेबल एजूकेशनल सोसायटी का वाद

**मुरादाबाद।** श्री पारस नाथ चैरिटेबल एजूकेशनल सोसायटी ने यूपी स्टेट के विरुद्ध स्थाई निषेधाज्ञा का वाद पीपलसाना मुस्तेकम में योजित किया है। इस वाद में सरकार की ओर से विरोध किया गया है कि अफजल सिंचाई की मेढ़ मिलान गाटा संख्या 782 से लगी हुई है और गाटा संख्या 781 नहर विभाग की सम्पत्ति है। सर्वे अमीन के लिए अपर लघुवाद न्यायाधीश में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसको खंडित कर दिया गया था। इस आदेश के विरुद्ध जिला जज मुरादाबाद के यहां रिवीजन संख्या **33/25** योजित किया गया था।जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि इस रिवीजन पर अपर जिला जज द्वितीय श्री कृष्ण कुमार सिंह ने रिवीजन स्वीकार किया और सर्वे अमीन का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया।

### व्यापार मंडल ने जीएसटी अधिकारियों संग किया संवाद

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में जवाहर रोड स्थित धनवंतरी फार्मेसी पर जीएसटी अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर बबलू यादव एवं धर्मेंद्र कुमार ने व्यापारियों को जीएसटी सुधारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। डिप्टी कमिश्नर बबलू यादव ने कहा कि जिन वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में कमी की गई है, वहां व्यापारी को आगे बिक्री करते समय कम टैक्स देना होगा। कम टैक्स का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को सस्ते दामों में सामान उपलब्ध कराकर देना आवश्यक है।

# कर वसूली और राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कर, कर वसूली, न्यायालय और राजस्व वाद, प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। उद्योग विभाग, मंडी आय एवं आवक, औषधि विभाग, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग सहित समस्त तहस. ीलदारों से जानकारी प्राप्त की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने डैशबोर्ड पर रैंकिंग और विभागीय प्रगति पर विशेष ध्यान रखने को कहा। आरसी वसूली को लेकर अपर जिलाधिकारी ने कम प्रगति पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। जिन विभागों से आरसी संबंधित हैं, उनके साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने तथा आरसी वापस करने के लिए 11 सूत्रीय एवं 22 सूत्रीय सूचना के साथ भेजने का आदेश दिया गया। उन्होंने खनन, विद्युत, नगर निकाय और वाट माप से संबंधित वसूली पर भी निर्देश दिए और खनन विभाग को दस बड़े बकायादारों की पहचान करने का आदेश दिया। विरासत खारिज, धारा 24 वाद और कृषक दुर्घटना पत्रावली का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा में खनन विभाग को प्रवर्तन बढ़ाने, श्रम विभाग से लंबित आरसी की जानकारी प्राप्त करने और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, डीएफओ प्रीति यादव, उप जिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी, उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, उपजिलाधिकारी संभल विकासचन्द्र, डिप्टी कलैक्टर सौरभ कुमार पांडेय, निधि पटेल, वंदना मिश्रा, रामानुज, नीतू चौधरी, समस्त चकबंदी अधिकारी, तहसीलदार और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगरवासियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद चन्दौसी के वार्ड संख्या 10 पंजाबी कॉलोनी में बुधवार की सुबह स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगरपालिका परिषद व सोशल जोन एवं सामाजिक कार्यकर्ता संस्थान ने नॉलेज पार्टनर के रूप में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम सुबह 06 बजे से आयोजित किया गया। इस दौरान वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को एलईडी प्रोजेक्टर और साउंड सिस्टम की मदद से क्षमता विकास प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के साथदृसाथ सवालदृजवाब का सत्र भी हुआ जिसमें लोगों ने अपनी शंकाएँ दूर कीं। कार्यक्रम के दौरान गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण का डेमोस्ट्रेशन किया गया तथा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और पृथक्करण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। होम कम्पोस्टर और पार्क कम्पोस्ट पिट के संचालन की विधि भी विस्तार से समझाई गई। इसी क्रम में कॉलोनी की महिलाओं और पुरुषों की सक्रिय भागीदारी के साथ जीरो वेस्ट इवेंट आयोजित किया गया। स्थानीय निवा. सियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए कचरे का सही ढंग से पृथक्करण करने और कम्पोस्टिंग अपनाने का संकल्प लिया व स्वच्छता की सौगंध ली।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निकाय की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, चंद्रमोहन राजू, आईईसी पार्टनर व संस्था अध्यक्ष नोमान जमाल, रिजवान, अजय, नईम, शिवम, सुभाष, संजय, मनोज, विकास, रवि कुमार, सभासद हरीश अरोड़ा, रितु, पूनम अरोड़ा, शीतल, सुनैना, कपिल, प्रेम ग्रोवर, संजय मदान, यश मदान आदित्य आदि लोग उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

No:-MC-15-CAMC-SPARMV-PP-HW-25 Date-23.09.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या MC15CAMCSPARMVPPHW25 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 15.10.2025 को 11:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं. | MC15CAMCSPARMVPPHW25 |
| कार्य का नाम | Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) for Inspection & Servicing of HS-SPARMV Hydraulic & Transmission system (power pack) for a period of three years at Haridwar Depot of MB Division with OEM or their authorized agent on Single Tender Basis. | | |
| निविदा टाइप | एकल | बिडिंग स्टाइल | एकल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनाँक एवं समय | | 15.10.2025, 11:00 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | रुपये 1,35,12,482.62/- | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

2947/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दी जानकारी



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा एवं स्वालंबन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0)' के अंतर्गत बुधवार को जनपद सम्भल के समस्त थानों में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम और चौपाल का आयोजन किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में संचालित हुआ।

कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया और उनके सामने आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु मार्गदर्शन दिया। साथ ही प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर रैली और पम्पलेट वितरण के माध्यम से महिलाओं के सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, वन स्टाप सेन्टर, तथा पुलिस हेल्पलाइन साइबर क्राइम हेल्पलाइन जैसे सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई, ताकि उन्हें सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान किया जा सके।

# रामलीला में हुआ नारद मोह का रोचक मंचन, दर्शक भाव-विभोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर के रामबाग धाम परिसर में आयोजित भव्य रामलीला महोत्सव में बुधवार की रात नारद मोह प्रसंग का मंचन किया गया। इस प्रसंग को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक रामलीला मंच पर जुटे और कलाकारों की अदाकारी देखकर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पांडाल गूंज उठा। नारद मोह लीला में दिखाया गया कि किस प्रकार महर्षि नारद ने तपस्या कर भगवान विष्णु से वरण योग्य कन्या प्राप्त करने का वरदान मांगा। भगवान विष्णु ने उनकी भक्ति की परीक्षा लेने हेतु माया रचकर नारद को वानर रूप प्रदान कर दिया। जब नारद उस कन्या के स्वयंवर में पहुंचे तो राजकुमारी ने उन्हें त्यागकर भगवान विष्णु को पति रूप में वरण कर लिया। यह देख नारद मुनि क्षणिक मोह में आकर भगवान विष्णु से क्रोधित हुए, किंतु अंतत: भगवान की लीला को समझकर पुन: भक्ति मार्ग पर स्थापित हुए। इस प्रसंग के मंचन से दर्शकों को यह संदेश मिला कि भगवान की लीला अगम्य है और मोह, क्रोध, अहंकार त्यागकर ही सच्ची भक्ति प्राप्त की जा सकती है।

कार्यालय ग्राम पंचायत अलीपुरा खालसा

विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 24.09.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत अलीपुरा खालसा विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 01.10.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 01.10.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोहित के घर से ब्रहमपाल के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 491889/- | 9838 | 200/- | 2 माह |
| 2 | जूनियर हाईस्कूल से सद्दाम के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 463446/- | 9269 | 200/- | 2 माह |
| 3 | राशिद के घर से कुलदीप के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 562903/- | 11258 | 200/- | 2 माह |
| 4 | अमित सिंह के घर से गुड्डू के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | - | 597229/- | 11945 | 200/- | 2 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अलीपुरा खालसा
विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद।

# पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार चुलबुल को दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी।** वैश्य एकता मंच के तत्वावधान में पूर्व चेयरमैन नगरपालिका चन्दौसी विनोद कुमार चुलबुल की 12वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने कहा कि विनोद कुमार चुलबुल का सामाजिक योगदान, जनहित के लिए किए गए कार्यों और उनकी सरल, सौम्य एवं संघर्षशील व्यक्तित्व नगर के लोग भूले नहीं है। इस मौके पर प्रतीक किट्टू, मन्नू गुप्ता, सागर गुप्ता जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल, दीपेश वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, तुषार वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, माणिक वार्ष्णेय, पुनीत, ऋतिक, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, सागर गुप्ता, जॉली वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# पानी निकासी को लेकर खोदी मौड़ी तिराहे पर सड़क, वाहन चालक रहे परेशान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पानी निकासी को लेकर आज मोडी तिराहे पर पाइप डालने का काम किया गया जिसकी वजह से सड़क खोदी गई और पूरे दिन वाहन चाल. कों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बतादे की भूड़ मंदिर के सामने नाला निर्माण हुआ था। लेकिन उसके पानी निकासी की कोई माकूल व्यवस्था बड़े नाले की तरफ नहीं थी आज इस परेशानी को दूर करने के लिए मोड़ी तिराहे पर सड़क को जेसीबी द्वारा खोदा गया इसकी वजह से इस मार्ग को बंद कर दिया गया करनपुर जाने वाले वाहनों को नया गांव कावड़ पथ से निकाला गया लेकिन वहां भी दुक. ानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किए जाने के कारण सड़क संकरी हो गई और वहां रुक-रुक कर जाम लगता रहा हालांकि कुछ घंटे बाद मोड़ी तिराहे की आधी सड़क को खोल दिया गया लेकिन इसके बाद भी वहां से बड़े वाहन नहीं गुर्जर पाए जिसकी वजह से नए गांव कांवड़ पथ की सड़क पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया और लोगों को वहां भी रुक-रुक कर जाम का सामना करने को मजबूर होना पड़ा।

दूसरी और सेंट मैरी चौराहे पर बैरिकेटिंग करके सड़क के आवागमन को रोकने से मुरादाबाद से आने वाले और करनपुर से आने वाले दोनों तरफ के वाहनों को नए गांव से ही गुजार गया जिसकी वजह से दिन भर लोग परेशान रहे।

● विश्व पैरा एथलेटिक्स-2025 ●

# शीर्ष भारतीय एथलीटों पर रहेगी नजर

## भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा एथलेटिक्स आयोजन 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक दिल्ली में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा-एथलेटिक्स आयोजन है, 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाली है। इस आयोजन में 104 देशों के 2,200 से ज्यादा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पिछले एक दशक में भारत पैरा खेलों में एक उभरती हुई महाशक्ति रहा है। 2012 लंदन पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद एफ42 स्पर्धा में गिरीशा एन गौड़ा द्वारा जीते गए एकमात्र पदक से लेकर पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण सहित 29 पदक जीतने तक, देश ने पैरा खेलों में लगातार प्रगति की है। पदकों की बढ़ती संख्या पैरा खेलों के बुनियादी ढांचे में सुधार और पैरा एथलीटों को प्रदान किए गए समग्र समर्थन को दर्शाती है। भारत आगामी खेलों में 73 सदस्यीय टीम उतारेगा। यहां कुछ प्रमुख भारतीय पैरा एथलीटों पर एक नजर डाली गई है जिनसे आगामी खेलों में चमकने की उम्मीद है:

1. प्रीति पाल (100 मीटर( 200 मीटर टी35): प्रीति पाल पैरालंपिक ट्रैक पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट हैं। सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित प्रीति ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में, उन्होंने क्रमशः 14:21 सेकंड और 30:01 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए, उन्हें क्लब थ्रोअर धर्मबीर सिंह के साथ आगामी खेलों में भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया है।

2. योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो एफ54/55/56): कथुनिया सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले भारतीय पैरा एथलीटों में से एक रहे हैं। 2018 में, उन्होंने बर्लिन में आयोजित 2018 विश्व पैरा एथलेटिक्स यूरोपीय चैंपियनशिप में एफ36 श्रेणी में 45.18 मीटर तक डिस्कस थ्रो करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अब तक उनका सर्वोच्च प्रदर्शन 2020 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 स्पर्धा में रहा है, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। नौ साल की उम्र में, कथुनिया को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का पता चला था, एक ऐसी स्थिति जिसने उनकी गतिशीलता को काफी प्रभावित किया।

3. नवदीप सिंह (भाला फेंक एफ40/41): हरियाणा के पानीपत ज़िले के रहने वाले नवदीप बौनेपन से पीड़ित थे, जो हड्डियों के विकास को प्रभावित करने वाले एक आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण होता है। अपने पहलवान पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, वह एक पहलवान बने और हरियाणा में एक आयु वर्ग स्तर की राज्य चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। हालांकि, 2016 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में नीरज के स्वर्ण पदक का वीडियो देखने के बाद, वह भाला फेंक में आगे बढ़ने के लिए दिल्ली चले गए। उन्हें 2017 में सफलता तब मिली जब उन्होंने दुबई में एशियाई युवा पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में स्विट्जरलैंड में विश्व जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का और लोहा मनवाया। 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में उनका दिल टूट गया जब वह केवल 60 सेंटीमीटर से कांस्य पदक से चूक गए और 40.80 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। खेलों के बाद भारत लौटने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वादा किया।




## वैभव की आतिशी पारी से भारत-19 ने जीती सीरीज

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 70 रन की आतिशी पारी से भारत अंडर 19 ने दूसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को बुधवार को 51 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ्त बना ली। भारतीय टीम ने 49.4 ओवर में 300 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को 47.2 ओवर में 249 रन पर समेट दिया।

सूर्यवंशी ने 68 गेंदों पर 70 रन में पांच चौके और छह छक्के लगाए। वैभव सूर्यवंशी के नाम अब यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्कों (41) का रिकॉर्ड बन गया है, उन्होंने उन्मुक्त चंद का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने विहान मल्होत्रा के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। विवान ने 74 गेंदों पर 70 रन में सात चौके और एक छक्का लगाया। अभिज्ञान कुंडु ने 71 रन का योगदान दिया। कुंडू ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम इसके जवाब में जेडेन ड्रेपर (107) के शतक के बावजूद 249 रन पर सिमट गई। आयुष म्हात्रे ने 27 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

# यूपी योद्धाज जयपुर लेग के अंतिम मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स से भिड़ेंगे

● **अब टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंकतालिका में ऊपर चढ़ना होगा**

**जयपुर, वार्ता।** तमिल थलाइवाज पर 17 अंकों की दमदार जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी यूपी योद्धाज 25 सितम्बर को बेंगलुरु बुल्स से भिड़ते हुए अपने शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाना चाहेंगे।

यह मुकाबला सवाई मान. सिंह इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा और इसके साथ ही प्रो कबढी लीग (पीकेएल) सीजन 12 का जयपुर लेग समाप्त होगा। योद्धाज ने पिछले मैच में हर विभाग में लय हासिल कर अपने खराब दौर का सिलसिला तोड़ा था। अब टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंकतालिका में ऊपर चढ़ना होगा। अटैक की अगुवाई कर रहे हैं शानदार फॉर्म में चल रहे गगन गौड़ा, जिन्होंने इस सीजन में सात मैचों में अब तक 76 अंक जुटाए हैं। चार सुपर 10 के साथ लगभग 11 रेड अंक प्रति मैच की औसत ने उन्हें यूपी की रेडिंग का केंद्रबिंदु बना दिया है। भवानी राजपूत और गुमान सिंह के अहम योगदान ने गौड़ा का बोझ कम किया है, जबकि अकादमी ग्रेजुएट शिवम चौधरी ने छह मैचों में 21 अंकों (पिछले मैच में पांच) के साथ रेडिंग में नई ऊर्जा जोड़ी है। डिफेंस में कप्तान सुमित सांगवान लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और 3.57 टैकल अंक प्रति मैच की औसत से लीग के सबसे भरोसेमंद डिफेंडरों में शुमार हैं। उपकप्तान आशीष सिंह के साथ उनकी जोड़ी और महेन्द्र सिंह व हितेश की मौजूदगी ने टीम को पीछे से मजबूती दी है। मुकाबले से पहले सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा कि पिछली जीत ने दिखाया कि जब हर खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुरूप खेलता है तो टीम कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। बेंगलुरु एक सशक्त टीम है, लेकिन अगर हम वही ऊर्जा बनाए रखें तो एक और मजबूत नतीजा हासिल करने में सफल रहेंगे।

# गुकेश-प्रज्ञानंदा जीसीएल सीजन 3 ड्राफ्ट के मुख्य आकर्षण




**छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर शामिल होंगे**

**मुंबई, वार्ता।** भारत के शतरंज सुपरस्टार - मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और प्रतिभाशाली आर प्रज्ञानंदा - 26 सितम्बर को मुंबई में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) सीजन 3 प्लेयर ड्राफ्ट में आकर्षण का केंद्र होंगे। लीग के तीसरे संस्करण में, जो टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल है, छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर और उभरती प्रतिभाएं शामिल होंगी। अन्य प्रमुख नामों में विश्व के दिग्गज हिकारू नाकामुरा, फैबियानो कारूआना, अलीरेज़ा फिरोज़ा, मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, चार बार की महिला विश्व चैंपियन होउ यिफान और विश्व कप उपविजेता कोनेरू हम्पी शामिल हैं।

अंडर-21 प्रोडिजी श्रेणी में उभरते सितारे वोलोडर मुर्ज़िन, 2024 फिडे विश्व रैपिड चैंपियन, और मार्क एंड्रिया मौरिज़ी, 2023 विश्व जूनियर चैंपियन शामिल होंगे। टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग के अध्यक्ष पीयूष दुबे ने कहा कि जीसीएल सीजन 3 का ड्राफ्ट एक और रोमांचक उपलब्धि है क्योंकि हम दुनिया भर से असाधारण प्रतिभाओं को एक साथ ला रहे हैं। यह सीजन बड़ी लड़ाइयों, बड़े दांवों और शतरंज में नवाचार की एक नई लहर का वादा करता है। हर सीजन के साथ, हम न केवल टीमें बना रहे हैं। बल्कि शतरंज के भविष्य को भी निखार रहे हैं और खिलाड़ियों और उत्साही लोगों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहे हैं। ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें खिलाड़ियों को आइकॉन, पुरुष, महिला और अंडर-21 प्रोडिगी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत का सामना नेपाल से

**कोलंबो, वार्ता।** सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम का पलड़ा भारी है। भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम कल रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। ब्लू कोल्ट्स ने अंतिम चार में एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ प्रवेश किया है, उन्होंने तीन मैचों में नौ अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिसमें मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और पाक (3-2) के खिलाफ जीत शामिल है। मुख्य कोच बिबियानो पिछले परिणाम से विशेष रूप से खुश थे, जिसने उनके खिलाड़ियों के मैदान पर दिखाए गए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को किया निलंबित

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने आखिरकार यूएसए क्रिकेट (यूएसएसी) को निलंबित करने का फैसला किया है। यह एक प्रमुख बाजार में खेल के नेतृत्व और संचालन ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन लाने के प्रयासों के तहत रीसेट बटन दबाने जैसा है। मंगलवार को एक वर्चुअल बैठक के बाद आईसीसी बोर्ड ने यह फ़ैसला लिया। यूएसएसी के निलंबन का असर फरवरी में भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में यूएसए की भागीदारी पर नहीं पड़ेगा। हालांकि निलंबन का विशिष्ट कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, यह आईसीसी द्वारा जुलाई में अपनी वार्षिक आम बैठक में यूएसएसी को 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव' कराने और व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू करने के लिए तीन महीने का समय दिए जाने के लगभग दो महीने बाद आया है। उस समय, आईसीसी ने दोहराया था कि यूएसएसी जुलाई 2024 से सूचना पर बना रहेगा। आईसीसी बोर्ड ने यूएसएसी को यह भी चेतावनी दी थी कि वह सुधारों की प्रगति के आधार पर कोई भी उचित कार्रवाई करने का अधिक. ार सुरक्षित रखता है।

## टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव का निधन

**चेन्नई, वार्ता।** टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव, एक अच्छे प्रशिक्षक और प्रसिद्ध मध्यस्थ के- थिरुकालाथी का कल शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। थिरुकालाथी, जिन्होंने कई खिलाड़ी तैयार किए थे, कांचीपुरम जिला शतरंज संघ के सचिव भी रहे थे और मीडिया के साथ उनका हमेशा घनिष्ठ संबंध रहा। टीएनसीए और शतरंज जगत के अधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। आज सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने एशियाई खेल 2026 और अन्य बहु-खेल आयोजनों में खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी किए हैं। इसका उद्देश्य एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढांचा तैयार कर यह सुनिश्चित करना है कि केवल उन एथलीटों को ही बहु-विषयक खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए विचार किया जाए जिनके पास पदक जीतने का वास्तविक मौका है।

चयन मानदंडों में मापनीय और गैर-मापनीय दोनों प्रकार की प्रतियोगिताओं के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं जो एशियाई खेलों, पैरा एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई इनडोर खेलों, एशियाई समुद्र तट खेलों, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेलों, राष्ट्रमंडल युवा खेलों जैसे बहु-खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के बारे में निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। हालांकि ओलंपिक और ऐसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इसके दायरें में नहीं आएंगे जहां एथलीट या टीम की भागीदारी, संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित योग्यता मानकों द्वारा निर्धारित की जाती है। मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, कोई भी खिलाड़ी भारतीय दल में तभी जगह पा सकेगा जब उसने आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर आयोजित किसी अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में पिछले एशियाई खेलों के छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर प्रदर्शन किया हो। यदि वह खेल या स्पर्धा पिछले एशियाई खेलों में शामिल नहीं थी, तो चयन मानदंड आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर उस खेल या स्पर्धा के लिए आयोजित सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के समान मानदंडों के आधार पर होंगे। गैर-मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, जहां आगामी एशियाई खेलों से पूर्व 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित की गई हो या विश्व रैंकिंग नियमित रूप से जारी की जाती हो, ऐसे खिलाड़ी को दल में शामिल करने पर विचार किया जाएगा जिसने पिछले 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपने भार या स्पर्धा में छठा या उससे बेहतर स्थान प्राप्त किया हो या उसकी विश्व रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 6 में शामिल हो। यदि आगामी एशियाई खेलों से पहले पिछले 12 महीनों में कोई सीनियर एशियाई चैंपियनशिप आयोजित नहीं की गई है और कोई अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग नियमित रूप से प्रकाशित नहीं की गई हो तो उस स्थिति में एथलीट को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 6 में स्थान प्राप्त करना होगा। टीम खेलों (जैसे फुटबॉल, हॉकी आदि) और टीम स्पर्धाओं (जैसे रिले, युगल, मिश्रित युगल आदि) के लिए, 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम या अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए विचार किया जाएगा।

अगर अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्रकाशित नहीं की गई है या आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित नहीं की गई है, तो उस स्थिति में टीम को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करना होगा। इस मानदंड में छूट का एक प्रावधान है जो मंत्रालय को यह अधिकृत करता है कि यदि विशिष्ट खेल अथवा भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के विशेषज्ञों की राय के आधार पर उचित कारणों से निर्धारित मानदंडों में छूट में व्यक्तियों और टीमों की भागीदारी की सिफारिश की जाती है तो वह उचित निर्णय ले सकता है।

# टी-20 विश्व कप के कारण विंडीज का द. अफ्रीका दौरा छोटा होगा

● **द. अफ्रीका 27 जनवरी 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है**

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज के खलिाफ इस गर्मियों की अपनी एकमात्र पुरुष अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सीरीज को छोटा करना पड़ सकता है, ताकि दोनों टीमें समय पर टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारत और श्रीलंका पहुंच सकें।

दक्षिण अफ्रीका 27 जनवरी से 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है, जहां पांच टी20 खेले जाने हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने पिछले हफ्ते रिपोर्ट किया था कि टी20 विश्व कप संभवत: 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा। अगर टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होता है, तो आईसीसी का सपोर्ट पीरियड 31 जनवरी से शुरू होगा। इस समय में टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे मेजबान देशों में पहुंचें और वैकल्पिक अभ्यास मैच खेलें। यह सपोर्ट पीरियड पहले 3 फरवरी से शुरू हो रहा था और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपने घरेलू कार्यक्रम इसी समझ के साथ बनाए थे कि दक्षिण अफ्रीका के पास विश्व कप के लिए यात्रा करने का पर्याप्त समय होगा। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि टीमें पूरा आईसीसी सपोर्ट पीरियड मेजबान देश में ही बिताएं। आईसीसी ने इस विश्व कप में भाग लेने वाले देशों से पूछा है कि वे कितने अभ्यास मैच खेलना चाहते हैं और विकल्प शून्य से लेकर दो मैच तक का है। जब कोई देश दो अभ्यास मैच चुनता है, तो उनका सपोर्ट पीरियड टूर्नामेंट से एक हफ्ता पहले शुरू होता है। सीएसए इस समय क्रिकेट वेस्टइंडीज से चर्चा कर रहा है कि वेस्टइंडीज कब उपमहाद्वीप पहुंचना चाहता है और उन्हें कितने अभ्यास मैच खेलने हैं। अगर टीमें कोई अभ्यास मैच नहीं खेलती हैं, तो आईसीसी सपोर्ट पीरियड 7 फरवरी से चार दिन पहले यानी 3 फरवरी से शुरू होगा। भले ही वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप से पहले कोई अभ्यास मैच ना खेलना चाहे, सीएसए को पांच टी20 में से कम से कम दो मैच रद्द करने होंगे।

आखिरी दो मैच 3 और 6 फरवरी को निर्धारित हैं। इन मैचों को इससे पहले नहीं खेला जा सकता, क्योंकि एसए20 टूर्नामेंट 25 जनवरी को समाप्त होगा। सीएसए इस समय यह तय कर रहा है कि वेस्टइंडीज के खलिाफ मैच किन स्थलों पर खेले जाएं। वर्तमान में संभावना है कि वे पार्ल, न्यूलैंड्स, ईस्ट लंदन का बफ़ेलो पार्क, सेंचूरियन और जोहानसबर्ग होंगे। सीएसए ने इस साल अपने मैदानों को 2027 वनडे विश्व कप के लिए तैयार करने के मकसद से कम भीड़भाड़ वाला सीजन रखने की योजना बनाई थी।

# जैक्स और पॉट्स इंग्लैंड की टीम में

● **वोक्स बाहर, ब्रुक उप कप्तान बनाए गए**

**लंदन, वार्ता।** कंधे की चोट से उबरने के बावजूद, बेन स्टोक्स को एशेज के लिए इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। मैथ्यू पॉट्स और विल जैक्स को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। जैक्स के न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रहने के बाद एशेज से पहले उंगली की चोट से पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। डरहम के तेज गेंदबाज पॉट्स ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था, जबकि सरे के जैक्स ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। पॉट्स ने इस सीजन में 10 काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 28 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84 रन देकर 4 विकेट रहा है। जैक्स ने अब तक केवल तीन पारियां खेली हैं, जिनमें उन्होंने 136 रन बनाए हैं, जिसमें से 119 रन उन्होंने एक ही पारी में बनाए हैं। हैरी ब्रुक को एशेज के लिए ओली पोप की जगह उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि मार्क वुड बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के दौरान उंगली में चोट लगने वाले शोएब बशीर को भी टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स के अलावा, टीम में अनुभवी खिलाड़ी जो रूट, जैक क्रॉली, बेन डकेट और पोप शामिल हैं, जबकि जेमी स्मिथ विकेटकीपर हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के बीच में टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जोश टंग, वुड और पॉट्स भी शामिल हैं। बशीर मुख्य स्पिनर हैं जबकि रूट, जैकब बेथेल और जैक्स अन्य स्पिन विकल्प हैं।




# स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

● **केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत के पदक विजेता दल से भेंट की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने 13 से 21 सितम्बर तक चीन के बेइदाईहे में आयोजित 73वीं इनलाइन स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के पदक विजेता दल को आज सम्मानित किया।

भारतीय स्केटिंग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को चिन्हित करते हुए, राष्ट्रीय टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांच पदक (3 स्वर्ण, 2 कांस्य) जीते और 40 से अधिक देशों में कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया।

यह ऐतिहासिक प्रदर्शन कई नई उपलब्धियों से भरा रहा :

स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला सीनियर पदक।

जूनियर वर्ग में पहला स्वर्ण।

विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का सर्वोच्च पदक।

एथलीटों को सम्मानित करते हुए, डा. मांडविया ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में ये ऐतिहा. सिक पदक दर्शाते हैं कि हमारे युवा नई ऊंचाइयां छू रहे हैं, चाहे वह मुख्यधारा के खेल हों या उभरते हुए खेल। मैं इस उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित करने के लिए हमारे एथलीटों, प्रशिक्षकों, सहयोगी कर्मचारियों और भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ को तहे दिल से बधाई देता हूं।




आनंदकुमार वेलकुमार (22): सीनियर वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने दो स्वर्ण (1000 मीटर स्प्रिंट और 42,195 मीटर मैराथन) और एक कांस्य (500 मीटर स्प्रिंट) जीता।

कृष शर्मा (18): 1000 मीटर स्प्रिंट में भारत का पहला जूनियर स्वर्ण पदक जीता।

अनीश राज (17): जूनियर पुरुष 1 लैप स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। भारतीय दल में 20 एथलीट (4 वरिष्ठ पुरुष, 4 वरिष्ठ महिला, 5 जूनियर पुरुष, 7 जूनियर महिला) शामिल थे, जिन्होंने चैंपियनशिप में भाग लिया, जिसमें 40 से अधिक देशों की भागीदारी के साथ सीनियर और जूनियर श्रेणियों में 42 स्पर्धाएं हुईं।

# परिजनों की शिकायत पर कब्र से महिला के शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विवाहित के परिजनों की शिकायत पर थाना नागफनी पुलिस ने महिला के शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है,जिलाधिकारी के आदेश पर थाना नागफनी क्षेत्र अंतर्गत कब्रिस्तान से महिला के शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में यह पूरी कार्रवाई की गई।बताया जा रहा है कि ठाकुरद्वारा की रहने वाली युवती का 4 साल पहले मुरादाबाद के थाना नागफनी क्षेत्र निवासी युवक से निकाह हुआ था। 25 अगस्त को महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी उस दौरान दोनों परिवारों की सहमति से महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया था।अब महिला के परिजनों द्वारा जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाए जाने पर जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की है।मृतका के परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत किसी दुर्घटना या प्राकृतिक कारण से नहीं हुई, बल्कि यह दहेज हत्या का मामला है। पुलिस ने शिकायत पर पति समेत परिवार के दस लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।एसपी सिटी कुमार रणविजय



सिंह ने बताया कि युवती की मौत 25 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। उस समय दोनों परिवारों की सहमति से शव का अंतिम संस्कार किया गया था।

परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अब मामला दर्ज किया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्र से बाहर निकालकर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि युवती की मौत का कारण क्या रहा है उसी के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## शांति भंग के आरोप में चार गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में मारपीट पर उतारू चार आरोपितों को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित और सुरेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मारपीट की घटनाओं में संलिप्त पाए गए शादाब पुत्र इस्लामुद्दीन (रतुपुरा), फैजान जाफिर हुसैन (शरीफनगर), आनंद सिंह पुत्र भरत सिंह सैनी और बहादुरनगर निवासी अन्य आरोपी को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को चारों आरोपितों का चालान एसडीएम न्यायालय में किया, जहां न्यायालय ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया।

# जनपद स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की पहली बैठक सर्किट हाउस सभागार में संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विधान परिषद के विशेषाधिकारों के अंतर्गत गठित जनपद स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की पहली बैठक मा. सदस्य विधान परिषद डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित हुई। जनपद में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने के सम्बन्ध में अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से निर्धारित मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रत्येक मानक के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि सभी जरूरी मानक पूर्ण हैं। बैठक में मौजूद मा. विधायक गणों द्वारा विधायक निधि से बनी सड़कों के अनुरक्षण का मुद्दा उठाया गया। विधायक निधि से बनी सड़कों को संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने के प्रकरण पर भी चर्चा की गई ताकि लंबे समय तक सड़कों का रखरखाव किया जा सके। एमएलसी श्री गोपाल अंजान ने ग्राम रतनपुर कला में विद्युत आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप न होने और गलत विद्युत बिलों को लेकर नाराजगी जताई। वहीं जिला पंचायत सदस्यों द्वारा विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने की वजह से विद्युत आपूर्ति के दौरान हो रही घटनाओं को लेकर भी मा. अध्यक्ष को अवगत कराया, जिस पर मा. अध्यक्ष ने कहा कि विद्युत विभाग क्षतिग्रस्त विद्युत पोल और लटकते तारों के मामलों को चिन्हित करके उन्हें



दुरुस्त कराएं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना/जनहानि से बचा जा सके। प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत जिले के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसूतियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध न कराएं जाने के बारे में ब्लॉक प्रमुख मूढ़ापांडे ने शिकायत की जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि वे प्रकरण की जांच कराएंगे तथा नियमानुसार योजना का सख्ती के साथ क्रियान्वयन कराया जाएगा। सीएमओ कार्यालय में जेम पोर्टल का अधिकृत कार्मिकों द्वारा संचालन न किए जाने का प्रकरण भी ब्लॉक प्रमुख मूढ़ापांडे द्वारा उठाया गया जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि सीएमओ इस गंभीर मामले का निराकरण कराएं। अध्यक्ष ने जिले में विधायक निधि से प्राप्त सड़कों के प्रस्तावों और शासन को भेजे गए प्रस्तावों की स्थिति के बारे में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में विद्युत विभाग द्वारा लगवाए जा रहे स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटरों की विश्वसनीयता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रतिनिधियों से निरंतर रूप से संवाद स्थापित करें जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने कहा कि समिति के सभी निर्देशों का अधिकारियों द्वारा नियमानुसार सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा। इस समिति में सभी विधायक गण, सभी ब्लॉक प्रमुख, सभी जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों के 05 प्रतिनिधि शामिल हैं। बैठक में संबंधित जनप्रतिनिधि गण और अधिकारी गण मौजूद रहे।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद ने कैसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज के मेधावियों को किया सम्मानित



**कांठ( शाह टाइम्स )** भारत विकास परिषद के गुरु बंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन आज नगर के कैसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज कांठ में किया गया इसमें मेघावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश गुप्ता, बंटी चौहान और दीपक बिश्नोई आदि ने छात्र-छात्राओं को भारत विकास परिषद की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी बताया गया कि भारत विकास परिषद का मकसद मेघावी छात्र-छात्राओं और अन्य क्षेत्रों में अच्छा काम करने वालों को सम्मानित करके उनका उत्साह वर्धन करना है उन्होंने भारत विकास परिषद के सामाजिक कार्यों के बारे में विचार साझा किए। इस दौरान कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ अध्यापक को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं अध्यापक अध्यापिकाए और भारत विकास परिषद के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### क्षेत्राधिकारी ने व्यापारियों के साथ संवाद कर किया साइबर क्राइम के बारे में जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली परिसर में व्यापारियों के संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी ने व्यापारियों से मुलाकात कर बातचीत की। उन्होंने कहा कि अब कोई भी व्यक्ति अपनी वाहन पर जाति नहीं लिखेगा। इसके अलावा जाति के नाम पर कोई राजनीतिक कार्यक्रम भी नहीं होगा साथ ही साइबर क्राइम सम्बंध में व्यापारियों से संवाद कर जागरूक किया गया। बुध को कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह,व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल ने व्यापारियों से मुलाकात कर बातचीत की। उन्होंने कहा कि अब कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी चाहे कार हो, बाइक हो, बस या ट्रक पर जाति नहीं लिखेगा। इसके अलावा जाति के नाम पर कोई राजनीतिक कार्यक्रम भी नहीं होगा और अगर किसी की गिरफ्तारी होती है तो उसकी जाति का जिक्र रिकॉर्ड में नहीं किया जाएगा। इस को लेकर व्यापारियों से संवाद कर साइबर क्राइम से भी सतर्क किया। उन्होंने कहा कि अगर कोई फोन कर आपको डरा-धमका कर कहे कि आपका वारंट है या पैसे की मांग करे तो ऐसे लोगों से न डरें और सीधे कोतवाली आकर सूचना दें। इस दौरान बैठक में व्यापार मंडल से संजीव सिंघल, हाजी मुख्तियार, अनिल अग्रवाल, गौरव आनंद सिंह, अवनीश सिंघल, पंकज गुप्ता, किफायतुल्लाह खान, मौलाना अब्दुल रहमान, सादिक सिद्दीकी, इकबाल अंसारी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर चिकित्सा विभाग ने दी ट्रेनिंग



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** ब्लॉक बिलारी कार्यालय के सभागार में समस्त अध्यापकों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान पांच अक्टूबर से शुरू होने के अंतर्गत ट्रेनिंग चिकित्सा विभाग द्वारा दी गई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शोध अधिकारी विकेश कुमार सिंह ने सभी अध्यापकों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर से यह अभियान चलाया जाएगा इसके साथ दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ,राजीव कुमार , एआरपी अक्षय कुमार आदि अध्यापक गणित मौजूद थे।

### भाजपा सरकार किसान, नौजवानों की नहीं व्यापारियों की सरकार है: राकेश टिकैत

**मूंढापांडे।** भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का किसान कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत ,भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का मुरादाबाद जाते समय किसानों ने उनका स्वागत किया, राकेश टिकैत ने कहा कि खाद की कालाबाजारी व्यापारी कर रहे , और कहा कि प्रदेश तथा केंद्र सरकार किसान विरोधी है तीन कृषि कानून लागू नही किए गए, सरकार चाहती है कि फसल उत्पादन कम हो इस लिए खाद कम दी जा रही है। व्यापारी खाद की कालाबाजारी करा रहे है किसान क्रांति होगी, जीएसटी कम करने पर उन्होंने कहा कि चुनावी रेवड़ी बांटी जा रही, सरकार चाहती है कि किसान की फसल का उत्पादन कम हो इसलिए सरकार किसानों को यूरिया खाद नहीं दे रही है, सरकार किसानों और नौजवानों की नहीं है, व्यापारियों की सरकार है,इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्याम विजय सिंह, तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान चंन्द्रविजय सिंह, जोगराज सिंह, कल्लू पहलवान,डॉं के पी सिंह, दिनेश कुमार सिंह, जाहिद मलिक आदि उपस्थित रहे।

# गोकुलदास कॉलेज में छात्राओं को दी गई विभिन्न जानकारियां

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में उत्कर्ष ललित कला अकादमी के सहयोग से चित्रकला विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग द्वारा संचालित 15 दिवसीय कार्यशाला के दसवें दिन छात्राओं को विभिन्न कला माध्यमों जैसे जल रंग, एक्रेलिक, चारकोल स्टिक आदि से मुखाकृति निर्माण, दृश्य चित्रण एवं एब्स्ट्रेक्ट आर्ट का डेमोंसट्रेशन दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा एवं प्रसिद्ध समाजसेवी प्रिया अग्रवाल ने सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कला का जन्म मनुष्य के जन्म के साथ ही माना जाता है।प्राचार्या जी ने बताया कि प्राचीन भारतीय चित्रकला में धार्मिक, पौराणिक एवं सामाजिक जीवन की गहन झलक देखने को मिलती है। समाजसेविका एवम प्रदेश अध्यक्ष मोर्चा भाजपा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की अध्यक्षा प्रिया अग्रवाल ने छात्राओं के कार्य को देखकर मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए मुरादाबाद में एक आर्ट गैलरी बनवाने का वादा भी किया। कलाकार सरिका राय ने छात्राओं को जल रंग, चारकोल एवं एक्रेलिक माध्यम से पोर्ट्रेट, दृश्य चित्रण व एब्स्ट्रेक्ट आर्ट बनाना सिखाया। छात्राओं में छवि, बुशरा, मुंतहा एवं सानिया ईरतिका हाशमी, फरिया सोहेल अलीशा आशी आदि की प्रस्तुति विशेष रूप से सराहनीय रही

# डीएसएम इंटर कॉलेज में चल रही दो दिवसीय एथलेटिक्स संकुल प्रतियोगिता सम्पन्न

■ विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ में 2 दिन से चल रही एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज समापन हो गया जिसमें सीनियर वर्ग अंडर 19 जूनियर वर्ग अंडर 17 और सब जूनियर वर्ग अंडर 14 कैटेगिरी के छात्रों ने प्रतिभाग किया सीनियर 100 मीटर दौड़ में रियाजुद्दीन 200 मीटर में अनस 400 मीटर में विशेष कुमार 1600 मीटर में सुनील कुमार 3000 मीटर में विशेष कुमार गोला बैंक में नकुल चक्का बैंक में आदित्य जैकलिन थ्रो में नदीम ऊंची कूद में यश लंबी कूद में यश हैमर थ्रो में आदित्य ने



प्रथम स्थान प्राप्त किया, जूनियर वर्ग में 100 मीटर में हरीश 200 में सोएब 400 में विशाल 800 में अरशद 1600 में दीपक 3000 में दीपक कुमार जैकलिन थ्रो में शशांक गोला बैंक में अयान ऊंची कूद में सोहेल खान लंबी कूद में ओंकार हैमर थ्रो में अनस चक्का फेंक में सुनील ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सब जूनियर वर्ग में 100 मीटर में उदयवीर 200 में हर्ष कुमार 400 में हर्ष 600 में विशाल ने पहला स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को 6 से 8 अक्टूबर में होने वाली जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। प्रधानाचार्य डॉक्टर कुमार देव अवस्थी ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। खेलों को सम्पन्न कराने में सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# एनडीपीएस एक्ट के वांछित आरोपी शादाब उर्फ मुन्ना को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के आदेश-निर्देशों के क्रम में अपराध और मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत ठाकुरद्वारा थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित चल रहे एक वारंटी अभियुक्त सादाब उर्फ मुन्ना पुत्र इकबाल उर्फ भूरा (उम्र 33 वर्ष), निवासी वार्ड नं. 17, नई बस्ती, कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना ठाकुरद्वारा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 911/21, अपराध संख्या 378/21, अंतर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज है।

पुलिस ने उसे नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक बलराम



दीक्षित, हेड कॉन्स्टेबल साजिद, तथा हेड कॉन्स्टेबल राजवीर सिंह शामिल रहे। टीम ने अभियुक्त को बुधवार को लगभग प्रातः 10:55 बजे दबिश देकर गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सादाब उर्फ मुन्ना मादक पदार्थों की गतिविधियों में संलिप्त रहा है और लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में चल रही लगातार कार्रवाई से स्थानीय अपराधियों में हड़कंप है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि मादक पदार्थों से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने में दें, ताकि ऐसे अपराधों की रोकथाम कर युवाओं को नशे से बचाया जा सके।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय के आसपास तथा विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया उन्होंने कहा कि आप समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। छात्र-छात्राओं को सदैव समाज के प्रति कार्य करने की शपथ भी दिलाई उन्होंने कहा कि हम समाज के लिए कुछ कार्य कर एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकते हैं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना( छै) का नारा है मैं नहीं बल्कि आप यह



नारा निस्वार्थ सेवा सामाजिक जिम्मेदारी और स्वयं से पहले समुदाय को प्राथमिकता देने के सिद्धांत पर जोर देता है स्वयंसेवक का पहला कर्तव्य समुदाय की सेवा करना है जिसमें व्यक्ति के बजाय समाज के हित को सर्वोपरि रखा जाता है यह आदर्श वाक्य लोकतांत्रिक जीवन के सार को भी दर्शाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, निशिकांत पाठक, हरीश चंद्र तिवारी, दीपक सिंह, गौरव कुमार, सुन्दर सिंह आदि शिक्षक शिक्षकों के साथ-साथ सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# दिल्ली रोड स्थित विद्युत कार्यालय में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डा० आशीष कुमार गोयल (आई०ए०एस०) अध्यक्ष उ०प्र०पा०का०लि० की अध्यक्षता में एवं ईशा दुहन (आईएएस) प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० की उपस्थिति में आज यहां कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण), देहली रोड, मझोला, मुरादाबाद में मुरादाबाद क्षेत्र के अन्तर्गत, मुरादाबाद रामपुर एवं संभल के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता एवं उपखंड अधिकारी स्तर तक के अभियन्ताओं के साथ विभिन्न वाणिज्यिक एवं तकनीकी बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक आहुत हई।समीक्षा बैठक विद्युत आपूर्ति, 1912, झटपट पोर्टल, ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्तता, निवेश मित्र एवं विकास योजनाओं की प्रगति, उपभोक्ताओं को समय पर बिल नगरीय रिस्ट्रेक्चर प्लान हेतु तैयारी व अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने आदि ऐजेण्डा बिन्दु पर केन्द्रित थी। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० के अन्तर्गत मुरादाबाद शहर में विद्युत आपूर्ति बेहतर बनाने के लिये नवीन कार्यात्मक प्रशासनिक संरचना के पुनर्गठन से नई कार्य संस्कृति का सूतपात्र होगा। उपभोक्ताओं के हित



में कार्यात्मक प्रशासनिक संरचना का पुर्नगठन लागू किया जा रहा है। जल्द ही रिस्ट्रेक्चर प्लान को मूर्तरूप देते हुये रिस्ट्रेक्चर प्लान लागू किया जायेगा। नवीन रिस्ट्रेक्चर/समयबद्धता प्लान का उददेश्य उपभोक्ताओं को दी जाने वाली विद्युत सेवाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता, समयबध्यता और सुविधा को बढावा देना है। इसके तहत निगम के कार्य सवालन एच उपभोक्ता सेवा वितरण प्रणाली में तकनीकी सुदृढ़ीकरण कार्यों का विभाजन एवं जबावदेही सुनिश्चित की गयी है। रिस्ट्रेक्चर प्लान के संबंध मे डा० आशीष कुमार गोयल (आई०ए०एस०) अध्यक्ष उ०प्र०पा०का०लि० ने बताया कि इस रिस्ट्रेक्चर प्लान के लागु होने से परिचालन क्षमता में सुधार, विद्युत आपूर्ति की विश्वसनियता और गुणवत्ता मे सुधार एवं उपभोक्ता सेवाओं को बढाने में प्राथमिकता दी गई है। उपभोक्ता केन्द्रित सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु रिस्ट्रेक्चरिंग प्लान लागू किया जायेगा। इस संबंध मे प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन (आई०ए०एस०) ने बताया कि रिस्ट्रेक्चर प्लान से मुरादाबाद शहर की बिजली व्यवस्था का कायाकल्प होगा। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। बैठक में आर०डी०एस०एस० योजना के अन्तर्गत विद्युतीकरण, माईको बिजनेस प्लान, स्मार्ट मीटरिंग एवं ए०एम०आई०एस०पी० योजनाओं पर भी गहन समीक्षा की गयी जिसमें उपभोक्ता इण्डेक्सिंग मीटर स्टालेशन, उपभोक्ताओं को समय पर व सही बिल उपलब्ध कराना, ट्रासन्फार्मर सुरक्षा, राजस्व वसूली की स्थिति आदि बिन्दुओं पर विशेष बल दिया

बैठक में उपभोक्ता सुविधाओं हेतु 1912 पोर्टल सोशल मीडिया निगरानी और त्वरित बिल संशोधन पर निर्देश दिये गये। कार्य में लापरवाही पर शैलेन्द्र कुमार अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खंड स्वार का स्थानान्तरण करने एवं अनुराग सिंह अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खंड मिलक को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये गये।

बैठक में संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), आशु कालिया, निदेशक (कर्मिक एवं प्रशासन), एन०के० मिश्र निदेशक (तकनीकी), एस०के० तोमर निदेशक (वित्त), अशोक चौरसिया मुख्य अभियन्ता मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबद आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने की केंद्र सरकार एवं राज्य कर विभाग की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की एक आपात बैठक दीवान बाजार कार्यालय पर आहूत की गई बैठक में व्यापारियों ने केंद्र सरकार एवं राज्य कर विभाग की सराहना की।प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी )ने कहा की केंद्र सरकार ने जीएसटी मैं स्लेव कम करके प्रदेश एवं देश के व्यापारियों को बहुत बड़ी राहत दी है अरविंद जॉनी ने कहा कि जीएसटी टैक्स ब्रास कॉपर अल्युमिनियम आर्ट वेयर के सब आइटम्स पर पहले टैक्स 12% था।

अब सरकार ने घटाकर 5% कर दिया है और रॉ मैटेरियल पर अभी भी टैक्स 18 परसेंट है सरकार से हमारी डिमांड है कि उसको भी 5% के स्लैब में लाया जाए जिससे टैक्स की भी विसंगतियां दूर हो सके रिफंड से संबंधित विसंगतियों को भी दूर किया जाए।

जिससे कि व्यापारियों को क्लियर पता हो कि हमारा रिफंड कितने दिन में आएगा और किस प्रकार से हमें रिफंड मिलेगा।प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने कहा कि सरकारी विभाग द्वारा इस सब का भी सही तरीके से प्रचार प्रसार किया




जाए जिससे भ्रम दूर हो सके और व्यापारियों से कहा कि जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं है सब अपना रजिस्ट्रेशन कर ले स्वदेशी माल बनाए और बेचे सरकार का सहयोग करे।मीटिंग में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता,संजय अग्रवाल,अर्पित अग्रवाल ,पंकज शर्मा, शुभम यादव,सुप्रीत खन्ना, सुनील अग्रवाल ,आदेश गुप्ता ,रिजवान कामिल, टोनी सहघल,मुर्सलीम वाहिद ,फरीद आदि उपस्थित रहे।




# लेह में हिंसा

बुधवार को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हिंसा भड़क गई। जिसमें चार लोगों की मौत होने व 70 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। प्रदर्शनकारी छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थक बताए जाते हैं। सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की बराबर मांग करते रहे हैं। अभी भी वह अपनी इस मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांग पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हो गई। बड़े पैमाने पर हिंसा होते देख वांगचुक ने अनशन तोड़ दिया और अपने समर्थक छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की। किसी मामले की अन्देखी या उसको लटकाए रखने की प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इसका जीता जागता सबूत लद्दाख के लेह में देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों ने जमकर पत्थरबाजी पुलिस पर की और सीआरपीएफ की गाड़ी तक को आग लगा दी। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का ऐलान किया था और भीड़ जुटान के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया, जिसमें लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की गई थी। इस अपील का बड़ा असर हुआ और बड़ी तादाद में लोग वहां पहुंच गए, जिनमें अधिकतर छात्र बताए जाते हैं। पुलिस ने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे, जब भीड़ ने उनको तोड़ा तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े, जवाब में भीड़ ने गाड़ी जला दी और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक का कहना है कि वह पिछले पांच सालों से शांति व अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। देखा जाए तो इसके लिए केंद्र सरकार अधिक जिम्मेदार दिखाई दे रही है, क्योंकि जब 2019 में अनुच्छेद 370 और 351 हटाते समय जम्मू कश्मीर और लद्दाख दो केंद्रशासित प्रदेश बना दिए थे, तब सरकार ने उस समय कहा था कि सही समय आने पर इनका पूर्ण राज्य का बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक सरकार ने अपने उस वादे पर कोई अमल नहीं किया, जबकि पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए लद्दाख व जम्मू कश्मीर से बराबर मांग उठती रही है। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि लद्दाख और जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि वहां बीजेपी चुनाव जीत नहीं पाई। जाहिर है इस तरह के मुद्दो को राजनीति के नजरिये से नहीं देखना चाहिए और लोगों की इच्छाओं का सम्मान करना चाहिए, जिससे लेह में तोड़फोड़ व आगजनी दिखाई दी और लोगों की भीड़ जुटी यह कोई एक दिन का काम नहीं हो सकता। इससे साफ है कि लंबे समय से सरकार के प्रति नाराजगी पनप रही है और सरकार उस नाराजगी को समझने में पूरी तरह नाकाम रही है। इस आंदोलन को भी जैन जी रेवोल्यूशनरी बताया जा रहा है। हालांकि सोनम ने कहा है कि मैंने जैन जी रेवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया है। सरकार को चाहिए कि वह वहां के लोगों की जो इच्छा है उसका सम्मान करे।

## हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हौसला बढ़ाया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं, अखिलेश मेरे उतने ही करीब हैं, जितने नेताजी मुलायम सिंह यादव थे, जेल में रहने से जिंदगी बदल गई, यहां तक कि मोबाइल चलाना तक भूल गया हूं, उसमें मेरी पत्नी का नंबर था, उसे भी भूल गया हूं, मेरे मन में किसी के लिए नाराजगी नहीं है, पहले जो लोग उन्हें नहीं पहचानते थे, अब दर्ज मुकदमों की वजह से सब जानने लगे हैं, हमारे पास चरित्र नाम की एक चीज है, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे पास कोई पद या ओहदा हो, लोग हमें प्यार करें, इज्जत दें और यह साबित हो कि हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है।

–आजम खा
वरिष्ठ सपा नेता, पूर्व मंत्री

# कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग


निर्मल रानी




एक बार फिर जहर उगलने में अग्रिम स्थान बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद का एक बेहद विषैला, अभद्र व आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ। कुरआन, मुहम्मद, मुसलमानों को खुलकर अपमानित करने वाले इस व्यक्ति ने तो अब हिन्दू महिलाओं को भी नागिन कह डाला। गौरतलब है कि यह व्यक्ति पहली बार मार्च 2021 में उस समय सुर्खियों में आया था जब 14 वर्ष के एक गरीब मुस्लिम बालक ने अपनी प्यास बुझाने के लिए इसी मंदिर परिसर के बाहर लगे नल से पानी पी लिया था। उसके बाद इस डासना मंदिर में रहने वाले एक व्यक्ति ने बालक से उसका नाम व उसका धर्म पूछकर उसे बड़ी बेरहमी से मारा था। आसिफ को पीटने का यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। उस समय यति नरसिंहानंद आसिफ को पीटने वालों के समर्थन में खुलकर आए थे और उस बालक की पिटाई जायज ठहराई थी। इस व्यक्ति ने मंदिर के मुख्य द्वारा पर साफतौर से बोर्ड पर लिखवा रखा है कि यहां कोई मुसलमान अंदर नहीं आ सकता। यही यति नरसिंहानंद शायद नफरत के बल पर अर्जित शोहरत पाने के बाद इसी तरह की बकवासबाजी करने का आदी हो चुका है। अब तो यह व्यक्ति धर्म अध्यात्म संबंधी सकारात्मक बातें तो करता ही नहीं बल्कि सिर्फ जहर ही उगलता फिरता है।

पिछले दिनों वायरल हुए वीडियो में बुलंद शहर में सामने बैठी कुछ महिलाओं को संबोधित करते हुए उसने कहा कि अगर हिंदू महिलाओं ने ज्यादा बच्चे पैदा नहीं किए तो एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों का बलात्कार करेंगे और उन्हें बाजार में बेचेंगे। उस ने हिंदू समुदाय में मुसलमानों के प्रति खौफ पैदा करने के मकसद से उन महिलाओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चा पैदा करो, वरना एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग आपको मारकर आपके घरों पर कब्जा कर लेंगे।

उसने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को मंडियों में बेचेंगे और उनका बलात्कार करेंगे। उसने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को रखैल बनाकर रखेंगे। इसी संदर्भ में इसने महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान भी दिया है। नरसिंहानंद ने स्पष्ट रूप से कहा कि एक बेटा पैदा करने वाली हिंदू महिलाएं नागिन जैसी होती है। उस ने हिन्दू महिलाओं को परिवार बढ़ाने की नसीहत देते हुए उनमें भय पैदा करने के लहजे में कहा कि परिवार को बड़ा करो वरना दो-दो रुपए में बिकोगी। यह व्यक्ति पहले भी कई बार मुसलमानों को बलात्कारी बता चुका है साथ ही अनेक बार हिंदू महिलाओं के लिए भी अपमान. जनक व विवादित टिप्पणी कर चुका है। हालांकि यति नरसिंहानंद के खिलाफ कई बार कार्रवाई हो चुकी है। वह अपने विवादित बयानों की वजह से जेल और कोर्ट का चक्कर भी लगा चुका है। कुछ समय पूर्व ही इसी व्यक्ति ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और भारत को मुस्लिम, मदरसा और मस्जिदों से मुक्त कराने जैसी गैर संवैधानिक मांग भी की थी। गोया यह व्यक्ति हर वक्त देश में नफरत फैलाने वाले बयान देता रहता है। आश्चर्य यह भी है कि यह व्यक्ति कथित रूप से उस जूना अखाड़े से संबद्ध महामंडलेश्वर है जिससे एक से बढ़कर एक महान संत महात्मा व अध्यात्मवादी साधु जुड़े रहे हैं।

इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है, न कि उसके जन्म से। यह पंक्ति ईश्वर की सार्वभौमिकता और सभी के लिए समान प्रेम पर जोर देती है, जो किसी भी जाति या सामाजिक स्थिति से ऊपर है।

सवाल यह है कि क्या यति नरसिंहानंद या इन जैसे और अनेक संत वेशधारी लोग जो पूरे पूरे देश में घूम-घूम कर सरे आम अपनी जुबान से इसी तरह का जहर उगलते फिर रहे हैं यह संत कबीर की उक्त संतवाणी की श्रेणी में आते हैं? यदि नहीं तो इनके संतों की वेशभूषा धारण करने से समाज को सिवाय अपमान के और क्या हासिल है? कोई हिन्दू या किसी भी धर्म की महिला यदि एक बच्चा पैदा करती है तो यह उसके परिवार का निजी निर्णय या उसके आर्थिक व पारिवारिक हालात हो सकते हैं। किसी स्वयंभू संत को क्या अधिकार है कि वह एक बच्चा पैदा करने वाली किसी महिला की तुलना नागिन से करे? निश्चित रूप से ऐसे स्वयंभू संत चूंकि अपने किसी गुण

**इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है न कि उसके जन्म से।**

और ज्ञान से समाज का मार्गदर्शन नहीं कर सकते क्योंकि गुण ज्ञान तो इनके पास है ही नहीं? लिहा. जा नफरत फैलाकर विद्वेष की बातें कर मीडिया में सुर्खियां बंटोरकर अपनी दुकानदारी चलाते हैं। दूसरा सवाल यह कि बार-बार ऐसे ही आरोपों में जेल की हवा खाने के बावजूद इनकी बदजुबानियों पर लगाम न लगना भी यह सवाल खड़े करता है कि इन्हें संरक्षण कहां से मिल रहा है? इनकी जहरीली बयानबाजियों का राजनैतिक लाभ किसे मिल रहा है? आखिर ऐसे जहरीले लोग कहां से शह पाते हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक्स्ट्रा डीएनए का नतीजा मनुष्य का बड़ा दिमाग

यह तो बरसों से पता रहा है कि प्रोटीन बनाने वाले नए-नए जीन्स मौजूदा जीन्स में दोहराव या परिवर्तन की वजह से बन सकते हैं। लेकिन कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स डीएनए के ऐसे खंडों से भी बन सकते हैं जो पहले लक्ष्यहीन आरएनए बनाया करते थे। गौरतलब है कि जब डीएनए के किसी हिस्से से सम्बंधित प्रोटीन बनवाना होता है तो उसकी एक प्रतिलिपि आरएनए के रूप में बनती है जो केंद्रक से बाहर जाकर प्रोटीन निर्माण करवाती है। जब कोई डीएनए ऐसा आरएनए बनाए जिसका उपयोग प्रोटीन निर्माण में न हो सके तो वह फालतू ही हुआ ना? लेकिन इस तरीके से नए जीन्स बन जाएं, यह समझ से परे था। अब एक नए अध्ययन से पता चला है कि यह करिश्मा कैसे होता है कि डीएनए की फालतू शृंखला से बनने वाले आरएनए में ऐसी निपुणता पैदा हो जाती है कि वह केंद्रक से बाहर निकल जाता है।

आरएनए का केंद्रक से बाहर निकलना उसके द्वारा प्रोटीन संश्लेषण की दिशा में पहला कदम होता है। इस अध्ययन के शोधकर्ताओं ने ऐसे 74 मानव प्रोटीन-निर्माता जीन्स उजागर किए हैं जो मनुष्य के चिम्पैंजी से अलग होने के बाद अस्तित्व में आए हैं। इनमें से कुछ जीन्स ने हमें ज्यादा बड़े और जटिल मस्तिष्क प्रदान किए हैं। नेचर इकॉलॉजी एंड इवोल्यूशन पत्रिका में शोधकर्ताओं ने बताया है कि जब ए जीन्स चूहों वगैरह जैसे कृन्तक जीवों में जोड़े गए तो उनके मस्तिष्क अपेक्षाकृत बड़े और मानव-सदृश हो गए। देखा जाए तो जीन्स द्वारा बनाए गए आरएनए में से कुछ तो स्वयं कुछ नियामक भूमिका निभाते हैं। यह केंद्रक से बाहर नहीं जाते। दूसरी और प्रोटीन का संश्लेषण करवाने वाले आरएनए (संदेशवाहक आरएनए) केंद्रक से




निकलकर कोशिका द्रव्य में पहुंचते हैं और राइबोसोम की मदद से प्रोटीन का निर्माण करवाते हैं। मामले की शुरुआत पेकिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक चुआन-युन ली की इस खोज के साथ हुई थी कि मनुष्यों में कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स रीसस बंदरों में पाए जाने वाले गैर-प्रोटीन निर्माता डीएनए खंडों से बहुत मिलते-जुलते होते हैं। तो सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं। आगे खोजबीन के लिए ली के दल ने मनुष्य व चिम्पैंजी के ऐसे नवीन प्रोटीन-निर्माता जीन्स की तलाश की जो रीसस बंदरों में गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए के रूप में मौजूद थे। इसके अलावा उन्होंने U1 तत्व में वह उत्परिवर्तन भी खोज निकाला जो केंद्रक से बाहर निकलने के लिए जरूरी है। अंततः उन्हें 45 मानव जीन्स और 29 मानव तथा चिम्पैंजी के साझा जीन्स मिले जो इस शर्त को पूरा करते हैं। इतना होने के बाद उन्होंने इनमें से उन नौ जीन्स पर ध्यान केंद्रित किया जो मानव मस्तिष्क में सक्रिय होते हैं। वे देखना चाहते थे कि ए जीन्स क्या भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इन जीन्स सहित और इनसे रहित कृत्रिम मस्तिष्क ऊतक विकसित किए। इसके आधार पर उन्होंने दो जीन्स पहचाने हैं जो मस्तिष्क को सामान्य से थोड़ा बड़ा बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने इनमें से एक जीन को चूहों में भी डालकर देखा और पाया कि उन चूहों का दिमाग सामान्य चूहों की अपेक्षा बड़ा हो गया। और तो और, उनमें कॉर्टेक्स भी बड़ा बना जो तर्क व भाषा के लिए जिम्मेदार होता है। एक अन्य जीन का भी ऐसा ही असर रहा और इस जीन से लैस चूहों का याददाश्त के परीक्षण में प्रदर्शन बेहतर रहा। शोधकर्ताओं का कहना है कि मानव मस्तिष्क के विकास में कुछ सर्वथा नए जीन्स की भूमिका रही है जो प्रोटीन-निर्माता जीन्स में उत्परिवर्तनों से नहीं बल्कि गैर-प्रोटीन जीन्स के कारण बने हैं। इस ताजा खोज से नए जीन्स बनने की क्रियाविधि समझने में मदद मिलेगी।

...स्रोत फीचर्स

सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं।

# एआईः अवसरों और चुनौतियों का नया युग


रजनीश कपूर

आज का युग तकनीकी नवाचारों का युग है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्धएआईऋ इस परिवर्तन का केंद्र बिंदु बन चुकी है। एआई ने विभिन्न उद्योगों में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं जिससे दक्षता, नवाचार और विकास की नई संभावनाएं सामने आई हैं। स्वास्थ्य सेवा से लेकर वित्त, शिक्षा, परिवहन और मनोरंजन तक, एआई ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन इस तकनीकी क्रांति के साथ एक गंभीर चुनौती भी उभर कर सामने आई है, रोजगार का नुकसान। जैसे-जैसे मशीनें और एल्गोरिदम मानव द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने कब्जे में ले रहे हैं, लाखों कर्मचारी खुद को बेरोजगार और नई आर्थिक परिस्थितियों में अनुकूलन के लिए संघर्ष करते हुए पा रहे हैं। फिर भी, यह चुनौती एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। हमें अपने कार्य और रोजगार के दृष्टिकोण को पुनर्विचार करने का मौका देती है।

एआई ने उद्योगों को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी और सटीकता के साथ कार्य करने में सक्षम बनाया है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य सेवा में, एआई-संचालित उपकरण रोगों का शीघ्र निदान कर रहे हैं और व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में, स्वचालित मशीनें और रोबोट उत्पादन प्रक्रियाओं को तेज और लागत प्रभावी बना रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में, एआई धोखाधड़ी का पता लगाने और निवेश रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है। यहां तक कि रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन,



कला और संगीत में भी, एआई नए रास्ते खोल रहा है। ए प्रगतियां न केवल उत्पादकता बढ़ा रही हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और अनुभव भी प्रदान कर रही हैं।

हालांकि, इन फायदों के साथ एक कड़वी सच्चाई भी जुड़ी है। एआई और स्वचालन ने कई पारंपरिक नौकरियों को अप्रचलित कर दिया है। डेटा प्रविष्टि, विनिर्माण, ग्राहक सेवा और यहां तक कि कुछ विश्लेषणात्मक कार्य अब मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, अगले कुछ दशकों में विश्व स्तर पर लाखों नौकरियां स्वचालन के कारण खत्म हो सकती हैं। भारत जैसे देश में, जहां बड़ी आबादी कार्यबल में शामिल है, यह चुनौती और भी गंभीर है। विशेष रूप से, निम्न-कौशल और मध्यम-कौशल वाली नौकरियां सबसे अधिक जोखिम में हैं। ड्राइवर, फैक्ट्री वर्कर और कॉल सेंटर कर्मचारी जैसे पेशे अब तेजी से मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे हैं।

एआई के कारण होने वाला रोजगार नुकसान केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है। बेरोजगारी न केवल व्यक्तियों की आय को प्रभावित करती है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति को भी ठेस पहुंचाती है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां पहले से ही बेरोजगारी और अंडरएंप्लॉयमेंट की समस्या है, एआई-प्रेरित नौकरी हानि स्थिति को और जटिल बना सकती है। इसके अलावा, नई तकनीकों को अपनाने की गति और कौशल की कमी के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। कई श्रमिकों के पास नई तकनीकों को सीखने के लिए आवश्यक संसाधन या अवसर नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे आर्थिक मुख्यधारा से बाहर हो रहे हैं। इस संकट का सामना करने के लिए, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन सबसे प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर सामने आए हैं। पुनः कौशल विकास का अर्थ है श्रमिकों को पूरी तरह से नए कौशल सिखाना, जो उन्हें बदलते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बनाए रखे। दूसरी ओर, कौशल उन्नयन मौजूदा कौशलों को और उन्नत करने पर केंद्रित है ताकि श्रमिक अपनी वर्तमान भूमिकाओं में अधिक प्रभावी हो सकें। उदाहरण के लिए, एक फैक्ट्री कर्मचारी को रोबोटिक्स या डेटा विश्लेषण में प्रशिक्षित किया जा सकता है, जबकि एक ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को एआई-संचालित चैटबॉट्स के प्रबंधन में प्रशिक्षण दिया जा सकता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र को एकजुट होकर काम करना होगा। सरकार को नीतियां बनानी होंगी जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुलभ और सस्ता बनाएं। भारत में, श्स्किल इंडियाश जैसे कार्यक्रम पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन इनकी पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए, जहां अधिकांश निम्न-कौशल श्रमिक रहते हैं। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। स्कूलों और कॉलेजों को अपने पाठ्यक्रमों को अद्यतन करना होगा ताकि वे डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और अन्य उभरते क्षेत्रों पर ध्यान दें। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षण मंचों और मूक जैसे संसाधनों को बढ़ावा देना होगा ताकि लोग घर बैठे नई तकनीकों को सीख सकें। निजी क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कंपनियों को अपने कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। कई वैश्विक कंपनियां, जैसे कि गूगल और माइक्रोसॉफ्ट, पहले से ही अपने कर्मचारियों को एआई और डिजिटल कौशल सिखाने के लिए निवेश कर रही हैं। भारतीय कंपनियों को भी इस दिशा में कदम उठाने होंगे। इसके अलावा, स्टार्टअप और छोटी कंपनियां, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, को भी अपने कर्मचारियों के कौशल विकास में योगदान देना चाहिए।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक दोधारी तलवार है, यह अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है, लेकिन साथ ही गंभीर चुनौतियां भी लाती है। रोजगार का नुकसान एक ऐसी चुनौती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से, हम इस संकट को एक अवसर में बदल सकते हैं। भारत, जिसके पास दुनिया की सबसे अधिक युवा कार्यबल आबादी है, इस बदलाव का नेतृत्व कर सकता है। बशर्ते सरकार, शैक्षणिक संस्थानों और निजी क्षेत्र इसके लिए संयुक्त प्रयास करें। भारत एक ऐसी कार्यबल तैयार कर सकता है, जो न केवल एआई-प्रधान दुनिया में प्रासंगिक रहे, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाए। समयकी मांग है कि हम इस चुनौती को स्वीकार करें और एक समावेशी, कौशल-प्रधान भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प ने फिर रट लगाई, भारत-पाक युद्ध रुकवाने की

## कहाः दुनिया में 7 जंग रोकने की जिम्मेदारी यूएन की थी, लेकिन यह काम मुझे करना पड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा किया। उन्होंने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने 56 मिनट के भाषण के दौरान यह बात कही, जबकि उनके बोलने के लिए 15 मिनट तय थे। यूएनजीए को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहाः दुनिया में जारी 7 जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की थी, लेकिन मैंने ये सभी जंग खत्म कराई।

ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों, अमेरिका के आर्थिक हालात, रूस-यूक्रेन जंग, इजरा. इल-हमास जंग, कार्बन फुट प्रिंट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। ट्रम्प के भाषण की शुरुआत में टेलिप्राम्प्टर खराब हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इस तरह आप दिल से बात कर पाते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबो. धित किया। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति रहते आखिरी बार 2020 में यूएन को संबोधित किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड 25 सितम्बर 2018 को ट्रम्प संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भाषण दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि



अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबोधित किया

2 साल से भी कम समय में उन्होंने बाकी सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों से ज्यादा काम किया है। ट्रम्प की बात सुनकर सभा में मौजूद दुनियाभर के नेता हंसने लगे। ट्रम्प ने न्यूजीलैंड की तत्कालीन पीएम जैसिंडा अर्डन को देखकर कहाः मुझे ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी। कोई बात नहीं। अब 7 साल बाद ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार यूएन को संबोधित किया। लेकिन इस बार हालात पूरी तरह से बदले नजर आए। भाषण शुरू होने से पहले ही उनका टेलीप्राम्प्टर खराब हो गया है। इस पर ट्रम्प ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहाः टेलीप्राम्प्टर खराब है तो क्या, इससे दिल से बोलने का मौका मिलता है। लेकिन जो इसे चला रहा है, वो मुश्किल में है।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने मैक्रों, किंग अब्दुल्ला और रेसेप तईप एर्दोआन से की मुलाकात



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संक्षिप्त बातचीत की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने कल घोषणा की थी कि फ्रांस फलस्तीन राज्य को मान्यता दे रहा है तथा दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच अधिक. ांश बातचीत गाजा में संकट का समाधान ढूंढने पर केंद्रित रही। इस संबंध में ट्रम्प ने संवाददाताओं को बताया कि आज क्षेत्र के नेताओं के साथ उनकी बैठक है और उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्द ही कोई परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। मैक्रों के साथ यह बैठक ट्रम्प के इस सुझाव के तुरंत बाद हुई कि यूक्रेन रूस के खिलाफ लड़ाई में अपना सारा क्षेत्र वापस जीत सकता है। मैक्रों के अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन से भी मुलाकात की।

### भारत हमारी तरफ है यूएनजीए में जेलेंस्की का अहम बयान

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत को लेकर एक अहम बयान दिया है। एक अमेरिकी मीडिया समूह को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 'भारत अधिकतर हमारी तरफ ही है'। जेलेंस्की का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति के संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में किए गए उन दावों के बिल्कुल उलट माना जा रहा है, जिसके तहत ट्रम्प ने आरोप लगाया था कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध का मुख्य वित्तपोषक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह माना कि भारत-रूस के ऊर्जा सौदों के कारण कुछ जटिलताएं आई हैं, लेकिन उन्होंने आशा जताई कि भारत रूसी ऊर्जा सेक्टर के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव करेगा।

## घातक तूफान रागासा की चपेट में ताइवान, 17 लोग मरे



चीन में 20 लाख लोग विस्थापित

**नई दिल्ली/हांगकांग।** शक्तिशाली तूफान, रागासा से ताइवान में 17 लोगों की मौत हो गई है और 18 अन्य घायल हो हुए हैं। ताइवान में कहर बरपाने के बाद रागासा तूफान दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले तटों में से एक की ओर बढ़ रहा है जिसे देखते हुए अब तक दक्षिणी चीन में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इस वर्ष के सबसे शक्तिशाली तूफान रागासा ने बुधवार को वित्तीय केंद्र हांगकांग और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्सों को ठप कर दिया। यह तूफान फिलीपींस के सुदूर द्वीपों और ताइवान के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरा, जहां इसने भूस्खलन, बाढ़ और ऊंची लहरों के साथ भारी तबाही मचाई। अब यह चीन के ग्वांगडोंग प्रांत की ओर बढ़ रहा है, जहां शेनझेन और ग्वांगझोउ जैसे विशाल शहर स्थित हैं। ताइवान में इसकी चपेट में आकर कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है और बुधवार दोपहर तक 18 अन्य लोग लापता हैं। यह तबाही एक प्राकृतिक झील के टूटने के बाद आई जो भूस्खलन के मलबे से बनी थी और इसमें काफी मात्रा में पानी जमा था। इसके टूटने से लगभग सत्तर लाख टन पानी निचले क्षेत्रों में प्रवाहित हो गया जिसने पास के ग्वांगफू टाउनशिप में बाढ़ ला दी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहिंग्या विद्रोहियों को उकसाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** अराकान आर्मी (एए) के कमांडर-इन-चीफ मेजर जनरल तुन म्यात नाइंग ने बांग्लादेश सीमा सुरक्षा बल के कुछ अधिकारियों पर रोहिंग्या विद्रोही समूहों, अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी और रोहिंग्या सॉलिडैरिटी ऑर्गनाइजेशन (आरएसओ), को एए के ठिकानों पर हमले के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया है। मेजर जनरल ने 'द इरावाडी' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में खुलासा किया कि 18 सितम्बर की रात उत्तरी रखाइन राज्य के माउंगडॉ टाउनशिप में एए के बेस पर एआरएसए और आरएसओ के लड़ाकों ने समन्वित हमला किया।

### रूसी भाषियों के उत्पीड़न का विरोध

**मॉस्को।** रूसी उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिस्की ने कहा है कि बाल्टिक देशों में रूसी भाषियों पर अत्याचार पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। ल्यूबिस्की ने कहा कि मैं बाल्टिक देशों में रूसी भाषी लोगों पर बढ़ते हुए कठोर उत्पीड़न का उल्लेख करना चाहूंगा जो पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। बेलारूस के विदेश मंत्री मैक्सिम रायजेनकोव ने इस वर्ष की शुरुआत में कहा था कि बाल्टिक देशों को किसी भी महत्वपूर्ण, शांतिपूर्ण या विकासोन्मुख अंतर्राष्ट्रीय पहल को लागू करने में कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं हुई है।

### रूस ने 70 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने मंगलवार रात पांच रूसी क्षेत्रों और काला सागर में 70 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया पिछली रात बेलगोरोड, कुर्स्क, रोस्तोव, वोल्गोग्राड क्षेत्रों, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 70 यूक्रेनी मानवरहित ड्रोन प्रणालियों को नष्ट करते हुए उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

### ओस्लो में विस्फोट के बाद अलर्ट जारी

**ओस्लो।** नॉर्वे पुलिस ने ओस्लो में एक विस्फोट की खबर के बाद मंगलवार शाम आपातकालीन अलर्ट जारी किया, जिसमें क्षेत्र के निवा. सियों से खिड़कियों से दूर रहने और घटनास्थल पर न जाने का आग्रह किया गया। यह घटना पहली बार स्थानीय समयानुसार लगभग 20:43 बजे मध्य ओस्लो के बिस्लेट के पास रिपोर्ट की गई। नॉर्वेजियन प्रसारक एनआरके के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने एक बड़ा धमाका सुनने की बात की।

# रूसी प्लेन NATO देशों से गुजरें, तो मार गिराएंः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस को कागजी शेर बताया, रूस बोलाः हम शेर नहीं खतरनाक भालू हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर रूसी विमान, छ।ज्० देशों के एयरस्पेस में घुसते हैं तो उन्हें मार गिराया जाए। उन्होंने रूस को कागजी शेर बताया। ट्रम्प ने कहा कि रूस पिछले साढ़े तीन साल से युद्ध में फंसा हुआ है, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सका। उनके मुताबिक, अगर रूस असली सैन्य ताकत होता तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था।

उन्होंने भरोसा जताया कि यूक्रेन रूस से सारा कब्जा किया इलाका वापस ले सकता है। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने ट्रम्प के बयान को खारिज करते हुए कहाः रूस अपनी आर्थिक स्थिरता बनाए हुए है। कुछ सेक्टर में समस्याएं हैं, लेकिन रूस कोई शेर नहीं, बल्कि एक खतरनाक भालू है, और श्पेपर भालूश जैसी कोई चीज नहीं होती। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में दिए अपने भाषण में यूरोपीय देशों से अपील की कि वे रूस से तेल-गैस खरीदना पूरी तरह बंद करें। उन्होंने



अगर रूस असली सैन्य ताकत होता, तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था

कहा कि नाटो देश खुद ही युद्ध को फंड कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप और नाटो के सहयोग से यूक्रेन युद्ध से पहले वाली सीमाएं वापस पा सकता है, क्योंकि रूस की अर्थव्यवस्था दबाव में है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की ने भी सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका से रूस पर और दबाव डालने की मांग की। ट्रम्प के जमीन वापस लेने के बयान को गेम चेंजर भी कहा। पहले ट्रम्प कई बार कह चुके थे कि युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन को कुछ जमीन छोड़नी पड़ सकती है। मंगलवार देर रात फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा है कि उन्हें ट्रम्प के यूक्रेन पर अचानक बदले रुख से हैरानी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का यह रुख युद्ध खत्म करने में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे समझ आता है कि अमेरिका युद्ध खत्म होने के बाद भी यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने को तैयार है। हालांकि, जेलेंस्की ने माना कि अभी ऐसी कोई ठोस डिटेल नहीं है। लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में और ज्यादा हथियार, एयर डिफेंस सिस्टम और ड्रोन मिलने की संभावना है। जेलेंस्की ने इंटरव्यू में कहा कि अब उनके और ट्रम्प के बीच ज्यादा बातचीत और मुलाकातें हो रही हैं, जिससे रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि पुतिन ने बार-बार ट्रम्प से झूठ बोला, यही वजह है कि अब हमारे (ट्रम्प और जेलेंस्की) रिश्ते बेहतर हुए हैं।

# एच-1बी वीजा लॉटरी सिस्टम को खत्म करने जा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने एच-1बी वीजा चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। इसके तहत अमेरिका में एच-1बी वीजा पाने के नियम बदल सकते हैं।

अभी तक यह वीजा लाटरी सिस्टम के जरिए मिलता है, लेकिन नई योजना के मुताबिक अब ज्यादा वेतन वाली नौकरियों को प्राथमिकता दी जाएगी। मतलब अगर किसी साल आवे. दन 85000 की तय सीमा से ज्यादा आते हैं, तो उन लोगों के चुने जाने की संभावना ज्यादा होगी, जिनकी नौकरी में वेतन ऊंचा है। नए नियम के तहत सभी उम्मीदवारों को लेबर डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के आधार पर चार सैलरी कैटेगरी में रखा जाएगा। सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले, जिन्हें लगभग 162500 डालर (करीब 1.44 करोड़ रुपये) सालाना वेतन मिलता है, वे

■ **अब मोटी सैलरी से चयन, करीब 1.44 करोड़ के पैकेज वाले को चार मौके मिलेंगे**

लाटरी में चार बार शामिल होंगे। सबसे कम सैलरी वाले सिर्फ एक बार शामिल होंगे। इसका मकसद है कि हाई स्किल्ड और हाई सैलरी वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले। हाई सैलरी सिस्टम के आधार पर वीजा देने का प्रस्ताव फेडरल रजिस्टर में जारी हो चुका है। इस पर 30 दिन तक जनता की राय ली जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद व्यवस्था अगले वीजा साइकिल (अप्रैल 2026) से लागू हो सकती है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने 22 सितम्बर से नए एच-1बी आवे. दन पर 100,000 डालर (करीब 88 लाख रुपये) फीस कर दी। पहले यह 6 लाख रुपये के करीब लगती थी।

### संयुक्त राष्ट्र में गूंजा 'ओम शांति, शांति ओम'

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने सुबियांता दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की। अपने 19 मिनट के संबोधन के अंत में उन्होंने संस्कृत मंत्र 'ओम शांति, शांति, शांति ओम' का उच्चारण कर पूरी दुनिया को सौहार्द्र और एकजुटता का संदेश दिया। अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति सुबियांतो ने गाजा और फलस्तीन में जारी हिंसा और मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने घोषणा की कि इंडोनेशिया शांति स्थापना में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया 20000 या उससे भी अधिक सैनिकों को गाजा और फलस्तीन में शांति स्थापित करने के लिए भेजने को तैयार है।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर बम हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर बम हमले में करीब 12 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, यह हमला उस समय हुआ जब क्वेटा जा रही ट्रेन मस्तुंग जिले के स्पिजेंड इलाके से गुजर रही थी। ट्रेन में करीब 270 यात्री सवार थे। हमले में ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं और एक बोगी पलट गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस इलाके में 10 घंटे के अंदर ये दूसरा धमाका था। मंगलवार सुबह इससे पहले एक और बम धमाका रेलवे ट्रैक के पास हुआ था। उस समय पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस क्वेटा स्टेशन से निकली थी। धमाके के बाद ट्रेन को कुछ देर रोका गया, लेकिन सुरक्षा बलों ने ट्रैक साफ कर ट्रेन को आगे बढ़ने दिया था। लोकल पुलिस ने पुष्टि की कि दूसरा

■ **छह बोगियां पटरी से उतरीं, 12 लोग घायल, 10 घंटे में दूसरा धमाका**

धमाका ट्रैक पर लगाए गए एक प्ग्व (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की वजह से हुआ। पाकिस्तान रेलवे के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पलटी हुई बोगी में पांच यात्री घायल हुए, जबकि बाकी लोग पास की बोगियों के पटरी से उतरने से चोटिल हुए। रेस्क्यू टीमें और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में एडमिट किया। रेलवे अधिका. रियों ने कहा कि अगर ट्रेन पूरी रफ्तार से चल रही होती, तो यह हादसा और बड़ा हो सकता था। अभी तक किसी विद्रोही संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। जाफर एक्सप्रेस को इस साल मार्च में भी बलूच लड़ाकों ने निशाना बनाया था।



**पटना। विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व पार्टी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ।**

### जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के आसपास बिजली गुल होने से सुरक्षा को खतरा

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने कहा है कि ज़ापोरीज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास मंगलवार को बिजली गुल हो गई जिससे परमाणु सुरक्षा के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के दौरान बिजली की यह 10वीं कटौती है। एजेंसी ने कहा कि उसकी टीम घटना के कारणों की जांच कर रही है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने जापोरिज्जिया में अपनी टीम का हवाला देते हुए कहा कि संयंत्र में बिजली की आपूर्ति के लिए आपातकालीन डीजल जनरेटरों ने काम करना शुरू कर दिया है।

## फिनलैंड के राष्ट्रपति बोलेः भारत उभरती हुई ताकत

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि भारत उभरती हुई महाशक्ति है। उसे रूस और चीन की तरह नहीं माना जा सकता। स्टब ने हेलसिंकी सिक्योरिटी फोरम 2025 की बैठक में पश्चिमी देशों को दिल्ली के साथ और गहरे संबंध बनाने के लिए कहा।

स्टब ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने में भारत की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। फोरम 2025 में बोलते हुए स्टब ने कहा मैंने पीएम मोदी से यूक्रेन के हालात पर बात की है। भारत का इसमें भू-राजनैतिक हित है, इसलिए हमें उन्हें शांति प्रयासों में शामिल करना होगा। स्टब ने कहा है कि यूक्रेन में शांति प्रक्रिया की शुरुआत युद्धविराम से होनी चाहिए। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति

■ **भारत को चीन-रूस जैसा न मानें, पश्चिमी देश दिल्ली से मजबूत रिश्ते बनाएंः अलेक्जेंडर स्टब**

व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की औपचारिक तारीख तय होनी चाहिए। स्टब ने कहा कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध जारी रखना चाहिए और साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ानी होगी। स्टब को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। मार्च में फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसार्ट में सात घंटे लंबे गोल्फ राउंड के दौरान उनकी दोस्ती और गहरी हुई थी। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, स्टब उन चुनिंदा यूरोपीय नेताओं में हैं जिनकी राय ट्रम्प पर असर डाल सकती है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि छोटे देशों में स्टब की बराबरी का कोई भी नेता नहीं है। उनकी ट्रम्प तक बहुत अच्छी पहुंच है।

# तुर्की के राष्ट्रपति ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

## कहाः भारत-पाक सुरक्षा परिषद की मदद लें, 2019 से छह बार जिक्र कर चुके

**वाशिंगटन।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने मंगलवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की। एर्दोगन ने कहा कि हमें खुशी है कि अप्रैल में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद सीजफायर हुआ। कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए। भारत पहले भी ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर चुका



■ **कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए**

है। भारत का कहना है कि जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है।

एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) यूएन में कश्मीर का जिक्र करते रहे हैं, जिसमें वे पाकिस्तान के तरफ अपना समर्थन दिखाते हैं। एर्दोगन ने भारत-पाक संघर्ष के बाद 17 मई, 2025 को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी। उन्होंने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। एर्दोगन ने कहा था कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। उन्होंने भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। एर्दोगन ने कहा था कि अगर दोनों देश तैयार हो तो वो कश्मीर मामले में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं, हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते। वही, इस्तांबुल में 24 मई, 2025 को शहबाज शरीफ ने एर्दोगन से मुलाकात की थी।

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खुफिया जानक. ारी, टेक्नोलाजिकल सपोर्ट, एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग देने का बाद कही थी। एर्दोगन की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

## विकासशील देशों के समक्ष बड़ी चुनौतियांः जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस स्थिति में विकासशील देशों को विशेष रूप से अपने अधिक. ारों और अपेक्षाओं को पूरा करने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। डा. जयशंकर ने बहुपक्षवाद की अवधारणा को खतरे में बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठन अप्रभावी हो रहे हैं या संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं और समकालीन व्यवस्था की आधारशिलाएं बिखरने लगी हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में अत्यंत आवश्यक सुधारों में देरी का परिणाम सबके सामने है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र में हिस्सा लेने न्यूयार्क गए डॉ. सिंह ने समान विचारधारा वाले ग्लोबल साउथ देशों की उच्च स्तरीय बैठक में भारत का दृष्टिकोण रखा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि डॉ. सिंह ने मौजूदा वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए बड़ी चुनौती है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108